वर्ष 10 अंक 333
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, बुधवार
10 सितंबर 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर



nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं.-DL(S)-17/3531/2018-20

03 करिश्मा कपूर के बच्चे दिवंगत पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी के... | 06 विदिशा में पुस्तक मेला : डॉ. सुरेश गर्ग | 11 मैदान पर आक्रामकता के बिना काम नहीं चल सकता : सूर्यकुमार

ACE the Market Swing with SMC App
Download Mobile App
GET IT ON Google Play
Download on the App Store
smc moneywise. be wise.
Disclaimer: Investment in securities market are subject to market risks. Read all the related documents carefully before investing.

सफलता रातोंरात नहीं मिलती, उसके लिए कड़ी मेहनत, लगन और धैर्य की आवश्यकता होती है
Saurabh Shivhare

RERA REGISTRATION NO.: RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024
WWW.HARYANARERA.GOV.IN
SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR
SECTOR 71, GURUGRAM
3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS
SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121

## सी.पी. राधाकृष्णन उप राष्ट्रपति निर्वाचित रेड्डी को 152 मतों के भारी अंतर से हराया

**नयी दिल्ली,** (भाषा) उप राष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन ने विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 152 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए।

राज्यसभा के महासचिव और निर्वाचन अधिकारी पी सी मोदी ने नतीजों की घोषणा की और कहा कि कुल 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने बताया कि इस मतदान में निर्वाचक मंडल के कुल 781 सदस्यों में से 767 (एक डाक मतपत्र समेत) ने मतदान किया था, जिसमें 15 वोट अवैध करार दिए गए। पी सी मोदी ने कहा, 'मैं सी.पी. राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद के लिए निर्वाचित घोषित करता हूं। परिणाम के बारे में निर्वाचन आयोग को सूचित किया जाएगा।'

उप राष्ट्रपति के चुनाव में मतदान मंगलवार सुबह 10 बजे शुरू होकर शाम 5 बजे समाप्त हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी



अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई प्रमुख नेताओं ने मतदान किया। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य इस चुनाव में हिस्सा लेते हैं तथा इसमें व्हिप जारी नहीं होता है।

उप राष्ट्रपति के चुनाव के लिए, निर्वाचक मंडल में राज्यसभा के 233 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में पांच सीटें रिक्त हैं) एवं 12 मनोनीत सदस्य तथा लोकसभा के 543 निर्वाचित सदस्य (वर्तमान में एक सीट रिक्त है) शामिल थे। निर्वाचक मंडल में कुल 788 सदस्य (वर्तमान में 781) हैं। बीजू जनता दल (बीजद), भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) ने चुनाव से दूर रहने का फैसला किया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले मतदान किया। मोदी ने केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू, अर्जुन राम मेघवाल, जितेंद्र सिंह और एल. मुरुगन के साथ संसद भवन के कमरा संख्या 101, वसुधा में स्थापित मतदान केंद्र में अपना वोट डाला। मोदी ने बाढ़ प्रभावित हिमाचल प्रदेश और पंजाब के दौरे पर जाने से पहले, 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''2025 के उप राष्ट्रपति चुनाव में मतदान किया।'' शुरुआत में मतदान करने वालों में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह,

**सी.पी. राधाकृष्णन को 452 तथा बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए**

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, पूर्व प्रधानमंत्री एच.डी. देवेगौड़ा, समाजवादी पार्टी के नेता राम गोपाल यादव, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश और सैयद नासिर हुसैन शामिल थे। पूर्व प्रधानमंत्री, 92 वर्षीय देवेगौड़ा व्हीलचेयर पर मतदान केंद्र पहुंचे। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे हाथों में हाथ डाले मतदान केंद्र तक जाते देखे गए।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाद्रा, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी और कई अन्य नेताओं ने भी मतदान किया। जेल में बंद सांसद इंजीनियर रशीद ने भी मतदान में हिस्सा लिया।

## राधाकृष्णन का अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा: राष्ट्रपति मुर्मू

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को सी.पी.



राधाकृष्णन को भारत का उपराष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी और कहा कि सार्वजनिक जीवन में उनका (राधाकृष्णन का) समृद्ध अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी से गहराई से जुड़े राधाकृष्णन मंगलवार को देश के 15वें उपराष्ट्रपति चुने गए। उनके पास समृद्ध राजनीतिक और प्रशासनिक अनुभव है, जो राज्यसभा के पदेन सभापति के रूप में उनकी भूमिका में उपयोगी साबित होगा। मुर्मू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''श्री सी. पी. राधाकृष्णन को भारत के उपराष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई! सार्वजनिक जीवन में आपके दशकों के समृद्ध अनुभव राष्ट्र की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। मैं आपको एक सफल और प्रभावशाली कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ देता हूं।''

## उम्मीद है कि राधाकृष्णन सत्तारूढ़ दल के दबाव के सामने नहीं झुकेंगे : खरगे

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर सी.पी. राधाकृष्णन को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वह संसदीय परंपराओं के सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखेंगे, विपक्ष के लिए समान स्थान और सम्मान सुनिश्चित करेंगे तथा सत्तारूढ़ दल के दबाव के सामने नहीं झुकेंगे।



उपराष्ट्रपति पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन विजयी घोषित किए गए। राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 तथा विपक्ष के प्रत्याशी बी. सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट हासिल हुए।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उपराष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने पर सी.पी. राधाकृष्णन को शुभकामनाएं। हम विपक्ष के संयुक्त उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी के प्रति उनके उत्साह और सिद्धांत के साथ किए गए संघर्ष के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह एक चुनाव से कहीं बढ़कर था। यह विचारधारा की लड़ाई थी, जिसने इस बात की पुष्टि की है कि हमारे संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सत्तावादी प्रवृत्तियों वाली सरकारों पर अंकुश लगाया जाना चाहिए।''

कांग्रेस अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति संसदीय परंपराओं के सर्वोच्च मूल्यों को बनाए रखेंगे, विपक्ष के लिए समान स्थान और सम्मान सुनिश्चित करेंगे और सत्ताधारी दल के दबाव में नहीं झुकेंगे।

उन्होंने कहा, ''वरीयता क्रम में दूसरे सर्वोच्च संवैधानिक पद, उपराष्ट्रपति (के पद) को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में स्वतंत्रता, निष्पक्षता और शक्ति को प्रतिबिंबित करने के लिए पुनर्जीवित किया जाना चाहिए।''

## प्रधानमंत्री ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता का एलान किया

**चंडीगढ़,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाढ़ प्रभावित पंजाब के लिए 1,600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की मंगलवार को घोषणा की।

प्रधानमंत्री ने बाढ़ प्रभावित पंजाब में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

मोदी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया, जो 1988 के बाद से सबसे भीषण बाढ़ से जूझ रहा है। पंजाब और उसके पड़ोसी हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करने के लिए एक दिवसीय दौरे पर आए मोदी हवाई सर्वेक्षण करने के बाद राज्य के सबसे बुरी तरह प्रभावित जिलों में से एक गुरदासपुर पहुंचे।

इससे पहले, प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया और राज्य में बाढ़ और भूस्खलन की स्थिति



का जायजा लिया।

गुरदासपुर में, मोदी ने बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ-साथ राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति की समीक्षा के लिए गुरदासपुर में एक आधिकारिक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी मौजूद थे।

बाढ़ और भूस्खलन के बाद स्थिति की समीक्षा के लिए दिल्ली से हिमाचल प्रदेश और पंजाब के लिए रवाना होते समय प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''भारत सरकार आपदा की इस घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।'' पंजाब में विनाशकारी बाढ़ के कारण मरने वालों की संख्या 51 हो गई है, जबकि 1.84 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं।

## सरकार विरोधी प्रदर्शनों को लेकर प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफे के बाद नेपाल में राजनीतिक संकट गहराया

**काठमांडू,** (भाषा) नेपाल में सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शनों के दौरान मंगलवार को कई शीर्ष नेताओं के घरों पर हमला किये जाने और प्रधानमंत्री के. पी. शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद देश में राजनीतिक संकट गहरा गया है।

प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई में 19 लोगों की मौत होने के एक दिन बाद, कई शीर्ष नेताओं के घरों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों पर हमला किया गया और यहां तक कि संसद भवन में भी तोड़फोड़ की गई।

छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के प्रति अकर्मण्यता सहित कई मुद्दों को लेकर ओली सरकार के खिलाफ आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कर्फ्यू और सुरक्षा बलों की भारी तैनाती का उल्लंघन करते हुए आगजनी की तथा विभिन्न प्रमुख इमारतों और प्रतिष्ठानों पर धावा बोला। ओली के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले, प्रदर्शनकारियों ने बालकोट में उनके निजी आवास में आग लगा दी तथा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड', संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग, पूर्व गृह मंत्री रमेश लेखक और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के आवासीय परिसरों पर हमला किया।

सोशल मीडिया मंचों पर सरकार के प्रतिबंध के खिलाफ सोमवार को शुरू हुए विरोध प्रदर्शन ने मंगलवार को जोर पकड़ लिया तथा प्रदर्शनकारियों ने देश के सभी प्रमुख शहरों और कस्बों में सरकार विरोधी मार्च निकाले।

विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय




हवाई अड्डे पर उड़ान सेवाएं आंशिक रूप से निलंबित कर दी गई हैं।

हालात तेजी से बिगड़ने पर, नेपाली सेना और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के शीर्ष अधिकारियों ने एक संयुक्त अपील जारी कर संयम बरतने और बातचीत के जरिए संकट का समाधान निकालने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''चूंकि राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री (ओली) का इस्तीफा पहले ही स्वीकार कर लिया गया है, इसलिए हम सभी से संयम बरतने और इस कठिन परिस्थिति में जान-माल को और नुकसान न होने देने की अपील करते हैं।'' उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, ''बातचीत के माध्यम से शांतिपूर्ण समाधान ही व्यवस्था और स्थिरता बहाल करने का एकमात्र तरीका है।'' बयान पर नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगदेल, मुख्य सचिव नारायण आर्यल, गृह सचिव गोकर्ण दावडी, सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ) के प्रमुख राजू आर्यल, पुलिस महानिरीक्षक चंद्र कुबेर खापुंग और राष्ट्रीय जांच विभाग के प्रमुख हुतराज थापा ने हस्ताक्षर किये हैं।

इस बीच, नेपाली सेना ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने और राष्ट्रीय एकता बनाए रखने का आग्रह किया तथा देश की स्वतंत्रता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने का संकल्प लिया। सेना ने एक बयान में कहा, ''हम 'जेन ज़ी' के आंदोलन के नवीनतम घटनाक्रम का विश्लेषण कर रहे हैं।'' बयान में कहा गया है, ''नेपाली सेना हमेशा नेपाल के लोगों के हितों और सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और नवीनतम घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए, हम लोगों के जान-माल की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं।''

## सीएसआईआर-एनएमएल के तकनिकी से ई-यंत्रम रिसाइक्लिंग प्लांट का उद्घाटन









### प्रधानमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय सूद ने विशाखापट्टनम में किया उद्घाटन

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

आज दिनांक 9.9.2025 को ई-यंत्रम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड प्लांट का उद्घाटन AMTZ कैम्पस, विशाखापत्तनम में हुआ। इस प्लान्ट का उद्घाटन पद्मश्री प्रोफेसर अजय कुमार सूद ने किया। प्रो० सुद भारत सरकार में प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार हैं। डॉ. जितेंद्र शर्मा (एमडी & सीईओ AMTZ) भी इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित थे।

ज्ञात हो कि मार्च 2025 में सीएसआईआर-एनएमएल, जमशेदपूर एवं ई-यंत्रम वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के बीच तकनिकी ट्रान्सफर हेतु एमओयू (MoU) करार हुआ था। करार के दौरान सीएसआईआर-एनएमएल के तरफ से डॉ. मनीष कुमार झा, परियोजना प्रमुख, डॉ. संदीप घोष चौधुरी, निदेशक, डॉ. शितल कुमार पाल, व्यापार प्रमुख एवं टीम के सदस्य उपस्थित थे। रिसाइक्लिंग कम्पनी के तरफ से श्री आशीष लोहिया एवं विष्णु लोहिया उपस्थित थे। दोनों कम्पनी के निदेशक है।

एक विकसित राष्ट्र बनने के लिएधातु उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरताबहुत आवश्यक है। आज के बदलते वैश्विक परिदृश्य में, जब चीन रेयर और रेयर अर्थ मेटल्स की आपूर्ति को सीमित और महंगा कर रहा हैं, तब हमारे लिए इन धातुओं की उपलब्धता और भी महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे मेंक्रिटिकल, रेयर और रेयर अर्थ मेटल्सकी बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आत्मनिर्भर बनना हमारी सबसे बड़ी चुनौती है।

लेकिन एक अच्छी खबर यह है कि हम इस चुनौती का सामना कर सकते हैं। हमारेइलेक्ट्रॉनिक और इलेक्ट्रिकल कचरे (E-waste) में लगभग 32 प्रकार की बहुमूल्य धातुएं मौजूद हैं। कंप्यूटर मदरबोर्ड, बैटरियां, और सेमीकंडक्टर जैसे उपकरणों के निर्माण के लिए ये धातुएं अत्यंत आवश्यक हैं, जिनका हम अब तक मुख्य रूप से आयात करते आए हैं। यदि हम इस ई-कचरे और बैटरियों का व्यवस्थितसंग्रहण और पुनर्चक्रण (collection and recycling) कर पाएंतो विदेशी आयात पर हमारी निर्भरता काफी हद तक कम हो जाएगी।

इस दिशा में भारत सरकार कानेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशनएक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके तहत ई-कचरा और बैट्री रिसाइकलिंग के लिए 1500 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं। पिछले 20 वर्षों से,



CSIR- नेशनल मेटालर्जिकल लेबोरेटरी इस दिशा में लगातार काम कर रही है। CSIR-NML ने भारत में प्रथम अर्बन ओर रिसाइक्लिंग सेंटर की स्थापना की जहाँ विभिन्न प्रकार केई-वेस्ट ननफेरस, रेयर और रेयर अर्थ मेटल निष्कर्षण की तकनीकी विकसित की जाती हैं। एनएमएल टीम ने अब तक 16 तकनीकी राष्ट्रीय कंपनियों को हस्तांतरित की हैं। यह गर्व की बात है कि इनमें से 14 कंपनियां पहले से हीव्यावसायिक स्तर (Commercial level) पर उत्पादन कर रही हैं, और दो कंपनियां पायलट परीक्षण के चरण में हैं, जो जल्द ही उत्पादन शुरू कर देंगी।

यह यात्रा एक आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की ओर एक ठोस कदम है। यह प्लांट सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएगा और हमारे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आज भी भारत में 95% ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग गैर कानुनी ढंग से अशिक्षित कबाड़ी वालों के द्वारा जागरूकता के अभाव में हो रहा हैं। इसमें पर्यावरण का नुकसान तो हो ही रहा है, साथ में बहुमूल्य धातु का निष्कर्षण नहीं के कारण पर्यावरण में loss हो रहा है। इस दिशा में CSIR-NML, C-MET, CIPET के साथ मिल कर 50 मास्टर ट्रेनर और 15000 informal sector को formalise करने की दिशा में प्रयासरत है। यह कार्य भारत में 28 राज्यों एवं 02 केन्द्र शासित प्रदेश में करने का लक्ष्य है।

यह ट्रेनिंग एवं जागरुकता अभियान सीएसआईआर-एनएमएलविभिन्न Clusters में किया जायेगा। सारे Study Content हिन्दी और क्षेत्रीय भाषाओं ओड़िया, बांग्ला, असमिया, मराठी इत्यादि में बनाया जायेगा। ई-यंत्रम कंपनीका नेतृत्व श्री आशीष लोहिया एवं उनके पिता श्री भानु लोहिया, श्री गुरुदत्त Bangarper Rama Rao, करेंगें। ज्ञात हो कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी ने समय समय पर ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग हेतु विभिन्न Social Media से प्रयास किया है। यह अभियान लाखों रोजगार पैदा करेगा, क्रटिकल, रेयर एवं रेयर अर्थ मेटल्स उत्पादन में भारत को आत्मनिर्भर बनाएगा। यह करोडों कबाड़ी वालों को जागरुकता पैदा कर रोजगार के साथ साथ पर्यावरण को भी स्वच्छ बनायेगा।

''कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि नेशनल एक्सप्रेस प्रकाशन समूह और भारतीय मतदाता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन गुप्ता ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय सूद जी को नेशनल एक्सप्रेस द्वारा प्रकाशित गांधी जीवन दर्शन और विचार पुस्तक , तथा आध्यात्मिक पत्रिका गुरु गोविंद दर्शन का गुरुदेव दे रहा बाबा अंक भेंट की, प्रोफेसर आजय सूद ने नेशनल एक्सप्रेस के प्रयासों की सराहना की नेशनल एक्सप्रेस समूह के लिए शुभकामनाएं दी।

# जीएसटी सुधार से खपत बढ़ेगी राजस्व में आएगी कमी: मूडीज

**नयी दिल्ली, (भाषा)** मूडीज रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप हैं और इससे उपभोग को बढ़ावा मिलेगा। हालांकि, इन सुधारों से सरकार के राजस्व में कमी आएगी।




मूडीज ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारत की प्रभावी जीएसटी दरों में कमी से निजी उपभोग को बढ़ावा मिलने और आर्थिक वृद्धि को ऐसे समय में समर्थन मिलने की संभावना है जब देश उच्च अमेरिकी शुल्क के कारण बाहरी दबावों का सामना कर रहा है। जीएसटी परिषद ने पिछले सप्ताह माल एवं सेवा कर के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी।

सिगरेट, तंबाकू और अन्य संबंधित वस्तुओं को छोड़कर नई कर दरें 22 सितंबर से प्रभावी हो जाएंगी। तंबाकू और संबंधित उत्पादों पर 31 दिसंबर तक 28 प्रतिशत कर और क्षतिपूर्ति उपकर लागू रहेगा।

वर्तमान में, जीएसटी पांच प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की दरों पर लगाया जाता है। मूडीज ने कहा, ''जीएसटी सुधार परिवारों के लिए राजकोषीय नीति समर्थन का एक और रूप है। यह फरवरी में शुरू की गई उच्च आयकर सीमा का पूरक है...। दोनों उपायों का उद्देश्य घरेलू उपभोग को बढ़ावा देना है।''

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि जीएसटी ढांचे में बदलाव से खरीदी और बेची जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं पर लागू औसत कर दरों में प्रभावी कमी आएगी। इसमें उच्च कर दरों को समाप्त कर दिया गया है और साथ ही कई वस्तुओं के लिए जीएसटी को हटा दिया गया है।

मूडीज ने कहा कि कम कीमतें मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में भी मदद करेंगी। सरकार का अनुमान है कि इस वर्ष शुद्ध राजस्व हानि 48,000 करोड़ रुपये (5.4 अरब डॉलर) होगी, जो वित्त वर्ष 2023-24 के आंकड़ों पर आधारित है। मूडीज ने कहा, ''फरवरी में वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में घोषित कर उपायों, विशेष रूप से आयकर भुगतान के लिए व्यक्तिगत आय सीमा में वृद्धि के साथ, जीएसटी में कर दरों में कमी से राजस्व वृद्धि पर असर होगा।'' वित्त वर्ष के पहले चार महीनों के दौरान, केंद्र सरकार के स्तर पर सकल कर राजस्व में सालाना आधार पर केवल 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो वित्त वर्ष 2024-25 की इसी अवधि में 21.3 प्रतिशत की वृद्धि से काफी कम है।

इसी दौरान, केंद्र सरकार के व्यय में 20.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे केंद्र सरकार का घाटा बढ़कर 4,700 अरब रुपये हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में यह 2,800 अरब रुपये था।

## डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे टूटकर 88.12 पर

**मुंबई, (भाषा)** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 88.12 (अस्थायी) पर बंद हुआ। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी और वैश्विक व्यापार तनाव के बीच रुपये में गिरावट आई।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि भारत पर अमेरिकी शुल्क की चिंताओं और वैश्विक व्यापार अनिश्चितताओं के कारण रुपया दबाव में रहा। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की कारोबारी धारणा को प्रभावित किया।



अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में, रुपया, अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.98 पर खुला और कारोबार के दौरान 88.19 के निचले स्तर पर पहुंच गया। लेकिन कारोबार के अंत में 88.12 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से तीन पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को, रुपया डॉलर के मुकाबले तीन पैसे बढ़कर 88.09 रुपये पर बंद हुआ था।दो सितंबर को डॉलर के मुकाबले रुपये 88.15 के अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया था। महाराष्ट्र सरकार ने ईद-ए-मिलाद के अवसर पर पांच सितंबर की बजाय आठ सितंबर को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया था, इसलिए सोमवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहा। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक (मुद्रा एवं जिंस) अनुज चौधरी ने कहा, ''हमारा अनुमान है कि रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्क का मुद्दा रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, कुछ नरमी के संकेत दिख रहे हैं, लेकिन जब तक कोई घोषणा नहीं होती, बाजार की कारोबारी धारणा प्रभावित रह सकती है।'' चौधरी ने कहा कि ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों के बीच अमेरिकी डॉलर सूचकांक में कमजोरी, रुपये को निचले स्तरों पर सहारा दे सकती है। ''इस सप्ताह उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। डॉलर-रुपये की हाजिर कीमत 87.80 से 88.45 के बीच रहने का अनुमान है।''इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.17 प्रतिशत गिरकर 97.29 पर रहा।

वैश्विक तेल मानक, ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.59 प्रतिशत बढ़कर 66.41 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में, बीएसई सेंसेक्स 314.02 अंक बढ़कर 81,101.32 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 95.45 अंक चढ़कर 24,868.60 पर बंद हुआ।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने सोमवार को 2,170.35 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

## एक साल में डेढ़ लाख रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर पहुंच सकती है चांदी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार, मजबूत औद्योगिक मांग, कमजोर डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच सुरक्षित निवेश प्रवाह के कारण आने वाले महीनों में चांदी की कीमतें 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती हैं। इस दृष्टिकोण के अनुसार, वैश्विक बाजारों में, चांदी 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू सकती है।

अपने तिमाही पूर्वानुमान में, वित्तीय सेवा कंपनी ने कहा कि चांदी ने मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर इस साल अबतक लगभग 37 प्रतिशत का लाभ दिया है, जो कई परिसंपत्ति वर्गों से बेहतर प्रदर्शन है। चांदी को निवेश और औद्योगिक मांग, भू-राजनीतिक तनाव और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति में ढील की उम्मीदों के मिश्रण से लाभ हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, अपने पिछले लक्ष्यों को हासिल करने के बाद, हमारा मानना है कि चांदी में और भी तेजी आने की संभावना है। हमें उम्मीद है कि घरेलू मोर्चे पर कीमतें छह महीनों में धीरे-धीरे 1,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम और फिर 12 महीनों में 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम की ओर बढ़ेंगी, बशर्ते रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.5 के आसपास कारोबार करे।'' अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड को उम्मीद है कि कॉमेक्स चांदी वायदा शुरुआत में 45 डॉलर प्रति औंस और तेजी के अगले चरण में 50 डॉलर प्रति औंस के स्तर को छू सकता है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि चांदी के तेजी के अनुमान को कई कारकों का समर्थन प्राप्त है।रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका स्थित सिल्वर इंस्टिट्यूट का अनुमान है कि वर्ष 2025 में औद्योगिक मांग कुल उत्पादन का लगभग 60 प्रतिशत हो सकती है, और सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन और 5जी बुनियादी ढांचे जैसी हरित प्रौद्योगिकियों की मांग अगली कुछ तिमाहियों में चांदी के लिए सकारात्मक तस्वीर पेश करती रहेगी। घरेलू मोर्चे पर, भारत ने वर्ष 2025 की पहली छमाही में 3,000 टन से अधिक चांदी का आयात किया है, जो उद्योग और निवेशकों दोनों की अच्छी रुचि को दर्शाता है। भारत में चांदी ईटीएफ में इस वर्ष प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियों में भी तेज वृद्धि देखी गई है।

## वाहन कंपनियों के बही-खातों में संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो जाएगा: अधिकारी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपये का संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सबसे ऊंची दर है। इसके ऊपर, वाहन की किस्म के आधार पर एक प्रतिशत से लेकर 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लगाया जाता है।

इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटी पेट्रोल कारों पर 29 प्रतिशत का कुल कर लगता है जबकि एसयूवी के मामले में यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है।

इस महीने की 22 तारीख से 1,200 सीसी पेट्रोल और 1,500 सीसी डीजल क्षमता वाली कारों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इससे अधिक क्षमता वाली कारों पर सबसे अधिक 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वाहनों पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था 22 सितंबर से समाप्त हो जाएगी। वाहन कंपनियों ने अपने खातों में संचित उपकर से संबंधित चिंताएं व्यक्त की हैं और या तो इसे अपनी कर देनदारी के साथ समायोजित करने या रिफंड की मांग की है।

रिपोर्टों के मुताबिक, संचित उपकर लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। अगर इसके समायोजन की मंजूरी नहीं दी गई तो कंपनियों के लेखा बहीखातों में इसे हटाना होगा। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न प्रतिवेदनों में उपकर के संचय को लेकर उद्योग की तरफ से चिंताएं जताई गई हैं। अग्रवाल ने 'एनडीटीवी प्रॉफिट जीएसटी कॉन्क्लेव 2025' को संबोधित करते हुए कहा, ''क्षतिपूर्ति उपकर एक खास मकसद से लगाया गया था।

## वाहन कंपनियों के बही-खातों में संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को समाप्त हो जाएगा: अधिकारी



**नयी दिल्ली, (भाषा)** वाहन कंपनियों के खातों में अनुमानित 2,500 करोड़ रुपये का संचित क्षतिपूर्ति उपकर 22 सितंबर को नई जीएसटी दरें लागू होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

फिलहाल वाहनों पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगता है जो माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की सबसे ऊंची दर है। इसके ऊपर, वाहन की किस्म के आधार पर एक प्रतिशत से लेकर 22 प्रतिशत तक का क्षतिपूर्ति उपकर भी लगाया जाता है।

इंजन क्षमता और लंबाई के आधार पर छोटी पेट्रोल कारों पर 29 प्रतिशत का कुल कर लगता है जबकि एसयूवी के मामले में यह 50 प्रतिशत तक पहुंच जाता है।

इस महीने की 22 तारीख से 1,200 सीसी पेट्रोल और 1,500 सीसी डीजल क्षमता वाली कारों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। इससे अधिक क्षमता वाली कारों पर सबसे अधिक 40 प्रतिशत जीएसटी लगेगा। वाहनों पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर की व्यवस्था 22 सितंबर से समाप्त हो जाएगी। वाहन कंपनियों ने अपने खातों में संचित उपकर से संबंधित चिंताएं व्यक्त की हैं और या तो इसे अपनी कर देनदारी के साथ समायोजित करने या रिफंड की मांग की है। रिपोर्टों के मुताबिक, संचित उपकर लगभग 2,500 करोड़ रुपये है। अगर इसके समायोजन की मंजूरी नहीं दी गई तो कंपनियों के लेखा बहीखातों में इसे हटाना होगा।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा-शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न प्रतिवेदनों में उपकर के संचय को लेकर उद्योग की तरफ से चिंताएं जताई गई हैं।

## एज्योर पावर ने रिश्वत मामला अमेरिकी अदालत में 2.3 करोड़ डॉलर में निपटाया



**नयी दिल्ली, (भाषा)** सौर ऊर्जा विनिर्माता एज्योर पावर ने कथित रिश्वतखोरी और अन्य अनियमितताओं से जुड़े मामले को अमेरिकी जिला न्यायालय में 2.3 करोड़ डॉलर का भुगतान कर निपटा लिया है। न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध कंपनी ने कहा कि यह निपटान उसे आगे बढ़ने में सक्षम बनाएगा।

न्यूयॉर्क जिला न्यायालय में दायर अभियोग के मुताबिक, एज्योर और इसके पूर्व कार्यकारी अधिकारियों- रंजीत गुप्ता, मुरली सुब्रमण्यम एवं पवन कुमार अग्रवाल पर आंकड़ों को गलत ढंग से पेश करने और नई परियोजनाएं हासिल करने के लिए कथित तौर पर रिश्वत देने का आरोप था। अभियोग के मुताबिक, कंपनी के इन अधिकारियों ने भ्रष्टाचार-रोधी और रिश्वत-रोधी कानूनों का उल्लंघन करने के साथ निवेशकों को भी नुकसान पहुंचाया, जिन्होंने एज्योर के शेयर 'कृत्रिम रूप से बढ़ी कीमतों पर' खरीदे। कंपनी ने बताया कि अप्रैल, 2025 में कंपनी और अदालत द्वारा नियुक्त प्रमुख शिकायतकर्ता के बीच निपटान समझौता हुआ था। इस समझौते को अदालत ने 30 अप्रैल, 2025 को प्रारंभिक मंजूरी दी थी और अब इसे अंतिम मंजूरी भी मिल गई है।

निपटान समझौते के अनुरूप 2.3 करोड़ डॉलर की राशि पहले ही निर्दिष्ट एस्क्रो खाते में जमा कर दी गई है।एक जनवरी, 2020 से 20 नवंबर, 2024 के बीच एज्योर के शेयर खरीदने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं में यह निपटान राशि वितरित की जाएगी। एज्योर पावर ने कहा, ''कंपनी उच्चतम नैतिक एवं नियामकीय मानकों के पालन के लिए प्रतिबद्ध है। यह निपटान कंपनी को टिकाऊ ऊर्जा समाधान देने और शेयरधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने में सक्षम बनाएगा।''

## किसानों के लिए स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जाएगा: हरियाणा कृषि मंत्री



**चंडीगढ़, (भाषा)** हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मंगलवार को जैविक खेती और नई तकनीकों की जानकारी प्रदान करने के लिए राज्य में स्वदेशी मेलों को बढ़ावा देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए सभी विभागों को शामिल किया जाएगा, जो देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राणा ने यह भी कहा कि 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा और इस दौरान सभी विधायक और मंत्री किसानों से मिलकर रबी फसलों की तैयारियों पर चर्चा करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।

राणा ने किसानों को आश्वासन दिया कि हरियाणा सरकार उनके साथ मजबूती से खड़ी है और उनकी सभी समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बारिश के कारण हुए जलभराव से प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए सभी कदम उठाए जा रहे हैं।

एक सरकारी बयान के अनुसार, राणा ने किसानों से हाल ही में आई बाढ़ अथवा जलभराव से हुए अपनी फसल के नुकसान का विवरण 15 सितंबर तक 'हरियाणा क्षतिपूर्ति पोर्टल' पर अपलोड करने का आग्रह किया, ताकि सत्यापन के बाद शीघ्र मुआवजा प्रदान किया जा सके। राणा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित उपायुक्तों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के किसानों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। फ्रांस और नीदरलैंड की अपनी हालिया यात्रा के बारे में, राणा ने कहा कि इस यात्रा के दौरान उन्होंने कृषि उत्पादों, विशेष रूप से आलू और फूलों की खेती से संबंधित नई तकनीकों और बाजारों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा, ''नीदरलैंड में हुए आलू सम्मेलन ने यूरोप में आलू के उत्पादन और निर्यात के बारे में जानकारी प्रदान की।'' राणा ने कहा कि यूरोप के मजबूत पुष्प उत्पादन क्षेत्र से प्रेरित होकर, हरियाणा राज्य में फूलों की खेती को बढ़ावा देने की भी योजना बना रहा है। मंत्री ने कहा कि यह यात्रा बेहद सफल रही और राज्य का कृषि विभाग किसानों को वैश्विक बागवानी और पुष्प उत्पादन बाजारों में उपयोग की जाने वाली नवीनतम तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने को आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार सोनीपत ज़िले के गनौर कस्बे में देश की सबसे बड़ी बागवानी मंडी स्थापित कर रही है। अब तक 54 एकड़ ज़मीन का अधिग्रहण हो चुका है। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 2,595 करोड़ रुपये है और लगभग 45 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस अंतरराष्ट्रीय मंडी की क्षमता सालाना 20 लाख टन उपज को संभालने की होगी। उन्होंने बताया कि इसमें 14,907 कारों और 3,305 ट्रक और ट्रॉलियों के लिए पार्किंग की सुविधा भी होगी। मंत्री ने कहा कि विदेशी यात्राओं से प्राप्त अनुभवों का उपयोग हरियाणा की मंडियों को मज़बूत बनाने के लिए किया जाएगा।

### ब्याज दरों में कमी इस भरोसे को बढ़ाने में मदद करेगी

## लगातार मांग आने से निजी निवेश को मिलेगा प्रोत्साहन: एसबीआई चेयरमैन

नयी दिल्ली, (भाषा) सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन सी एस शेट्टी ने मंगलवार को कहा कि कंपनियों के 75 प्रतिशत क्षमता पर काम करने के बीच लगातार घरेलू मांग आने पर ही निजी क्षेत्र में पूंजीगत निवेश बढ़ पाएगा।

शेट्टी ने एक कार्यक्रम में कहा कि इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्र में अभी कोई बड़ा निवेश नहीं हुआ है और कंपनियां लगभग 75-80 प्रतिशत क्षमता पर काम कर रही हैं।

उन्होंने कहा, "अब विस्तार करने का सही समय है लेकिन कंपनियां यह देख रही हैं कि क्या घरेलू मांग लगातार बनी रहती है। सरकार की तरफ से मांग बढ़ाने के उपाय, आरबीआई द्वारा पर्याप्त नकदी डालने और ब्याज दरों में कमी इस भरोसे को बढ़ाने में मदद करेंगे।"



उन्होंने कहा कि सार्वजनिक पूंजीगत व्यय बहुत मजबूत बना हुआ है और सार्वजनिक रिफाइनरी अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए निवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा कि खुद एसबीआई के बही-खातों में लगभग तीन-चार लाख करोड़ रुपये के कॉरपोरेट ऋण हैं, जो मुख्यतः सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरी, डेटा सेंटर और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए हैं। शेट्टी ने सुझाव दिया कि वैश्विक बैंकों की तर्ज पर भारतीय बैंकों को भी विलय एवं अधिग्रहण के लिए वित्तपोषण की अनुमति दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनियों में अधिग्रहण अधिक पारदर्शी होते हैं और शेयरधारकों द्वारा अनुमोदित होते हैं लिहाजा इसे वित्तपोषित किया जाना चाहिए। एसबीआई चेयरमैन ने बताया कि कंपनियां अपने पास लगभग 15 लाख करोड़ रुपये नकदी रखे हुए हैं और वे किसी अवसर के लिए इक्विटी और ऋण के संयोजन के माध्यम से अधिग्रहण करने की इच्छुक हैं। उन्होंने एसबीआई के योनो ऐप को सूचीबद्ध किए जाने से संबंधित सवाल पर कहा कि निकट भविष्य में ऐसी कोई योजना नहीं है।

## कर छूट के बाद ज्यादातर कर्मचारी बचत निवेश को दे रहे तरजीह: रिपोर्ट

**मुंबई, (भाषा)** आयकर में छूट के साथ कर्मचारियों का झुकाव वित्तीय नियोजन की ओर हुआ है। लगभग 57 प्रतिशत लोग अपनी अतिरिक्त आय को बचत और निवेश में लगा रहे हैं। नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

रोजगार के बारे में सूचना देने वाला मंच नौकरी की एक रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 की नई कर व्यवस्था लागू होने के छह महीने बाद, 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष (एलपीए) तक कमाने वाले पेशेवर सोच-विचार कर खर्च की तुलना में बचत, निवेश और ऋण चुकाने को प्राथमिकता दे रहे हैं।

यह रिपोर्ट नौकरी द्वारा 12.75 लाख रुपये प्रति वर्ष तक कमाने वाले 20,000 से अधिक पेशेवरों के देश भर में किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। इन लोगों पर कर देनदारी अब



शून्य है। हालांकि, रिपोर्ट में पाया गया कि नई कर व्यवस्था को लेकर सभी लोग जागरूक नहीं हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि नए लोग सबसे ज्यादा जानकारी रखते हैं। 64 प्रतिशत ने लाभों के बारे में पूरी जानकारी होने की बात कही है, वहीं 43 प्रतिशत प्रतिभागियों ने स्वीकार किया कि वे या तो स्पष्ट नहीं हैं या बदलावों से पूरी तरह अनजान हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, 57 प्रतिशत प्रतिभागी अपनी अतिरिक्त आय को बचत और निवेश में लगा रहे हैं, जबकि 30 प्रतिशत इसका इस्तेमाल कर्ज चुकाने में कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ प्रतिशत लोग ही अतिरिक्त धन को उपभोग में लगा रहे हैं। इसमें नौ प्रतिशत अपनी जीवनशैली में सुधार को लेकर खर्च कर रहे हैं और केवल चार प्रतिशत यात्रा और अवकाश पर खर्च कर रहे हैं। रिपोर्ट में उद्योग-वार स्पष्ट अंतर भी उजागर किया गया है।

इसमें उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र के 76 प्रतिशत पेशेवर अपनी अतिरिक्त आय की बचत के साथ सबसे आगे हैं। इसके बाद वाहन (63 प्रतिशत) और औषधि (57 प्रतिशत) क्षेत्र के पेशेवर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (64 प्रतिशत) और होटल (60 प्रतिशत से अधिक) क्षेत्र के कर्मचारी दीर्घकालिक सेवानिवृत्ति योजना और निवेश के प्रति सबसे अधिक प्रतिबद्ध हैं।

## यूरोपीय संघ ने निर्यात के लिए 102 और भारतीय समुद्री उत्पाद इकाइयों को मंज़ूरी दी

**नयी दिल्ली, (भाषा)** यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत से 102 अतिरिक्त समुद्री उत्पाद इकाइयों को निर्यात के लिए मंज़ूरी दे दी है। इससे ये उत्पाद इकाइयां यूरोपीय संघ को आपूर्ति करने के योग्य हो गई हैं। यूरोपीय संघ देश का दूसरा सबसे बड़ा समुद्री खाद्य निर्यात गंतव्य है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इसके साथ ही, कुल 604 भारतीय इकाइयां यूरोपीय संघ द्वारा सूचीबद्ध हो गई हैं। अधिकारी ने कहा, ''इस कदम से यूरोपीय संघ को भारत के समुद्री खाद्य निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे हमारे समुद्री खाद्य निर्यात में लगभग 20 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है।''

वित्त वर्ष 2023-24 में, यूरोपीय संघ को भारत का समुद्री खाद्य निर्यात 1.1 अरब डॉलर का हुआ था। यह घटनाक्रम भारत के झींगा मछली



निर्यात में विविधता लाने के लिए भी महत्वपूर्ण है, जो अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 प्रतिशत के भारी शुल्क से बुरी तरह प्रभावित है। अधिकारी ने कहा कि इन इकाइयों को यूरोपीय संघ द्वारा सूचीबद्ध करना भारत की लंबे समय से लंबित मांग थी। अमेरिका, यूरोपीय संघ, चीन, जापान, वियतनाम और थाइलैंड, भारत के प्रमुख समुद्री खाद्य निर्यात गंतव्य हैं। अधिकारी ने कहा, ''यह सूचीकरण हमारे निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि हमारी इकाइयां उच्च मानकों को बनाए रख रही हैं।''वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का झींगा मछली निर्यात 4.88 अरब डॉलर का था, जो कुल समुद्री खाद्य निर्यात का 66 प्रतिशत था।

# करिश्मा कपूर के बच्चे दिवंगत पिता की संपत्ति में हिस्सेदारी के लिए अदालत पहुंचे

- करीब 30,000 करोड़ रुपये बतायी जाती है
- इस अर्जी पर 10 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है
- संजय कपूर की 21 मार्च की वसीयत को चुनौती दी गई है

नयी दिल्ली, (भाषा) अभिनेत्री करिश्मा कपूर के दोनों बच्चों ने अपने दिवंगत पिता संजय कपूर की संपत्ति में हिस्सेदारी के लिए मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया, जो करीब 30,000 करोड़ रुपये बतायी जाती है।

इस अर्जी पर 10 सितंबर को सुनवाई होने की संभावना है। इसमें संजय कपूर की 21 मार्च की वसीयत को चुनौती दी गई है जिसमें कथित तौर पर उनकी सारी निजी संपत्ति उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर के नाम की गई है।



अर्जी में दावा किया गया है कि न तो संजय कपूर ने कभी वसीयत के बारे में उल्लेख किया और न ही उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर या किसी अन्य व्यक्ति ने कभी इस बारे में कोई जिक्र किया।

इसमें आरोप लगाया गया है कि प्रिया का आचरण यह दर्शाता है कि ''कथित वसीयत बिना निसंदेह उनके द्वारा तैयार की गई है।''

अर्जी में दावा किया गया, ''याचिकाकर्ताओं के पिता द्वारा कथित रूप से निष्पादित की गई वसीयत कानूनी और वैध दस्तावेज नहीं है। यह जाली और मनगढ़ंत है। यही कारण है कि न तो कथित वसीयत की मूल प्रति वादी को दिखाई गई और न ही कथित वसीयत की कोई प्रति प्रदान की गई।''

शिकायत में उनके दिवंगत पिता की संपत्ति के संबंध में विभाजन, खातों का प्रतिपादन और स्थायी निषेधाज्ञा की मांग की गई है

इसमें कहा गया है, ''याचिकाकर्ताओं को अपने पिता के निधन के समय उनकी व्यक्तिगत संपत्ति और उनके प्रभावों के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी।''

अर्जी में प्रिया को संजय की मृत्यु के समय उनकी संपूर्ण व्यक्तिगत संपत्ति और संपत्ति का खुलासा करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया।

संजय कपूर की बेटी ने अपनी मां करिश्मा के माध्यम से अर्जी दायर की है और उन्हें अपना 'जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी' नियुक्त किया है, जबकि नाबालिग बेटे का प्रतिनिधित्व भी मां ने कानूनी अभिभावक के रूप में किया है।

करिश्मा और संजय ने 2003 में शादी की थी लेकिन 2016 में उनका तलाक हो गया था।

## सीजेआई, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश बाढ़ राहत के लिए करेंगे 25-25 हजार रुपये का स्वैच्छिक योगदान

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एवं शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीशों ने प्रधानमंत्री बाढ़ राहत कोष में 25-25 हजार रुपये का स्वैच्छिक योगदान देने का निर्णय लिया है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान में दी गई।

बयान में कहा गया है कि यह पहल देशभर में बाढ़ की गंभीर स्थिति को लेकर न्यायपालिका की गंभीर चिंता को दर्शाती है और ''मानवीय मूल्यों तथा राष्ट्रीय सेवा के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता'' को दोहराती है।

बयान के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है और त्वरित राहत, पुनर्वास और सामान्य स्थिति की बहाली की कामना की है।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने मुनक नहर में डूबे बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर मुआवजे की घोषणा की



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मंगलवार को अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग में मुनक नहर में डूबे दो बच्चों के परिजनों से मुलाकात की और उनको पांच-पांच लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि दिल्ली सरकार मृतक बच्चों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी।

उन्होंने इसके लिए अधिकारियों को वित्तीय सहायता जारी करने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नहरों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इसमें कहा गया कि मुनक नहर के आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा की व्यवस्था किए जाने के प्रयास शुरू हो चुके हैं ताकि ऐसी दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

नहर में डूबे अनिकेत (नौ) और कृष्ण कुमार (13), शालीमार बाग में आयुर्वेदिक अस्पताल के पास झुग्गियों में रहते थे।

पुलिस ने बताया कि रविवार दोपहर ये दोनों लड़के नहर में डूब गए थे।

# मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए मुआवजे की घोषणा की

नयी दिल्ली, नौ सितंबर (भाषा) दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हाल में आई बाढ़ के कारण फसलों के नष्ट होने से परेशान किसानों के लिए मंगलवार को मुआवजे की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने सभी 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक की और बाढ़ की स्थिति से निपटने के उनके प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा, ''मैंने जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। अधिकारी स्थिति से निपटने के लिए सतर्कता और चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं।''

रेखा गुप्ता ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''सरकार बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान करेगी। हम उन किसानों को भी मुआवजा देंगे जिनकी फसलें जलमग्न हो गयीं। दिल्ली को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकार लोगों की मदद करेगी।''

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार एक सूची तैयार करेगी, जिसमें उन किसानों के नाम होंगे, जिनकी फसलें प्रभावित हुई हैं ताकि उन्हें समय पर सहायता प्रदान की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने प्रभावित लोगों को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''मुख्यमंत्री कार्यालय ने 11 राजस्व जिलों के जिलाधिकारियों से किसानों को हुए नुकसान की रिपोर्ट मांगी है। छह जिले उत्तर, मध्य, पूर्व, उत्तर-पूर्व, दक्षिण-पूर्व और शाहदरा ज्यादा प्रभावित हुए हैं लेकिन संभावना है कि अन्य जिलों में भी फसलें प्रभावित हुई हों।''

इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को दिल्ली सरकार से बाढ़ प्रभावित लोगों को मुआवजा देने और सरकारी दस्तावेज प्राप्त करने में मदद के लिए शिविर लगाकर सहायता प्रदान करने का आग्रह किया।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित गरीब लोग हैं। हम दिल्ली सरकार से अपील करते हैं कि उन्हें तुरंत सभी जरूरी राहत प्रदान करें।''

पिछले बृहस्पतिवार को दिल्ली के मुख्य बाढ़-पूर्वानुमान केंद्र पर यमुना नदी का जलस्तर इस साल अपने उच्चतम स्तर 207.48 मीटर पर पहुंच गया था।

पिछले कुछ दिनों में, नदी के किनारे बसे कई इलाके जलमग्न हो गए।

## नाबालिग लड़के ने दोस्त की मदद से अपने ही घर से गहने चुराए, पकड़ा गया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के बिंदापुर इलाके में एक किशोर को उसके 22 वर्षीय दोस्त के साथ अपने ही घर से आभूषण चुराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने एक बयान में कहा कि चोरी किए गए सभी गहने बरामद कर लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, 26 अगस्त को बिंदापुर पुलिस थाने में दर्ज एक शिकायत में कहा गया था कि अज्ञात व्यक्तियों ने एक घर से आभूषण चुरा लिए हैं।

अधिकारी ने कहा, ''चोरी के मामले को सुलझाने के लिए एक टीम गठित की गई थी।'' जांचकर्ताओं ने घटनास्थल का दौरा किया और घर व आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले लेकिन किसी के जबरन घुसने या किसी बाहरी व्यक्ति के परिसर में घुसने का कोई संकेत नहीं मिला। अधिकारी ने बताया कि इससे पुलिस को किसी करीबी व्यक्ति की संलिप्तता का संदेह हुआ।

# लिंग-परीक्षण विरोधी कानून: राज्यों को याचिका पर जवाब देने के लिए चार सप्ताह का समय

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने गर्भधारण-पूर्व एवं प्रसव-पूर्व निदान तकनीक (पीसीपीएनडीटी) अधिनियम और संबंधित नियमों के प्रभावी कार्यान्वयन संबंधी एक याचिका पर जवाब देने के लिए मंगलवार को राज्य सरकारों को चार सप्ताह का समय दिया।

यह बात रिकॉर्ड पर लाई गयी कि लगभग पांच राज्यों ने अपना पक्ष प्रस्तुत नहीं किया था, जबकि बाकी ने याचिका पर अपने हलफनामे दाखिल कर दिए थे। पीसीपीएनडीटी कानून भ्रूण के लिंग परीक्षण के लिए प्रसव-पूर्व निदान तकनीकों के उपयोग पर रोक लगाने के लिए बनाया गया था।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ को बताया गया कि शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में राज्यों को अपने हलफनामे दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया था।

राज्यों को निर्देश दिया गया था कि वे संबंधित अपीलीय अदालतों के समक्ष उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा हलफनामा दायर कर इस तरह के मामलों में अपीलों, पुनरीक्षण या अन्य कार्यवाहियों की संख्या बताएं। पीठ ने पूछा, ''क्या राज्यों ने अपने जवाब दाखिल किए हैं?'' मामले में पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने कहा कि कुछ राज्यों ने अपने हलफनामे दाखिल कर दिए हैं। उन्होंने कहा, ''ऐसा



प्रतीत होता है कि लगभग पांच राज्यों ने हलफनामे दाखिल नहीं किए हैं। ऐसे मामलों में कई लोगों को बरी कर दिया गया था, लेकिन उनके खिलाफ अपील दायर नहीं की गई।'' पीठ ने पूछा, ''वे (राज्य) बरी किए जाने के खिलाफ अपील क्यों नहीं दायर कर रहे हैं?''

शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारियों ने ऐसे मामलों में उचित तरीके से मुकदमा नहीं चलाया, जिसके कारण आरोपी बरी हो गए।

एक राज्य की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने दो सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने का आश्वासन दिया। पीठ ने चेतावनी देते हुए कहा, ''हम जुर्माना नहीं लगा रहे हैं, लेकिन अगली बार हम जुर्माना लगा सकते हैं।'' शीर्ष अदालत ने चार सप्ताह का समय दिया और मामले की सुनवाई 10 अक्टूबर के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने पारिख को न्यायमित्र नियुक्त किया।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल सितंबर में राज्यों को हलफनामे दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा था कि आंकड़े एक मई, 2015 से अब तक के होने चाहिए। न्यायालय ने जुलाई 2023 में याचिकाकर्ता अधिवक्ता शोभा गुप्ता की याचिका पर कई राज्यों से जवाब मांगा था। याचिकाकर्ता ने कहा कि कानून का ''अक्षरशः'' पालन नहीं किया जा रहा है।

उनके वकील ने कहा कि अधिनियम के तहत बनाए गए संबंधित नियमों के अनुसार, इस कानून के तहत किसी भी बरी करने के आदेश के खिलाफ अपील दायर करना अनिवार्य है। इस कानून का उद्देश्य अजन्मे बच्चों को बचाना है।

शीर्ष अदालत ने सितंबर 2022 में उस याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया था, जिसमें सभी स्तरों पर उपयुक्त प्राधिकारियों को प्रसव-पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन निषेध) नियम, 1966 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया था, साथ ही यह भी निर्देश दिया गया था कि किसी भी तरह की चूक के प्रतिकूल परिणाम होंगे।

याचिका में पीएनडीटी अधिनियम की धारा-25 के तहत अपराधी के खिलाफ दंड शुरू करने के लिए उपयुक्त प्राधिकारी को निर्देश देने की भी मांग की गई थी।

# तेंदुए का संकेत नहीं मिलने पर वन विभाग जेएनयू से कैमरा और पिंजरा हटाएगा

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी का वन विभाग जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) परिसर में एक सप्ताह तक निगरानी रखेगा और अगर इस दौरान तेंदुए का कोई संकेत नहीं मिला तो कैमरा व पिंजरा हटा दिया जाएगा। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी।



वन विभाग ने शुक्रवार को तेंदुए के देखे जाने की शिकायत मिलने के बाद शनिवार को तलाशी अभियान चलाया लेकिन उसकी गतिविधि का कोई सबूत नहीं मिला।

इसके बाद, रविवार को विभाग ने कड़ी निगरानी के लिए जेएनयू परिसर में चार कैमरे और एक पिंजरा लगाया।

वन विभाग के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''विभाग क्षेत्र की निगरानी जारी रखेगा और अगर इस अवधि (एक सप्ताह) के दौरान जानवर का कोई संकेत नहीं मिलता है तो एहतियात के तौर पर उपकरण हटा दिए जाएंगे।''

उन्होंने बताया कि केवल एक व्यक्ति ने तेंदुए को देखने की शिकायत की है और अब तक कोई सबूत नहीं मिला है, यहां तक कि जानवर के पैरों के निशान भी नहीं मिले हैं।

अधिकारी ने बताया, ''शनिवार को सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान चलाया गया लेकिन तेंदुए की गतिविधि का कोई सबूत नहीं मिला। विभाग ने कैमरा और पिंजरा लगा दिया है और हम एक सप्ताह तक स्थिति पर नजर रखेंगे।''

उन्होंने बताया, ''अगर इस अवधि के दौरान जानवर का कोई संकेत नहीं मिलता है तो एहतियात के तौर पर उपकरण हटा दिए जाएंगे।''

# भारत ने अपने नागरिकों से नेपाल की यात्रा स्थगित करने को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) नेपाल में अशांति को देखते हुए, भारत ने मंगलवार को अपने नागरिकों से वहां की स्थिति सामान्य होने तक पड़ोसी देश की यात्रा स्थगित करने को कहा।



एक परामर्श जारी कर विदेश मंत्रालय ने नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों से सड़कों पर निकलने से बचने और सावधानी बरतने को कहा।

बयान में विदेश मंत्रालय ने कहा, ''नेपाल में बदल रहे हालात को देखते हुए, भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थिति सामान्य होने तक नेपाल की यात्रा स्थगित कर दें। नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने निवास स्थानों पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें।''

सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के कारण हुए बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया।

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा सलाह का पालन करने की सलाह दी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''किसी भी सहायता की आवश्यकता होने पर, कृपया काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें: 977 – 980 860 2881; 977 – 981 032 6134।''

भारत ने कहा है कि नेपाल में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कई युवाओं की मौत होने से उसे गहरा दुख हुआ है और उसने आशा व्यक्त की है कि इन मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान निकाला जाएगा।

# सीबीआई ने 183 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में इंदौर की कंपनी के एमडी को गिरफ्तार किया

नयी दिल्ली, नौ सितंबर (भाषा) केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड (एमपीजेएनएल) को फर्जी बैंक गारंटी जमा करके सिंचाई परियोजनाएं हासिल करने के लिए कथित तौर पर 183 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के सिलसिले में इंदौर स्थित तीर्थ गोपीकॉन के प्रबंध निदेशक को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जांच एजेंसी ने कहा कि सीबीआई ने कंपनी के प्रबंध निदेशक महेश कुंभानी और एक व्यक्ति गौरव धाकड़ को मध्य प्रदेश के छतरपुर, सागर और डिंडोरी जिलों में तीन सिंचाई परियोजनाओं को 2023 में 974 करोड़ रुपये में हासिल करने के लिए धोखाधड़ी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने पहले जांच सीबीआई को सौंप दी थी, जिसने आरोप लगाया है कि कंपनी ने अनुबंधों के समर्थन में 183.21 करोड़ रुपये की आठ फर्जी बैंक गारंटी प्रस्तुत की थी। इसमें कहा गया है कि इन जाली गारंटियों के बल पर उसे एमपीजेएन से अग्रिम राशि के रूप में लगभग 85 करोड़ रुपये भी प्राप्त हुए।

एजेंसी ने पहले कहा था कि सीबीआई की जांच में कोलकाता स्थित एक गिरोह की संलिप्तता का पता चला है, जो कई राज्यों में सरकारी ठेके हासिल करने के लिए ''व्यवस्थित रूप से फर्जी बैंक गारंटी तैयार कर रहा था।'' सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि एमपीजेएनएल को पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के जाली डोमेन से धोखाधड़ी वाले ईमेल मिले, जिनमें बैंक गारंटी की प्रामाणिकता की झूठी पुष्टि की गई थी। इन झूठी पुष्टियों पर भरोसा करते हुए एमपीजेएनएल ने कंपनी को 974 करोड़ रुपये के तीन अनुबंध दिए। जून में सीबीआई ने पीएनबी के वरिष्ठ प्रबंधक गोविंद चंद्र हंसदा और कोलकाता से मोहम्मद फिरोज खान को गिरफ्तार किया था।

# ऐश्वर्या राय ने दिल्ली उच्च न्यायालय से किया नाम और तस्वीर के अवैध इस्तेमाल पर रोक का अनुरोध

नयी दिल्ली, नौ सितंबर (भाषा) अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से आग्रह किया कि उनके व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा की जाए और ऑनलाइन मंचों को उनके नाम, तस्वीरों और एआई-जनित अश्लील सामग्री का अवैध रूप से उपयोग करने से रोका जाए।



न्यायमूर्ति तेजस करिया ने मौखिक रूप से संकेत दिया कि वह प्रतिवादियों को चेतावनी देते हुए एक अंतरिम आदेश पारित करेंगे।

यह मुकदमा उनके व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं जिनमें उनका नाम, तस्वीर, व्यक्तित्व और आवाज शामिल है, के दुरुपयोग से संबंधित है और प्रतिवादी उनकी (राय की) सहमति के बिना उनका उपयोग अपने व्यावसायिक लाभ के लिए कर रहे हैं। याचिका में कहा गया है, ''कई अज्ञात पक्ष सहित प्रतिवादीगण वादी के चेहरे की छवि को कृत्रिम मेधा और डीपफेक तकनीक का उपयोग कर किसी अन्य व्यक्ति में लगा रहे हैं और वादी के अरुचिकर वीडियो और चित्र बनाए जा रहे हैं...।''

राय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सेठी ने कहा कि अभिनेत्री अपने प्रचार और व्यक्तिगत अधिकारों का इस्तेमाल करना चाहती हैं। उन्होंने तर्क दिया कि कुछ पूरी तरह से अवास्तविक अंतरंग तस्वीरें इंटरनेट पर प्रसारित की जा रही हैं। सेठी ने तर्क दिया, '' उनकी (राय) तस्वीर या व्यक्तित्व का उपयोग करने का आरोपियों के पास कोई अधिकार नहीं हो सकता। एक सज्जन केवल मेरे नाम और चेहरे से पैसे बना रहे हैं।''

अधिवक्ता सेठी ने कहा, '' उनका नाम और समानता किसी की यौन इच्छाओं की पूर्ति के लिए इस्तेमाल की जा रही है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है।''

सेठी ने दावा किया कि उनके मुवक्किल की तस्वीरों वाली टी-शर्ट और मग अवैध रूप से बेचे जा रहे हैं।

राय की ओर से पैरवी करने वाले अधिकवक्ताओं में प्रवीन आनंद, अमित नाइक और ध्रुव आनंद भी शामिल हैं। उच्च न्यायालय ने मामले को आगे की कार्यवाही के लिए सात नवंबर को संयुक्त रजिस्ट्रार के समक्ष और 15 जनवरी 2026 को अदालत के समक्ष सूचीबद्ध किया।

# सचिवालय, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज, विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय को बम से उड़ाने की धमकी, अफवाह निकली

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के मुख्यमंत्री सचिवालय, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय (यूसीएमएस) को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसे बाद में अफवाह करार दिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने कहा कि धमकी भरे संदेश में कहा गया कि तीनों स्थलों पर एक किलोमीटर के दायरे में आरडीएक्स लगाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत तुरंत समन्वित कार्रवाई की गई और बम निरोधक एवं निस्तारण टीम (बीडीडीटी) को उक्त तीनों स्थानों तैनात किया गया। गहन जांच के बाद बम की धमकी को अफवाह घोषित कर दिया गया। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) प्रशांत गौतम ने कहा, ''पूर्वाह्न करीब 11 बजे जीटीबी अस्पताल के यूसीएमएस से सूचना मिली कि उन्हें कॉलेज परिसर में बम होने के संबंध में एक ईमेल मिला है।'' उन्होंने कहा कि एसओपी के अनुसार, कोई अफरा-तफरी मचाये कॉलेज को तुरंत खाली करा दिया गया।

डीसीपी ने बताया कि बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) को बुलाया गया और इमारत के हर कोने की जांच की गई। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 1.30 बजे यह घोषणा की गई कि इमारत में कोई खतरा नहीं है और धमकी झूठी निकली।

दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, धमकी के संबंध में एक अलग सूचना भी मिली, जिसके बाद एहतियात के तौर पर दमकल की कई गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

पुलिस उपायुक्त (मध्य) निधिन वल्सन ने एक बयान में कहा कि एमएएमसी और मुख्यमंत्री सचिवालय के पूरे इलाके की जांच की गई। उन्होंने कहा, ''ईमेल फर्जी निकला। कानूनी कार्रवाई की जाएगी।''







वल्सन ने कहा, ''सचिवालय में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (मध्य), एसीपी कमला मार्केट और एसएचओ आईपी एस्टेट सहित वरिष्ठ अधिकारी तलाशी अभियान की निगरानी कर रहे हैं, जबकि एमएएमसी में यह अभियान आईपी एस्टेट थाने के अतिरिक्त यातायात अधिकारी की निगरानी में चल रहा है।''

उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं। घबराने की कोई जरूरत नहीं है।

डीसीपी ने बताया कि साइबर थाना की एक टीम ईमेल के स्रोत और इसकी प्रामाणिकता की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह संदेश पिछले कुछ फर्जी धमकी भरे ईमेल से मिलता-जुलता हो सकता है।

उन्होंने कहा ''प्रारंभिक जानकारी से संकेत मिलते हैं कि यह ईमेल संभवतः किसी अन्य राज्य के स्थान के लिए भेजा गया हो, लेकिन हम इसे पूरी गंभीरता से ले रहे हैं और सभी एसओपी का पालन किया जा रहा है।''

यूसीएमसी कॉलेज के अधिकारियों ने बताया कि उन्हें आज सुबह एक धमकी भरा ईमेल मिला, जिसकी जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस ने कॉलेज के हर कोने की गहन जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और अपराह्न करीब तीन बजे परिसर को खाली कर दिया गया।

इससे पहले कॉलेज ने एक नोटिस जारी कर कहा था, ''यह सूचित किया जाता है कि कॉलेज को आज दोपहर में बम की धमकी के संबंध में एक ईमेल मिला है। कॉलेज इस संबंध में सुरक्षा के लिए सभी एहतियाती कदम उठा रहा है। इसलिए हम कॉलेज में छात्रों के लिए सभी कक्षाएं स्थगित कर रहे हैं और छात्रों एवं कर्मचारियों से अनुरोध करते हैं कि वे सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कॉलेज खाली कर दें।''

पुलिस के अनुसार, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए), यातायात पुलिस और विशेष प्रकोष्ठ ने त्वरित प्रतिक्रिया में सहायता की। जांच के दौरान प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा बढ़ाई गई तथा प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया।

पुलिस अधिकारी ने कहा कि सभी सुरक्षा अभ्यास सावधानीपूर्वक किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा ''ऐसे ई-मेल चाहे बाद में झूठे साबित हों, लेकिन इन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता।''

## दिल्ली विस परिसर में 'फांसी घर' को लेकर विशेषाधिकार समिति ने केजरीवाल और सिसोदिया को नोटिस जारी किया

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल को अगस्त 2022 में सदन परिसर में बनाए गए 'फांसी घर' को लेकर नोटिस जारी किया है।

एक करोड़ रुपये की लागत से निर्मित यह संरचना ब्रिटिशकालीन फांसी कक्ष की नकल है, जिसका उद्घाटन 22 अगस्त, 2022 को किया गया था।

विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, फांसी घर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में केजरीवाल और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिसोदिया और विधानसभा की तत्कालीन उपाध्यक्ष राखी बिरला की उपस्थिति में किया गया, जबकि गोयल ने समारोह की अध्यक्षता की।



# ज्ञान के अभाव में उल्टा लहराया तिरंगा

**सोशल मीडिया पर तिल का ताड़ बनाया**

**पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट ,पाक झंडा और आतंकी नारे का आरोप निराधार जांच में नहीं मिला साक्ष्य**




नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। हाफिजगंज थाना क्षेत्र के गांव दुआवट में एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को कथित रूप से उल्टा फहराने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस ने तिरंगे के अपमान की धारा के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना हाफिजगंज में तैनात दरोगा सतेंद्र कुमार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट वायरल हुई थी। जिसमें अखंड भारत संकल्प नाम के अकाउंट ने दावा किया कि ग्राम दुआवट में डीजे के साथ पाकिस्तानी झंडा लहराया जा रहा है, आतंकी नारेबाजी के गाने बज रहे हैं और राष्ट्रीय ध्वज का अपमान हो रहा है। मामले की जांच के लिए दरोगा सतेंद्र कुमार और आरक्षी नरेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे।

जांच के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि गांव निवासी दूल्हे पुत्र वली मोहम्मद द्वारा तिरंगे को उल्टा फहराया गया था जिसमें केसरिया रंग नीचे और हरा रंग ऊपर था। यह कृत्य राष्ट्रीय सम्मान अधिनियम 1971 की धारा 2 के अंतर्गत तिरंगे का अपमान माना गया है। हालांकि, पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर लगाए गए अन्य आरोप जैसे पाकिस्तानी झंडा फहराना, आतंकी नारेबाजी करना आदि की जांच के दौरान कोई साक्ष्य नहीं मिला।

यहां पुलिस प्रशासन ने अपनी ड्यूटी निभाते हुए कानून का पालन किया। मगर सोशल मीडिया पर बगैर तथ्यों को जाने मामला समुदाय विशेष से हो तो आग परोस दी जाती है, चीजों को बड़ा चढ़ाकर प्रस्तुत किया जाता है, जिससे समाज में अस्थिरता पैदा होती है। ऐसे संगठनों के खिलाफ भी प्रशासन को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। उनके ट्विटर पर ट्वीट करने से प्रशासन भी तत्काल संदेह की स्थिति में आ जाता है, चाहे कावड़ यात्रा हो या आला हजरत उर्स हर मौके पर जो दिन रात गंगा जमुना तहजीब के तहत समाज में भाईचारा कायम कराने को लगा रहता है जिसने हर मौके पर जनपद की जनता को सुरक्षा का एहसास कराया।

# तेज बहाव में बहे पूर्व फौजी का 36 घंटे बाद मिला शव, मचा कोहराम

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली। मीरगंज क्षेत्र के गांव गोरा पुलिया के पास रविवार रात बड़ा हादसा हो गया। गुलड़िया निवासी व वर्तमान में रामनगर स्थित स्टेट बैंक में गार्ड के रूप में कार्यरत रिटायर्ड फौजी प्रेमपाल सिंह अपने मामा उमराय के घर खुर्द मीरगंज में जन्मदिन समारोह में शामिल होने आए थे। पार्टी से लौटते समय उनकी बाइक अनियंत्रित होकर नदी के पास जा गिरी और प्रेमपाल बहाव में बह गए।करीब 36 घंटे बाद मंगलवार को घटनास्थल से लगभग 200 मीटर दूर झाड़ियों में उनका शव बरामद किया गया। नदी में डूबने के कारण शव काफी फूल चुका था। शव की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्या है पूरा मामला आपको बताते चलें,रविवार रात करीब 12 बजे प्रेमपाल बाइक से घर लौट रहे थे। तभी गोरा पुलिया के पास सड़क कट जाने से उनकी मोटरसाइकिल फिसलकर नदी में गिर गई। सोमवार सुबह ग्रामीणों को घटनास्थल पर उनकी बाइक, चप्पल और मोबाइल मिले, लेकिन प्रेमपाल का कोई पता नहीं चल सका। सूचना पर एनडीआरएफ की टीम ने सोमवार को दिनभर तलाश की, मगर सफलता नहीं मिली। अंततः मंगलवार को उनका शव घटनास्थल से करीब दो सौ मीटर दूर झाड़ियों के बीच पानी में उतराता मिला।थानाध्यक्ष मीरगंज प्रयागराज सिंह ने बताया कि शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



## खुलेआम आबरू पर हाथ डाल रहे मनचले

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। सुबह के समय बच्चे को दरवाजे के पास पेशाब करा रही महिला को एक युवक ने गलत नियत से दबोच लिया। जब महिला ने शोर मचाया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। महिला ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना फतेहगंज पूर्वी निवासी महिला के अनुसार रविवार की सुबह पांच बजे के समय घर के दरवाजे के पास बच्चे को पेशाब करा रही थी। तभी अचानक गांव का ही सोहिल पुत्र साकिर नाम का युवक आया, और उसे गलत नियत से दबोच लिया। महिला के शोर मचाने पर सोहिल उसे छोड़कर भाग गया। जाते-जाते आरोपी उसे जान से मारने की धमकी भी दे गया। महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जिंदगी इतनी सस्ती... महज बीड़ी ना देने पर लोडर चालक की हत्या

- लोडर चालक की हत्या करने वाले को पुलिस भेजा जेल

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। महज एक बीड़ी न देने पर एक व्यक्ति ने लोडर चालक की सरेराह फावड़े से हत्या कर दी। घटना के बाद से पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आज उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेजा जा रहा है। उड़ला जागीर निवासी 53 वर्षीय अब्दुल हमीद बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई का काम करते थे। रोज की तहर वह सोमवार रात को भी लोडर से रेता-बजरी की डिलीवरी पर गए थे। इस बीच आरोपी शहरोज वहां पहुंचा और बीड़ी की मांग की हमीद ने जब मना किया, तो शहरोज आग-बबूला हो गया और पास रखे फावड़े से उनके सीने पर वार कर दिया। जिससे वह जमीन पर गिर पड़ा। उसका बेटा नदीम, जो पास ही पैसे लेने गया था, चीख पुकार सुनकर दौड़ा आया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। उसके समाने ही उसके पिता दम तोड़ चुके थे। नदीम ने हमलावर को पकडने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का देकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए वारदात के कुछ देर बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आज पुलिस आरोपी का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोर्ट के समक्ष पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

**कार नहीं मिली तो बहू बेकार...**

# दहेज लोभियों ने बहू को छोड़ा, अस्पताल में भर्ती

नेशनल एक्सप्रेस



बरेली। थाना भोजीपुरा क्षेत्र के ग्राम मुड़िया चेतराम निवासी रोशन लाल ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर अपनी पुत्री को ससुराल पक्ष से प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया है। रोशन लाल के अनुसार, उन्होंने अपनी पुत्री प्रीति देवी का विवाह लगभग तीन वर्ष पूर्व हिन्दू रीति-रिवाज से अरुण मौर्य पुत्र भगवान दास निवासी मोहल्ला नवादा शेखान, थाना बारादरी, बरेली के साथ किया था। विवाह में उपहार स्वरूप घरेलू सामान, आभूषण तथा ?5 लाख नकद दिया गया था। कुल मिलाकर लगभग 10 लाख का खर्च हुआ था।

आरोप है कि पति अरुण मौर्य, सास कुंती देवी, ससुर भगवान दास, ननद शालू व अंजली तथा देवर अभिषेक शादी में दिए गए दहेज से असंतुष्ट थे। वे लगातार ताने देकर प्रीति को प्रताड़ित करते रहे और अतिरिक्त दहेज में एक कार की मांग करने लगे। इसी बीच प्रीति गर्भवती हुई, लेकिन ससुराल वालों ने उसे चिकित्सक को नहीं दिखाया। हालत बिगड़ने पर उसे ईसाईयों की पुलिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 4 अगस्त को उसने एक पुत्री को जन्म दिया। आरोप है कि इस दौरान भी ससुरालियों ने ताने कसते हुए कहा कि ₹दहेज में कार नहीं दी, ऊपर से बेटी पैदा कर दी। प्रार्थी ने बताया कि बेटी की हालत गंभीर होने पर उन्होंने स्वयं उसे साई सुविधा अस्पताल में आयुष्मान कार्ड से भर्ती कराया और सारा इलाज खर्च भी उठाया। 13 अगस्त को अरुण मौर्य अस्पताल आया और नवजात बच्ची को अपने साथ ले गया, जबकि प्रीति को गंभीर हालत में अस्पताल में ही छोड़ दिया। साथ ही ससुराल पक्ष ने यह धमकी दी कि ₹इलाज मायके वाले कराएं, हम एक रुपया भी खर्च नहीं करेंगे। बाद में हालत बिगड़ने पर प्रीति को रेफर कर रुहेलखंड मेडिकल कॉलेज के ऋव में भर्ती कराया गया है, जहां वह जिंदगी और मौत से जूझ रही है।

**दहेज प्रताड़ना के कारण हुई यह स्थिति**

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि ससुराल वालों की प्रताड़ना और दहेज उत्पीड़न के कारण ही बेटी की यह स्थिति हुई है। प्रार्थी ने एसएसपी कार्यालय में शिकायती पत्र देकर पति, सास, ससुर, ननद और देवर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुराने मुकदमे की रंजिश में घर पर हमला, मोबाइल भी लूटकर साथ ले गए

नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। थाना बारादरी क्षेत्र घेर जाफर खां मोहल्ला झंडे वाली गली, पुराना शहर निवासी नासिर बेग ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत की है कि विपक्षियों ने रंजिशन उनके घर पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पीड़ित ने बताया कि पूर्व में हुई मारपीट के मामले में थाना बारादरी पर मुकदमा दर्ज है इस मुकदमे की विवेचना हेतु पुलिस 14 अगस्त को मोहल्ले में आई थी। इसी बात से नाराज होकर 15 अगस्त को दोपहर आलम बेग पुत्र स्व. यासीन बेग तथा उवैस-इस्माईल पुत्रगण मोअज्जम बेग उर्फ पप्पी उनके घर में घुस आए और प्रार्थी व उसकी पत्नी के साथ मारपीट व गाली-गलौच की। आरोप है कि इस दौरान उवैस ने धारदार हथियार से प्रार्थी के सिर पर वार किया, जिससे खून बहने लगा। आरोपियों ने प्रार्थी को घर से घसीटकर बाहर भी निकाला। मोहल्लेवाले घटना के गवाह बने। पीड़ित ने बताया कि जब उसने घटना का वीडियो बनाना चाहा तो आलम बेग ने उसका मोबाइल फोन छीन लिया, जिसमें दो सिम थीं। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि यदि उसने पूर्व दर्ज मुकदमा वापस नहीं लिया तो पूरे परिवार को जान से मार देंगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### शिव-पार्वती विवाह प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/अमरोहा। मधुरम बैंक्वेट हॉल में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचिका श्रीमती प्रेरणा ज्योति दीदी ने शिव-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। उन्होंने बताया कि शिव-पार्वती की आराधना भागवत का अभिन्न अंग है और इसके श्रवण से मानसिक व आत्मीय विकार दूर होते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान की कथा जीवन जीने की सीख और सनातन धर्म के संस्कार देती है। कार्यक्रम में भजनों पर श्रद्धालु झूमते रहे। इस मौके पर एम.एल. सक्सेना, लव खंडेलवाल, सचिन अग्रवाल, अभिषेक गुप्ता, प्रवीण आर्य, अनिल रायपुरिया समेत कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### घूसखोर लेखपाल 20 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/अमरोहा। भ्रष्टाचार पर शिकंजा कसते हुए एंटी करप्शन टीम ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की। हसनपुर तहसील में तैनात लेखपाल उत्तम बालियान को टीम ने 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोच लिया। जानकारी के मुताबिक, हसनपुर क्षेत्र निवासी एक किसान ने अपनी जमीन की पैमाईश के लिए आवेदन किया था। आरोप है कि लेखपाल उत्तम बालियान पैमाईश की रिपोर्ट लगाने के नाम पर उससे 20 हजार रुपये की रिश्वत की मांग कर रहा था। पीड़ित किसान ने इसकी शिकायत एंटी करप्शन टीम से की। शिकायत की पुष्टि के बाद एंटी करप्शन टीम ने जाल बिछाया और अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के जोया रोड पर तय स्थान से लेखपाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। मौके से टीम ने रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली। एंटी करप्शन अधिकारियों का कहना है कि सरकारी सेवाओं में भ्रष्टाचार किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, लेखपाल की गिरफ्तारी की खबर फैलते ही तहसील परिसर में हड़कंप मच गया। पीड़ित किसान ने कहा कि अगर उसने हिम्मत न जुटाई होती तो उसकी जमीन संबंधी समस्या यूं ही लटकी रहती। इस कार्रवाई ने अन्य किसानों को भी जागरूक किया है कि वे रिश्वत न दें और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं।

# डीएम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, संस्थागत प्रसव बढ़ाने के दिए निर्देश



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमरोहा का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीबी लैब, दवाई कक्ष, ओपीडी, ओटी, एचआईवी काउंसलिंग कक्ष, नर्स ड्यूटी रूम, फैमिली प्लानिंग कक्ष और टीकाकरण कक्ष का जायजा लिया। डीएम ने टीबी जांच, इलाजरत मरीजों और ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। गर्भवती महिलाओं की मॉनिटरिंग पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने आशा व एएनएम को निर्देश दिए कि प्रसव से 10 दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं से संपर्क कर उन्हें सरकारी अस्पताल में डिलीवरी के लिए प्रेरित करें। साथ ही चिकित्सा अधीक्षक को संस्थागत प्रसव बढ़ाने और स्टाफ नर्स वाइज डिलीवरी की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। एचआईवी काउंसलिंग कक्ष के निरीक्षण में डीएम ने मरीजों को दी जाने वाली परामर्श सेवाओं की जानकारी ली और सीएचओ को अधिक से अधिक मरीजों को टेस्टिंग व काउंसलिंग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मरीजों से सीधे संवाद कर अस्पताल में मिलने वाली सेवाओं की हकीकत जानी। मरीजों ने बताया कि यहां अल्ट्रासाउंड, जांच और दवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं तथा किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। डीएम ने आमजन से अपील की कि अस्पताल सभी सुविधाओं से लैस है, यहां प्रसव सहित सभी सेवाएं निशुल्क उपलब्ध हैं।

# नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप, पिता ने लगाई पुलिस से न्याय की गुहार

नेशनल एक्सप्रेस

बरेली/मामला थाना कैंट क्षेत्र वार्ड नं0 11 निकट मदार मस्जिद, ठिरिया निजावत खां,निवासी पीड़ित थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया ग्राम परसौना थाना बिथरी चैनपुर जिला का वाशिन्दा है तथा वर्तमान में ठिरिया निजावत खां के वार्ड नं0 11, निकट मदार मस्जिद दिलशाद के मकान में रहता है तथा जरी जरदोजी में मेहनत मजदूरी कर अपना अपने बच्चों का पेट पालता है। मेरा पुत्र बब्लू ट्रक चालक है और उसकी मारफत सिराज अली उर्फ पप्पू (ड्राइवर) पुत्र हामिद अली नि० वार्ड नं0 4, निकट नगर पंचायत कार्यालय ठिरिया निजावत थाना कैण्ट,का पीड़ित के घर आना जाना हो गया। पीड़ित की पुत्री उम्र 15 वर्ष को सिराज अली उर्फ पप्पू 21जुलाई को बहला फुसलाकर ले गया प्रार्थी ने घर आकर पता किया तो घरवालो ने बताया कि नेहा को सिराज अली पुत्र पप्पू अपनी माँ की बीमारी की बजह बताकर ले गया तथा एक दो दिन में भेज देगा प्रार्थी दो दिन बाद पप्पू के घर अपनी पुत्री को लेने गया तो सिराज अली उर्फ पप्पू के भाई शहनवाज व शाहजहान वहन शवाना व पिता हामिद अली, ने अल्लाह का वास्ता देकर बताया कि सिराज उर्फ पप्पू अपनी माँ का इलाज कराने माँ का इलाज कराने के लिए नेहा को साथ लेकर आये जैसे ही वापस लौटेगा नेहा को घर पहुंचा दिया जायेगा। प्रार्थी बार-बार सिराज उर्फ पप्पू के परिजनों से नेहा का पता करता रहा लेकिन सभी परिजनो ने प्रार्थी को गुमराह करते रहे दिनांक 26/08/2025 सुबह 11:00 बजे प्रार्थी ने जब अपनी बेटी नेहा के बावत इन लोगों से पूछा तो उन्होंने कहा कि तू नेहा को भूल जा वरना तुझे जान से मारकर ऐसी जगह दफन करेंगे किसी को पता भी नहीं चलेगा। मेरे द्वारा अपनी पुत्री की बावत मिन्नत करने पर इन लोगों ने गाली गलौच कर प्रार्थी के साथ मारपीट की प्रार्थी को अपनी पुत्री के जान माल का खतरा है। पीड़ित द्वारा पूरे मामले की थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

# गणेश मेले के भूपाल रंगमंच पर कराओके गायन प्रतियोगिता का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। मिनी वृंदावन नगरी चंदौसी में गणेश जन्मोत्सव पर आयोजित होने वाले मेला गणेश चौथ के 65वें महोत्सव के दौरान श्री गणेश मेला परिषद चन्दौसी के तत्वाधान में सुर-संगम कला मंच, चन्दौसी द्वारा द्वितीय बार आयोजित समाजसेवी स्व. यशोदा नंदन जी 'कल्लू हलवाई' की पुण्य स्मृति में आयोजित कराओके (ट्रैक) गायन प्रतियोगिता का आयोजन मेला ग्राउंड के भूपाल रंगमंच पर किया गया। इस प्रतियोगिता में 22 प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक गाने पर प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

एक नजर प्रस्तुतियो की ओर-तेरे दर्द से दिल आबाद हुआ,यह रेशमी जुल्फें यह शरबती आंखें,कौन सुनेगा किसको सुनाएं,पल पल दिल के पास, झिलमिल सितारों का आंगन होगा,तुम मुझे यूं भुला न पाओगे।कार्यक्रम का उद्धघाटन मुख्यातिथि पालिकाध्यक्ष चन्दौसी लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी ने फीता काटकर किया।

कार्यक्रम संयोजक के रूप में राजेश पाल, अजीत कुमार पप्पी, प्रभात कृष्णा, अरविन्द शर्मा, अनमोल पाल एवं मनोज कुमार रहे। निर्णायक मंडल में संदीप सक्सेना, मौ. मसरूर, अर्चना सक्सेना रहे तथा संचालन अरविंद शर्मा एवम प्रभात कृष्णा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दीपेश गुप्ता, राजदीप शर्मा, नवीन साहनी, डॉ टीएस पाल, राजन वार्ष्णेय, अरुण कुमार सोनू सहित श्री भोपाल विनायक गणेश मंदिर ट्रस्ट एवं श्री गणेश मेला परिषद के समस्त पदाधिकारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

# नवीन रथ में श्रीजी की धूमधाम से निकाली गई रथयात्रा

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर।



सिरसागंज । सकल दिगम्बर जैन समाज, सिरसागंज के तत्वाधान में पर्युषण पर्व के समापन एवं क्षमावाणी पर्व के पावन अवसर पर नगर में नवीन रथ के प्रवर्तन संस्कार के साथ भव्य रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें पंडित संजय शास्त्री ने अभिषेक, पूजन आदि क्रियाएं सम्पन कराई। रथयात्रा श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर संत कुटीर होकर इटावा रोड होती हुई श्री मुन्ना लाल जैन ट्रस्ट पहुँची। रथयात्रा में जैन समाज के सैंकड़ो श्रद्धालु भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए भक्ति से भरे नजर आ रहे थे। श्री मुन्ना जैन ट्रस्ट में श्रीजी का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन की क्रियाएं सम्पन्न हुआ । इसके साथ ही संत कुटीर एवं नवीन रथ के पुण्यार्जक परिवारों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रंजना सिंह, डॉ गुरुदत्त सिंह, सीताराम शर्मा, सरोज शर्मा, विपिन शिवहरे ,रथ पर सौधर्म इन्द्र आयुष जैन रपरिया, सारथी विनय जैन, अशोक कुमार जैन, संजय जैन, गौरव जैन रपरिया, कुबेर अश्वनी कुमार जैन, अन्य इन्द्रों की भूमिका में आयुष जैन, रोचक जैन, आयुष जैन मौजूद रहे। रथयात्रा में जैन समाज की विभिन्न झांकियों का प्रदर्शन भी किया गया एवं पुलिस प्रशासन उपस्थित रहा।

## लूट के आरोपी को 06 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड से किया दण्डित

नेशनल एक्सप्रेस

संभल । पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा चलाये जा रहे अभियान ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ के द्दष्टिगत सम्भल पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन द्वारा अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 08.09.2025 को मु0अ0सं0 666/2011 धारा 392 भादवि थाना धनारी जनपद सम्भल में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर सम्बन्धित अभियुक्तगण राकेश पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम सूरपुर थाना धनारी जनपद सम्भल को न्यायालय विशेष न्यायाधीश (द०प्र०क्षे०) कोर्ट जनपद बदायूं द्वारा अभियुक्त राकेश उपरोक्त को मुकदमा उपरोक्त में दोष सिद्ध करते हुए 06 वर्ष सश्रम कारावास व 05 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया सजा कराये जाने में राजेश बाबू शर्मा ए.डी.जी.सी व कोर्ट मोहर्रिर का० सुमित परिहार, कोर्ट पैरोकार हे0का0 अमित कुमार थाना धनारी का सराहनीय योगदान रहा।

# श्री गुरु गोविंद सिंह के 350 वें गुरतागदी दिवस एवं शहीदी दिवस पर नगर कीर्तन यात्रा का स्वागत

- नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने सिख समाज के लोगों का किया स्वागत

नेशनल एक्सप्रेस







मसबासी। श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 350वें गुरतागदी दिवस और सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज सहित भाई मती दास, भाई सती दास और भाई दयाला जी की 350वीं शहादत को समर्पित शहीदी यात्रा असम के धुबरी से आनंदपुर साहिब तक गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहादत के उपलक्ष्य में सिख समुदाय की यात्रा शुरू की गई है जो गुरु के बलिदान और आध्यात्मिक विरासत का सम्मान करती है. यह नगर कीर्तन एक पवित्र सिख परंपरा है, जिसमें श्रद्धालु गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्र हजूरी और पांच प्यारों के साथ शामिल होते हैं और गुरु तेग बहादुर के संदेशों को अपनाते हैं जो कि स्वार नगर गुरुद्वारा से होकर निकली नगर में प्रवेश के साथ ही सिख समाज के श्रद्धालुओं ने ब्बोले सो निहाल, सत श्री अकालह्र के जयघोष से वातावरण गूंजा दिया। श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन यात्रा का उत्साह पूर्वक उत्साहपूर्वक किया। जिसमें नगर तथा क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के भी सिख समाज के लोग भारी संख्या में शामिल रहे। इस मौके पर आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने शहीदी यात्रा में शामिल सिख संगत के लोगों को पटका पहनाकर स्वागत किया एवं फूल बरसाए, तथा उन्हें फल वितरित किए। इस मौके पर संजीव कुमार वर्मा, परमिंदर मौर्य, मयंक मौर्य, बंटी भाई तथा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार बाइक, तीन किशोरों की दर्दनाक मौत

- सड़क सुरक्षा पर उठे गंभीर सवाल

**नेशनल एक्सप्रेस कपिल वार्ष्णेय**








गुन्नौर। मेरठ-बदायूं राजमार्ग पर सोमवार देर रात गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। कस्बे के पीलीकोठी के पास पीछे से आ रही बस की हल्की टक्कर लगते ही तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और उस पर सवार तीनों किशोरों की मौके पर ही मौत हो गई।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मृतक किशोर गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक स्थित दिल्ली दरबार ढाबे पर काम करते थे। रोजाना की तरह सोमवार देर रात लगभग डेढ़ बजे काम खत्म कर वे एक ही बाइक से किराए के कमरे की ओर लौट रहे थे। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई देता है कि जैसे ही बाइक पीलीकोठी के पास पहुंची, पीछे से गुजर रही बस की साइड लगने से बाइक असंतुलित हो गई और सीधे सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई।

हादसे में बाइक चालक रेहान (18) पुत्र अल्लानूर निवासी रजपुरा की मौके पर ही मौत हो गई। उसके दोनों साथी झ अरमान (16) पुत्र कल्लू और हसनैन (16) पुत्र हाशिम, दोनों निवासी नदायल, गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर पहुंचाया, लेकिन डॉ. अजहर अली ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**ट्रक चालक और पुलिस कार्रवाई:** ट्रक चालक अनिल, निवासी हापुड़, विद्युत पोल लेकर सिकंदराबाद से बरेली जा रहा था। रात के समय उसने ट्रक को हाईवे किनारे एक चाय की टपरी के पास खड़ा कर दिया था। उसी दौरान यह हादसा हुआ। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी और कोतवाली प्रभारी अखिलेश प्रधान घटनास्थल पर पहुंचे। मंगलवार सुबह एएसपी (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और पूरे मामले की जानकारी ली। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**परिजनों पर टूटा दुखों का पहाड़:** इस हादसे की खबर जैसे ही रजपुरा और नदायल गांव पहुंची, दोनों गांवों में मातम छा गया। मृतक रेहान के घर पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं अरमान और हसनैन के परिवार के लोगों में भी कोहराम मचा हुआ है। गांव के लोग लगातार परिजनों को ढांढस बंधाने पहुंच रहे हैं। कई परिजन बेहोश हो गए जिन्हें संभालना पुलिस और ग्रामीणों के लिए मुश्किल हो गया।

### नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान पर सवाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में नो हेलमेटझ्नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन सोमवार रात का यह हादसा इस अभियान की पोल खोलता है। हादसे के वक्त तीनों किशोरों ने हेलमेट नहीं पहना था। सभी नाबालिग थे और बिना लाइसेंस बाइक चला रहे थे। पेट्रोल पंपों पर चेकिंग नहीं होने से किशोर आसानी से पेट्रोल भरवा लेते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर किशोर हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच सकती थी। सवाल यह भी है कि नाबालिगों के हाथ में बाइक कैसे पहुंच रही है और पुलिस की चेकिंग कितनी प्रभावी है।

### स्थानीय लोगों की नाराजगी

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा है। ग्रामीणों का कहना है कि हाइवे पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन हादसों को दावत देते हैं, लेकिन पुलिस गश्त और सुरक्षा उपाय नदारद हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से ट्रकों की मनमानी पार्किंग रोकने और सड़क सुरक्षा नियमों को सख्ती से लागू करने की मांग की है।

# बुलडोजर कार्रवाई से किसान के पिता की मौत

## राजस्व विभाग व पूर्व प्रधान पर परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप, कहा-मौत का जिम्मेदार पूर्व प्रधान







**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर। धनारी थाना क्षेत्र में बुलडोजर कार्रवाई ने एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। आरोप है। कि राजस्व विभाग के अधिकारी और गांव के पूर्व प्रधान ने बिना किसी नोटिस व सूचना के एक किसान की पशुशाला को ढहा दिया। इस घटना के बाद किसान के बुजुर्ग पिता की तबीयत बिगड़ी और अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उनकी मौत हो गई।

खजुरा गांव निवासी ग्रामीण राजेश का कहना है कि उसका परिवार पिछले पचास वर्षों से विवादित जमीन पर कब्जे में है। इसी जमीन पर बनी उनकी पशुशाला को 8 सितंबर की शाम करीब पांच बजे अचानक बुलडोजर लाकर जमींदोज कर दिया गया। राजेश का आरोप है कि कानूनगो, लेखपाल और गांव के पूर्व प्रधान अनेकपाल बिना किसी नोटिस के पहुंचे और कार्रवाई शुरू कर दी। उस दौरान उसकी मां राममूर्ति ने विरोध करते हुए कुछ समय मांगा, लेकिन अधिकारियों और पूर्व प्रधान ने एक न सुनी।

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल:** इस घटना के बाद परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और पूर्व प्रधान को जिम्मेदार ठहराते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की है। और उपरोक्त गांव के ही पूर्व प्रधान अनेकपाल, कानूनगो और लेखपाल के मिला एफ थाना धनारी में प्रार्थना पत्र दिया है साथ ही मृतक का पोस्टमार्टम कराने की भी पुलिस से गुहार लगाई है। फिलहाल इस मामले में प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। बड़ा सवाल यही है कि आखिर बिना नोटिस बुलडोजर चलाने का आदेश किसके इशारे पर दिया गया और क्या इस कार्रवाई की वजह से ही किसान के पिता की जान गई जांच के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। कि आखिर किस के पिता की मौत किन कर्म से हुई है वहीं मौके पर पहुंची थाना धनारी पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### सदमे में पिता की मौत

शाम को जब परिवार घर लौटा और टूटा-फूटा आशियाना देखा तो पिता भजनलाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में उन्हें बहजोई के निजी अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चंदौसी रेफर किया गया, लेकिन चंदौसी पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई।

### विपक्ष ने उठाए सवाल

घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक राम खिलाड़ी यादव के पुत्र और युवा नेता अखिलेश यादव पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने कहा कि ऐसे लेखपाल और कानूनगो पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए क्योंकि किसी भी अतिक्रमण को हटाने से पहले अतिक्रमणकारियों को तीन दिन पहले एक नोटिस दिया जाता है और उसे सूचना दी जाती है इसके बाद उसे पर कार्रवाई की जाती है लेकिन यहां राजस्व विभाग की टीम के द्वारा आशियाने को जमीनदोज कर दिया गया है जिससे किसान की दुग्ध मौत हुई है ऐसे कर्मचारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो और तत्काल निलंबन किया जाए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से पीड़ित परिवार को 20 लाख रुपये आर्थिक मुआवजा दिलाने की मांग भी की।

## फीता काटकर प्रतियोगिता का किया शुभारंभ



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

गुन्नौर। नगर गुन्नौर में भूतपूर्व चेयरमैन फारुक अली मैमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का समारोह पूर्वक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुन्नौर विधायक पुत्र अखिलेश यादव , विशिष्ट अतिथि पूर्व चेयरमैन मुजफ्फर अली कक्के थे, जबकि अध्यक्षता आबिद अली ने की। कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम अतिथियों ने विधिवत रूप से फीता काटकर व बाल के शॉट मारकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता के संयोजक आबिद अली ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 12 टीमे भाग ले रही है। उद्घाटन मैच वजाहत 11 व शानू 11 की टीमों के मध्य हुआ। जिसमें शानू 11 की टीम ने वजाहत 11 को 2 विकेट से हरा दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिलेश यादव ने कहा कि खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। अधिकांश कस्बों और गांवों में खेल की सुविधाएं नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को आगे बढ़ने में मौका नहीं मिल पाता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने में प्रेरित करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाने चाहिए तथा गांव-गांव में खेलों का माहौल बनाकर उच्च स्तरीय व्यवस्थाओं से युवाओं को उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। आज के समय में युवा मोबाइल की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। मोबाइल की लत का शिकार होने से युवा अपराध की ओर अग्रसर हो रहा है, जिससे उनके भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है। युवाओं को खेलों के प्रति अग्रसर करने के लिए सरकार को महत्वपूर्ण कदम उठाए जाने चाहिए। युवाओं को अपने भविष्य को लेकर एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ना चाहिए एवं देश के महान महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन को बेहतर बनाना चाहिए। प्रतियोगिता की विजेता टीम को 5100 रुपए नकदी व ट्राफी तथा उपविजेता टीम को 2100 रुपए नकदी व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।इस मौके पर रिजवान अंसारी, सपा नगर अध्यक्ष पप्पू सैफी, शोबी, गुड्ड, साजिद, इमरान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# खाद्य/पेय पदार्थों विभाग ने की छापामारी



**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

संभल।जिलाधिकारी सम्भल के निदेर्शानुसार खाद्य/पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी कार्यवाही हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग के प्रवर्तन दल द्वारा को इस्लामनगर रोड, बहजोई स्थित मै0 काजल एजेन्सीज पर छापामार कार्यवाही की गयी।

इस मौके पर मंगलदीप ब्राण्ड बटर मारग्रीन ब्लैण्ड खाद्य पदार्थ की 128 पेटी भण्डारित पायी गयीं जिसमें मिलावट का सन्देह होने पर नमूना संग्रहित कर हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया गया। मै0 काजल एजेन्सीज को केवल फैट एवं आयल के विक्रय हेतु खाद्य लाइसेंस प्राप्त था जबकि मौके पर उनके द्वारा विभिन्न प्रकार की दालें] चावल, मैदा आदि विक्रय हेतु भण्डारित पाये गये जो कि नियमविरुद्ध है जिनके विक्रय पर लाइसेंस प्राप्त किए जाने/अग्रिम आदेशों तक तत्काल रोक लगायी गयी।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006, नियम व विनियम-2011 के अन्तर्गत वांछनीय अभिलेख यथा-कर्मचारियों का मेडिकल फिटनेस, पेस्ट कण्ट्रोल सर्टिफिकेट, ट्रेनिंग सर्टिफिकेट आदि प्रस्तुत नहीं किये गये तथा साथ ही साफ-सफाई व्यवस्था सन्तोषजनक नहीं पायी गयी जिस हेतु फर्म को धारा-32 के अन्तर्गत नोटिस जारी किया गया है जिसका अनुपालन न करने पर खाद्य कारोबारकर्ता के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# हत्या के आरोपी पति ,पत्नी को पुलिस ने हथियार के साथ किया गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अकरौली में बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने रविवार की रात बड़ा रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ा कि देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। इस संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। जानकारी के मुताबिक 07 सितंबर 2025 की शाम करीब सात बजे गांव में खेलते समय चरण सिंह के पुत्र शिवा और भूरे पुत्र सियाराम के पुत्र विशाल के बीच कहा-सुनी हो गई थी। मामूली-सी बात को लेकर शुरू हुई नोकझोंक ने रात होते-होते बड़ा झगड़ा खड़ा कर दिया।

**देर रात घर में घुसकर हमला:** बताया जा रहा है कि रात करीब 9 बजे भूरे, उसकी पत्नी ओमवती और पुत्र विशाल अचानक चरण सिंह के घर में घुस आए। भूरे के हाथ में छुरा और ओमवती के हाथ में डंडा था। तीनों ने मिलकर चरण सिंह पर हमला बोल दिया। बचाने आए परिजनों पर हमला

चरण सिंह की चीख-पुकार सुनकर शिकायतकर्ता, उनका पुत्र रूप कुमार और भाई छविराम पुत्र करण सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव करने लगे। तभी गुस्से में भरे भूरे ने अपने हाथ में लिए छुरे से जानलेवा हमला करते हुए रूप कुमार के पेट में घोंप दिया। इस बीच ओमवती और विशाल ने भी शिकायतकर्ता के साथ मारपीट की।

अस्पताल ले जाते समय मौत। घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को चंदौसी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहां रूप कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे मुरादाबाद रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही रूप कुमार ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।



### गांव में तनाव, पुलिस सतर्क

घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मृतक का शव घर पर रखा गया है। परिजन आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तहरीर के आधार पर भूरा , ओमवती व एक नाबालिग के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने मंगलवार को हत्या के आरोपी भूरा व उसकी पत्नी ओमवती को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### एनजीओ संग अधिशासी अधिकारी मणिभूषण तिवारी ने चलाया कचरा पृथक्करण अभियान

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /सम्भल । मंगलवार सुबह नगर पालिका परिषद संभल और सामाजिक कार्यकर्ता संगठन एनजीओ की आइ ई सी टीम द्वारा संयुक्त रूप से कचरा पृथक्करण हेतु जागरूकता अभियान चलाया। ये अभियान वार्ड 11 कोर्ट पूर्वी व वार्ड 14 सरथल चौकी में चलाया गया जिसमें स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के सदस्यों को ईओ मणिभूषण तिवारी व संस्थाध्यक्ष नोमान जमाल द्वारा कचरा पृथक्करण डेमो इत्यादि दिखाते हुए बताया कि घरेलू कचरे में अधिकांश गीला और सूखा कूड़ा मिश्रित होता है जिसका निस्तारण सम्भव नही है और बीमारियों का भी ये बड़ा कारण बनता है अतः इस कूड़े को घर से अलग करें और स्वच्छता कर्मी को दें इधर उधर न डालें। बताया कि अपने नगर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने के लिए इन बातों का विशेष ध्यान रखें तभी स्वच्छ भारत मिशन को कामयाबी मिलेगी वहीं आप और हम एक स्वस्थ वातावरण में जी सकेंगे कार्यक्रम में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोगी करन सिंह का भी सहयोग रहा। अंत मे वार्ड सभासद राजेन्द्र कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।



### बबराला के इंटर कॉलेज में कर्मयोगी मिशन कार्यक्रम आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस/गुन्नौर। बबराला बाबूराम सिंह इंटर कॉलेज, बबराला में मंगलवार को कर्मयोगी मिशन के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बहजोई से पधारे श्री कृष्णानंद झा स्वामी ने छात्र-छात्राओं को क, ख, ग मिशन और अ, आ, इ, ई मिशन की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मिशन का मुख्य उद्देश्य पठन-पाठन की गुणवत्ता को बढ़ाना है। झा स्वामी ने कहा कि कर्मयोगी केवल भौतिक ज्ञान से नहीं, बल्कि आत्मिक और आध्यात्मिक ज्ञान से बन सकता है। निस्वार्थ भाव से सृष्टि और लोक की सेवा ही कर्मयोगी का वास्तविक लक्ष्य है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगन्नाथ सिंह ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नैतिक मूल्यों, आध्यात्मिक ज्ञान और सामाजिक सरोकारों के निर्माण पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को आत्मचिंतन कर स्वयं को पहचानने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहित कुमार सैनी ने किया। इस अवसर पर विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।



# श्रीमद्भागवत कथा से पहले निकाली कलश यात्रा

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



चंदौसी। नगर में मंगलवार को श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया, इससे पहले महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली । ढोल नगाड़ों की धुन पर श्रद्धालुओं ने नृत्य किया और श्रीमद्भागवत कथा का गुणगान किया । श्री श्री 108 महंत रमेश दास महाराज जी ने कथा प्रारंभ की, उससे पहले महिलाओं ने भक्तजनों ने सिर पर श्रीमद्भागवत कथा लेकर चले , दोनों हाथों से ताली बजाकर भगवान कृष्ण का गुणगान करते नजर आए , अधिक संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर ब्रह्मदेव मंदिर ब्रह्मा बाजार से विभिन्न मार्गो से होकर रामबाग धाम पहुंचे ।

व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने कलश यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया । श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया, मौसम गुप्ता, रागिनी गुप्ता, मधुर गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, मयंक चौधरी, दिव्या चौधरी, व श्रीमती निर्मला गुप्ता पत्नी स्वर्गीय श्री आर सी गुप्ता ने यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा कथा स्थल एमसीएक्स गोदाम अजंता रोड कैटल गेट चंदौसी पर पहुंचकर रामबाग धाम समापन हुई कलश यात्रा, कथा व्यास रमेश दास महाराज (पिथौरागढ उत्तराखंड) ने श्रीमद्भागवत कथा के बारे में श्रद्धालुओं को जानकारी दी। बताया कि पितृ पक्ष में कथा सुनने से पितृ की आत्मा को शांति मिलती है। समय से कथा सुने महंत शाम तीन बजे से सात बजे तक 9 सितंबर से 16 सितंबर तक कथा का श्रवण करें । कलश यात्रा के बाद आरती और प्रसाद वितरण किया गया ।हाथरस मण्डली द्वारा बहुत सुन्दर भजनो के साथ श्रद्धालुओं ने आनन्द लिया जोकि रामबाग धाम जाकर समापन हुआ । जिसमें मौसम गुप्ता, तेजेन्द्र पाल चौधरी, मधुर गुप्त, कपिल गुप्ता (डछत्रक्), डॉ नरेन्द्र कुमार, सूर्यांश गुप्ता, माधव गुप्ता, अमन गुप्ता, राजेश गुप्ता, गणेश चौधरी, अनुज गुप्ता व अन्य शहर की भारी मात्रा में लोग उपाधित रहे है ।

## तालाब में डूबने से हिमांशु की मौत

नेशनल एक्सप्रेस/चंदौसी।थाना कुढफतेहगढ़ खेलने को गया 12 वर्षीय हिमांशु की तालाब में डूब कर मौत हो गई हालांकि सूचना क्षेत्रीय लोगों को मिली जहां सूचना परिजनों को दी गई बच्चों को तालाब में डूबने की सूचना पर परिवार में और कोहराम मच गया और बच्चे को आनंन फानन परिजन तालाब पर पहुंचे और बच्चे को चंदौसी ले जाया गया जहां डॉक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया मंगलवार शाम 3:00 बजे के करीब 12 वर्षीय हिमांशु खेलने के लिए बाग वाले तालाब के पास गया था जहां अचानक तालाब में अंदर घुस गया तालाब की गहराई अधिक होने पर डूब गया जबकि मौजूद क्षेत्रीय लोगों ने देखा तो सूचना परिजनों को दी गई और तालाब से हिमांशु को बाहर निकाला गया जबकि मौके पर पहुंचे परिजनों ने हालत गंभीर होने पर चंदौसी लेकर के पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे देख मृत घोषित कर दिया और बच्चे के शव को घर वापस ले आये जहां मौके पर भारी भीड़ एकत्र हो गई और परिवार के सभी लोगों का रो रो करके बुरा हाल है हालांकि घटना की जानकारी परिजनों दी है



# त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन - 2026 के संबंध में बैठक का हुआ आयोजन

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**



संभल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में अर्हता तिथि 01-01-2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण ( एसआईआर ) कार्यक्रम से पूर्व की गतिविधियों के अन्तर्गत सम्प्रति चल रहे कार्यों एवं आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन - 2026 के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत इस विषय के साथ , सभी राजनैतिक दलों द्वारा बूथ लेविल एजेंट्स( बीएलए) की विधानसभा, क्षेत्रवार, एवं बूथवार नियुक्ति, बरेली मुरादाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों की तैयारी तथा आसन्न त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2025-26 के कार्यों के संबंध में सक्रिय समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/ राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक बूथ पर अपना बीएलए नियुक्त कर लें। ताकि वोटर लिस्ट की पारदर्शिता बनी रहे।बीएलए फॉर्म एक एवं दो पर भी चर्चा की गयी एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया गया।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बरेली- मुरादाबाद खण्ड शिक्षक चुनाव में 6 मतदेय स्थल बनेंगे जिनमें असमोली, सम्भल, चंदौसी,बहजोई, रजपुरा, गुन्नौर,इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी,उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार, डिप्टी कलक्टर नीतू रानी, डिप्टी कलक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा,जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी असगर अली अंसारी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस मौ. आरिफ, नगर अध्यक्ष भाजपा ललित मोहन, जिला सचिव बहुजन समाज पार्टी राम बहादुर,एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# चुनाव और लोकतांत्रिक सहमति का सवाल

आज देश में उपराष्ट्रपति पद का चुनाव हो रहा है। यह पद भारतीय संविधान की दृष्टि से दूसरा सर्वोच्च संवैधानिक दायित्व है। स्वाभाविक रूप से उम्मीद की जाती है कि इस तरह के उच्च पदों पर चयन आम सहमति से हो और चुनाव की नौबत न आए। इतिहास में कुछ उदाहरण भी हैं, जब उपराष्ट्रपति निर्विरोध चुने गए। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन इसका सबसे बड़ा प्रमाण हैं, जिन्हें 1952 और 1957 में लगातार दो बार निर्विरोध उपराष्ट्रपति चुना गया। आगे चलकर मई 1962 से 1967 तक वे देश के राष्ट्रपति भी बने। उनके बाद भी यह परंपरा पूरी तरह टूटी नहीं थी। 1979 में एम. हिदायतुल्लाह और 1987 में शंकर दयाल शर्मा निर्विरोध उपराष्ट्रपति बने।राष्ट्रपति को देश का प्रथम नागरिक और सेनाओं का सर्वोच्च कमांडर माना जाता है। केंद्र सरकार राष्ट्रपति के नाम पर ही काम करती है। ऐसे में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति जैसे पद केवल संवैधानिक नहीं, बल्कि प्रतीकात्मक भी होते हैं। इसलिए आम सहमति से इन पर चयन लोकतंत्र की परिपक्वता को दर्शाता। दुर्भाग्य से बीते दशकों में यह परंपरा कमजोर पड़ गई है। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम इसका अच्छा उदाहरण हैं। वे 'भारत रत्न' से सम्मानित, परमाणु परीक्षणों के सूत्रधार और देश के 'मिसाइल मैन' कहे जाते थे। उनके दूसरे कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति बनाने की कोशिशें हुईं, लेकिन राजनीतिक समीकरणों के चलते सहमति नहीं बन पाई और उन्हें भी चुनावी बहुमत पर ही निर्भर रहना पड़ा।वर्तमान उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भी यही स्थिति देखने को मिल रही है। मोदी सरकार चाहती थी कि इस बार उम्मीदवार निर्विरोध चुने जाएं, लेकिन विपक्ष ने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया। दरअसल विपक्ष का मानना है कि लोकतंत्र में चुनावी मुकाबला होना ही असली लोकतंत्र है। लेकिन क्या सचमुच हर जगह यह अवधारणा सही बैठती है? लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव भी कई बार सर्वसम्मति से हुआ है। तब भी आंकड़े सत्ता पक्ष के पक्ष में ही रहते हैं, फिर भी विपक्ष सहमति देता आया है। प्रश्न यह है कि जब स्पीकर पर सहमति संभव है, तो राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति जैसे सर्वोच्च पदों पर क्यों नहीं?वर्तमान संसद की स्थिति पर नजर डालें तो लोकसभा में विपक्ष के पास करीब 236 सांसदों का समर्थन है, जबकि सामान्य बहुमत के लिए 272 की जरूरत होती है। भाजपा 240 सांसदों के साथ सबसे बड़ी पार्टी जरूर है, लेकिन एनडीए गठबंधन मिलाकर उसके पास 293 सांसद हैं, जिससे सरकार बन पाई। यदि स्पीकर के चुनाव में सहमति बन सकती है, तो उपराष्ट्रपति पद के लिए भी यह मुमकिन होना चाहिए था। मगर विपक्ष ने इस बार अलग रास्ता चुना।एनडीए के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन का जीतना लगभग तय माना जा रहा है। उनके पक्ष में लोकसभा के 299 और राज्यसभा के 140 सांसद हैं। कुल मिलाकर 439 सांसदों का समर्थन उन्हें हासिल है। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने जस्टिस सुदर्शन रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है, जिन्हें लगभग 324 सांसदों का समर्थन प्राप्त बताया जा रहा है। इनमें लोकसभा के 236 और राज्यसभा के 91 सदस्य शामिल हैं। कुछ दल जैसे बीजद, बीआरएस, अकाली दल, जद-एस तथा कुछ निर्दलीय सांसद अभी अपने रुख को स्पष्ट नहीं कर पाए हैं। आंध्रप्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस ने खुलकर एनडीए का समर्थन किया है।इस चुनाव में एक खास बात यह है कि किसी भी दल को अपने सांसदों पर 'व्हिप' लगाने का अधिकार नहीं होता। यानी हर सांसद अपनी समझ और विवेक से मतदान करता है। कई बार इस वजह से 'क्रॉस वोटिंग' भी हो जाती है और परिणाम अप्रत्याशित रूप ले सकते हैं।इतिहास में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और हामिद अंसारी ही ऐसे नेता रहे हैं, जिन्हें लगातार दो बार उपराष्ट्रपति चुना गया। वहीं दो महिला नेताओं—नजमा हेपतुल्ला और मार्गरेट अल्वा—को उम्मीदवार जरूर बनाया गया, लेकिन वे जीत नहीं पाईं। यह स्थिति इस ओर भी संकेत करती है कि राजनीति के सर्वोच्च पदों पर महिलाओं की भागीदारी अभी भी सीमित है।उपराष्ट्रपति का पद अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# निराशा से आशा की ओर: आत्महत्या के खिलाफ जंग



ललित गर्ग



> आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये।

दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम "चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड" रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये।

निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है। आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता का डर और तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं।

भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज़ से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, परिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है।

दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते। किसानों की आत्महत्या, आर्थिक तंगी, व्यापार में नुकसान, रिश्तों का टूटना, तलाक और अभाव की स्थिति आत्महत्या की सबसे बड़ी जड़ें हैं। समाज और परिवार का विघटन भी व्यक्ति को असहाय बना देता है।

आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। टॉयनबी ने ठीक ही कहा है कि कोई भी संस्कृति हत्या से नहीं बल्कि आत्महत्या से मरती है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सरकारों, संगठनों, समुदायों और परिवारों की जिम्मेदारी है कि वे संवाद और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें। जब कोई व्यक्ति संकट में हो तो परिवार, दोस्त, पड़ोसी और सहकर्मी उसे अकेला न छोड़ें बल्कि उसका हाथ थामें। हमें एक ऐसी सामाजिक संरचना बनानी होगी जहां मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस माना जाए। जहां तनाव और अवसाद को गंभीरता से समझा जाए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले। जहां बच्चों को बचपन से ही संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाए और असफलताओं को जीवन का हिस्सा समझने का दृष्टिकोण विकसित किया जाए। आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यही संदेश देता है कि आत्महत्या से बचा जा सकता है, संवाद और सहयोग से जीवन बदला जा सकता है, और हर व्यक्ति को नई शुरुआत का अवसर दिया जा सकता है। यह दिन हमें यह समझाने आता है कि जिंदगी कठिन जरूर है लेकिन जीने के विकल्प हमेशा मौजूद हैं।

## इतिहास में आज का दिन

10 सितम्बर का दिन विश्व और भारत दोनों के इतिहास में कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा है। यह तिथि अलग-अलग कालखंडों में सामाजिक, राजनीतिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक परिवर्तनों का साक्षी रही है। इतिहास के पन्नों में 10 सितम्बर से जुड़े अनेक प्रसंग ऐसे हैं जो न केवल तत्कालीन समाज की दिशा को प्रभावित करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बने।सबसे पहले यदि हम विश्व इतिहास की ओर देखें तो 10 सितम्बर, 1898 का दिन विशेष रूप से दर्ज है। इसी दिन ऑस्ट्रिया की महारानी एलिज़ाबेथ की जिनेवा में हत्या कर दी गई थी। यह घटना उस दौर की यूरोपीय राजनीति में बड़ा झटका मानी गई। महारानी एलिज़ाबेथ को उनकी लोकप्रियता और उनके आधुनिक विचारों के लिए जाना जाता था। उनकी हत्या ने उस समय के राजशाही तंत्र की असुरक्षा और अस्थिरता को उजागर कर दिया।वैज्ञानिक उपलब्धियों के लिहाज से भी 10 सितम्बर उल्लेखनीय है। 2008 में इसी दिन स्विट्ज़रलैंड के जेनेवा में यूरोपियन ऑर्गनाइजेशन फॉर न्यूक्लियर रिसर्च (CERN) ने "लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर" (LHC) का प्रयोग शुरू किया। यह उस समय तक का सबसे बड़ा और जटिल वैज्ञानिक प्रयोग था। इसका उद्देश्य ब्रह्मांड की उत्पत्ति के रहस्यों को समझना था। बिग बैंग के सिद्धांत को परखने और पदार्थ के मूल कणों को जानने के लिए इस प्रयोग को मील का पत्थर माना गया। इस परियोजना से विश्वभर में विज्ञान और अनुसंधान की नई लहर चली और भौतिकी के क्षेत्र में गहन अध्ययन का मार्ग प्रशस्त हुआ।राजनीतिक इतिहास की दृष्टि से 10 सितम्बर, 1960 को अफ्रीकी महाद्वीप में एक नया अध्याय लिखा गया। इसी दिन अफ्रीकी देश नाइजीरिया ने ब्रिटेन से पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त की। उपनिवेशवाद से मुक्ति की इस प्रक्रिया ने न केवल नाइजीरिया बल्कि पूरे अफ्रीकी महाद्वीप में स्वतंत्रता आंदोलनों को प्रोत्साहित किया। नाइजीरिया की आज़ादी के बाद अन्य उपनिवेशित राष्ट्रों ने भी अपने अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद की। इस प्रकार 10 सितम्बर को अफ्रीका के इतिहास में स्वतंत्रता और स्वाभिमान का प्रतीक माना जा सकता है।यदि भारत के संदर्भ में देखें तो 10 सितम्बर, 1967 का दिन साहित्य जगत के लिए महत्वपूर्ण है। इसी दिन प्रसिद्ध कवि, लेखक और व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई का निधन हुआ। परसाई जी अपने लेखन में सामाजिक विडंबनाओं और व्यवस्था की खामियों को बड़े ही व्यंग्यात्मक अंदाज़ में प्रस्तुत करते थे। उनकी रचनाएँ आज भी भारतीय साहित्य के पाठकों को प्रेरित करती हैं और समाज को आत्ममंथन के लिए विवश करती हैं। इस तरह 10 सितम्बर भारतीय साहित्य और संस्कृति के लिए भी स्मरणीय हो गया।इसके अलावा खेलों के इतिहास में भी 10 सितम्बर का स्थान विशेष है। इस तिथि पर कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में यादगार उपलब्धियाँ दर्ज हुईं। उदाहरण के तौर पर, टेनिस और फुटबॉल जगत में इस दिन अनेक महत्वपूर्ण मुकाबले खेले गए जिनका प्रभाव खिलाड़ियों के करियर और खेलों की लोकप्रियता पर दीर्घकालिक रहा।सामाजिक दृष्टि से भी 10 सितम्बर की अहमियत है क्योंकि इसे पूरे विश्व में "विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस" के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और आत्महत्या जैसी गंभीर समस्या पर अंकुश लगाना है। मानसिक तनाव, अवसाद और जीवन की चुनौतियों से जूझ रहे लोगों के लिए यह दिन आशा और सकारात्मकता का संदेश लेकर आता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा अन्य संस्थाएँ इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करती हैं, जिनका मकसद लोगों को मानसिक स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशील बनाना है।

## समसामयिक

# विदिशा में पुस्तक मेला



डॉ. सुरेश गर्ग

विगत पखवाड़ा विदिशा के 'रविंद्र' भवन में 'पुस्तक मेला' का सात दिवसीय वृहत एवं भव्य सफल आयोजन हुआ। इसे हिंदी का दुर्भाग्य कहा जाय या स्थानीय विशेषता कि श्री रवींद्रनाथ टैगोर जैसी महान विभूति के नाम पर निर्मित भवन पर उनका सही नाम न लिखा जाकर बोलचाल की बोली में-'रविंद्रनाथ टैगोर भवन' लिखा गया है। यह तो कुछ नहीं, भोपाल के नामी विश्वविद्यालय के वाहन पर अंग्रेजी में 'रबिंद्रनाथ' लिखा देखा जा सकता है। बेचारे 'व' को बकरी के 'ब' की तरह काट-पीट दिया गया है! नाम में क्या रखा है, यह क्या कम है कि यहाँ एक भव्य और विशाल ऑडिटोरियम है! इसका निर्माण तात्कालीन सांसद और केंद्रीय विदेशमंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज जी के प्रयास से संभव हुआ था। इस घोषणा के साथ कि, यह स्थानीय साहित्यकार एवं कला-संस्कृति से जुड़े मनीषियों के लिए स्वाध्याय एवं कार्यशालाओं के लिए आसानी से उपलब्ध होगा...!

स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों को जानने-सीखने का मौक़ा मिलेगा एवं आमजनता के बीच साहित्यिक-सांस्कृतिक वातावरण पैदा होगा! परन्तु ऐसा कुछ नहीं हुआ, क्योंकि बनने के बाद से यह नगरपालिका के अधीन है। जिसका उपयोग करना इतना महंगा और मुश्किलभरा है कि अधिकांशतया यह शासकीय या सत्तासमर्थित आयोजनों के उपयोग के लिए उपलब्ध होता देखा गया है! स्थानीय ग़रीब साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएँ उसको पाने की हिम्मत ही नहीं कर पातीं। परन्तु जिला प्रशासन की पहल पर यहाँ आयोजित पुस्तक मेला में आमजनता ने पहला बार इसका भरपूर लाभ उठाया। मुझे भी मौक़ा मिला, परन्तु जब हम पहली मंजिल पर भ्रमण कर रहे थे, तब यदि मेरे साथी श्री अरविंद श्रीवास्तव ने आगाह नहीं किया होता तो मेरी 'कपाल क्रिया' हो जाती...! वहाँ एक स्थान पर बहुत खतरनाक तरीके से छत का हिस्सा इतना नीचा और नुकीला है कि सामान्य ऊंचाई वाले व्यक्ति का सिर उससे टकराने पर लहु-लुहान होने से नहीं बच सकता! श्री श्रीवास्तव इस आयोजन के दौरान प्रतिदिन सुबह से शाम तक अपना सेवा-सहयोग प्रदान करते रहे, उनका बहुत-बहुत आभार! उपरोक्त बातों का पुस्तक मेला से कोई लेना देना नहीं होना चाहिए, क्योंकि ऐसी विकृत विशेषताएँ तो सरकारी निर्माण की पहचान होती हैं! शुक्रिया इस बात का अदा करना चाहिए कि यहाँ बरसों बाद इतने वृहत एवं भव्य रूप में शानदार आयोजन आयोजित हुआ। सात दिन तक नगर साहित्य, संस्कृति एवं पुस्तकमय रहा...! प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर चर्चा-परिचर्चाएँ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्कूली विद्यार्थियों के बीच सार्थक स्पर्धाएँ आयोजित हुईं। बाहर से बुद्धिजीवी बुलाये गये, उनके संभाषण हुए; परन्तु उनके समकक्ष जिले के कई मनीषियों को याद नहीं किया गया...! शायद, इसलिए कि ऐसा करने पर व्यक्तिगत अहं का रायता फैलने का डर होता है! यह आयोजन शासकीय विभागों द्वारा संचालित किया गया, इसलिए जितनी उनके पास जानकारी और इच्छाशक्ति थी एवं सलाहकार उपलब्ध थे, उसके अनुरूप उन्होंने यथायोग्य करने का प्रयास किया। उनका साधुवाद! प्रकाशकों के नाम पर मुख्यरूप से नेशनल बुक डिपो ही था। अन्य जो प्रकाशक थे, वे आमनागरिकों को आकर्षित नहीं कर सके, क्योंकि बहुत महंगें थे। पुस्तकों की क़ीमत के मामले में बड़ी विचित्र व्यवस्था यह थी कि आम नागरिक के लिए 10 प्रतिशत की छूट थी और स्कूल के लिए २५प्रतिशत की। यह बात अलग है कि किसी को २५ प्रतिशत की छूट चाहिए तो वह कोई काल्पनिक स्कूल का नाम लिखा कर वह लाभ उठा सकता था, उसके लिए किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं थी। यदि आप स्वयं कार्यक्रम आयोजक समूह में से एक हैं या आपका कोई नाते-रिश्तेदार अथवा पहचानी उसमें है तो उसकी सिफारिश पर आपको ३०प्रतिशत की छूट मिल सकती थी। परन्तु खरीदने वालों पर इसका बहुत फर्क पड़ता नहीं दिखा, क्योंकि उनके लिए घर बैठे किताब मिलना ज्यादा फ़ायदेमंद होता है! इसीलिए पुस्तक संग्रहकर्ताओं को 'बुक वॉर्म' कहा गया है। इस भव्य एवं सफल आयोजन के जनक कलेक्टर महोदय का बहुत-बहुत धन्यवाद! काश, इस आयोजन में जिले के साहित्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से संबंधित मनीषियों को सक्रियरूप से जोड़ा गया होता तो यह अनूठी यादगार बन कर रहता! इसके बावजूद इस आयोजन ने एक अच्छी परंपरा शुरू की कि यह बिना किसी विज्ञापनी दिखावटी उदघाटन एवं समापन समारोह के आयोजित किया गया, वरना यहाँ हर छोटे-से-छोटा कार्यक्रम प्रपंची उद्घाटन और समापन के साथ संपन्न होने की परंपरा रही हैं! भविष्य में सस्ता साहित्य प्रकाशन, पॉकेट बुक्स प्रकाशन, नवजीवन प्रकाशन आदि की भागीदारी हो तो आम नागरिको के बीच पुस्तकें अधिक पहुँच सकती हैं!

# मेड इन इंडिया अस्पताल: सस्ती और अभिनव

विजय गर्ग

भारत के स्वास्थ्य सेवा परिदृश्य को ₹मेड इन इंडिया₹ अस्पतालों की बढ़ती संख्या द्वारा चिह्नित किया गया है जो सस्ती और अभिनव चिकित्सा देखभाल दोनों प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहे हैं। यह प्रवृत्ति सरकारी पहलों, एक संपन्न स्वास्थ्य-तकनीक स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र और स्वदेशी चिकित्सा उपकरण निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के संयोजन से प्रेरित है। भारत में आज, स्वास्थ्य सेवा का विरोधाभास है।

एक ओर, देश फार्मास्यूटिकल्स और टीकों में नवाचार और विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। दूसरी ओर, उन्नत स्वास्थ्य सुविधाएं काफी हद तक महानगरीय शहरों में केंद्रित हैं। भारत की 70 प्रतिशत से अधिक आबादी टियर II, टियर III शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है, फिर भी तृतीयक देखभाल - कैंसर, हृदय संबंधी बीमारियों या गुर्दे की विफलता जैसी स्थितियों के लिए महत्वपूर्ण है - अत्यधिक मेट्रो-केंद्रित है। यह शहरी तिरछा लाखों परिवारों को लंबी दूरी की यात्रा करने के लिए मजबूर करता है, अक्सर वित्तीय लागत को कम करने के लिए, देखभाल का उपयोग करने के लिए। इस असंतुलन का समाधान अधिक महानगरीय ₹सुपर-स्पेशियलिटी₹ द्वीप बनाने में नहीं है, बल्कि मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स के निर्माण में है - पूरी तरह से स्वदेशी चिकित्सा प्रौद्योगिकियों और बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित विश्व स्तरीय अभी तक सस्ती संस्थाएं। यह दृष्टि आकांक्षात्मक नहीं है; यह कार्रवाई योग्य है।

सस्ती हेल्थकेयर और प्रमुख खिलाड़ी ₹मेड इन इंडिया₹ हेल्थकेयर मॉडल के सबसे परिभाषित पहलुओं में से एक सामर्थ्य पर इसका जोर है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता चिकित्सा उपचार को व्यापक आबादी के लिए सुलभ बनाना है। इस प्रयास में कई अस्पतालों और सरकारी योजनाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है:

मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स का आर्थिक प्रभाव बहु-गुना है। पहला लाभ सस्ती स्वदेशी उपकरणों की सोर्सिंग करके अस्पतालों के निर्माण की कम पूंजी लागत है। दूसरे, ये अस्पताल परिवारों के लिए भयावह स्वास्थ्य खर्च को रोकते हुए, रोगी व्यय को कम कर सकते हैं। तीसरा, विनिर्माण, स्वास्थ्य सेवा और रसद में स्थानीय नौकरियां उत्पन्न की जाएंगी।

अंत में, निर्यात को बढ़ावा मिलता है, भारत को आयातक से अस्पतालों और उपकरणों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता में बदल दिया जाता है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात, वे हेल्थकेयर इक्विटी गैप को बंद कर देते हैं। टियर III शहर में एक कैंसर रोगी को कीमोथेरेपी के लिए मेट्रो से 500 किमी की यात्रा करने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। मेड इन इंडिया हॉस्पिटल्स के साथ, देखभाल उनके दरवाजे पर आती है।

**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली:** एक प्रमुख सरकारी संस्थान के रूप में, ऐआईआईऐएस अत्यधिक रियायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है। यह सरकारी धन प्राप्त करता है, जो निजी अस्पतालों की तुलना में परामर्श शुल्क, नैदानिक परीक्षण और सर्जिकल प्रक्रियाओं को काफी सस्ता बनाता है। एम्स समय से पहले शिशुओं के लिए स्वदेशी सर्फेक्टेंट विकसित करने जैसे अनुसंधान को भी अग्रणी करता है।

**नारायण स्वास्थ्य:** डॉ। देवी शेट्टी, एक प्रसिद्ध कार्डियक सर्जन, नारायण हेल्थ उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा देखभाल को जनता के लिए सस्ती बनाने के लिए समर्पित है। देश भर के अस्पतालों के नेटवर्क के साथ, यह लागत प्रभावी, उच्च मात्रा वाली स्वास्थ्य सेवा वितरण के लिए एक मॉडल बन गया है।

**सरकारी योजनाएं:** आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना ( पीएम- जेऐवाई) जैसी पहल महत्वपूर्ण हैं। पीएम- जेऐवाई दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य आश्वासन योजना है, जो 120 मिलियन से अधिक कमजोर परिवारों को माध्यमिक और तृतीयक देखभाल अस्पताल में भर्ती के लिए प्रति वर्ष $ 500,000 प्रति परिवार का स्वास्थ्य कवर प्रदान करती है। इस योजना का उद्देश्य विनाशकारी स्वास्थ्य व्यय को कम करना है जो हर साल लाखों लोगों को गरीबी में धकेल देता है। नवाचार और प्रौद्योगिकी भारतीय अस्पताल और स्वास्थ्य-तकनीक कंपनियां नवाचार में सबसे आगे हैं, रोगी की देखभाल में सुधार, संचालन को सुव्यवस्थित करने और स्वदेशी चिकित्सा समाधान विकसित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठा रही हैं।

**स्वदेशी चिकित्सा उपकरण:** चिकित्सा उपकरण क्षेत्र में ₹मेड इन इंडिया₹ आंदोलन मजबूत है। भारत सिरिंज और कैनुलस जैसे सरल उपभोग्य सामग्रियों से लेकर वेंटिलेटर, सीटी स्कैनर और सर्जिकल रोबोट जैसे अधिक जटिल उपकरणों तक उपकरणों की बढ़ती रेंज का निर्माण कर रहा है।

**एसएसआई-मंत्र:** एक उल्लेखनीय उदाहरण पहली बार ₹मेड-इन-इंडिया₹ सर्जिकल रोबोट प्रणाली है, जिसे मेड-टेक स्टार्टअप एसएस इनोवेशन द्वारा विकसित किया गया है, और नई दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर संस्थान में तैनात किया गया है।

मेडिसिस: भारत की सबसे पुरानी चिकित्सा उपकरण कंपनियों में से एक, मेडिसिस का देश के पहले स्वदेशी रूप से निर्मित वेंटिलेटर को विकसित करने का इतिहास है और अब रेडियोलॉजी और ऑन्कोलॉजी उपकरणों को शामिल करने के लिए अपने विनिर्माण का विस्तार कर रहा है। डिजिटल स्वास्थ्य और एआई: भारतीय स्वास्थ्य-तकनीकी स्टार्टअप अभिनव समाधान बनाने के लिए एआई, बड़े डेटा और टेलीहेल्थ का लाभ उठा रहे हैं।

एआई-संचालित निदान: रिवील हेल्थटेक जैसी कंपनियां एआई समाधान विकसित कर रही हैं जो ऑन्कोलॉजी और नैदानिक परीक्षणों जैसे क्षेत्रों में सहायता करने के लिए चिकित्सा छवियों के साथ इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड (ईएचआर) से संरचित डेटा को एकीकृत करती हैं।

**टेलीहेल्थ और रिमोट केयर:** टेलीहेल्थ को अपनाने से वृद्धि हुई है, जिससे दूरस्थ परामर्श और घर पर नैदानिक सेवाओं की अनुमति मिलती है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा अधिक सुलभ हो जाती है।

**अनुसंधान और विकास:** भारतीय अनुसंधान संस्थान स्वास्थ्य सेवा नवाचार को चलाने के लिए अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग कर रहे हैं।

आईआईटी मद्रास ने स्केलेबल, एआई-संचालित अनुप्रयोगों और कम लागत वाले निदान को विकसित करने के लिए अमेरिका में एलएसयू हेल्थ के साथ भागीदारी की है।

इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च भी उद्योग भागीदारों के लिए होमग्रोन प्रौद्योगिकियों का लाइसेंस देकर एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, सार्वजनिक अनुसंधान से बड़े पैमाने पर कार्यान्वयन के लिए नवाचारों के हस्तांतरण में तेजी लाता है। पारिस्थितिकी तंत्र मेड इन इंडिया अस्पतालों का उदय एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र द्वारा समर्थित है।

# समर्थ उत्तर प्रदेश - विकसित उत्तर प्रदेश @ 2047 अभियान के तहत गोष्ठी का हुआ

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।



**कानपुर देहात,** 2025।"समर्थ उत्तर प्रदेश – विकसित उत्तर प्रदेश @2047" अभियान के अंतर्गत आज राजावत द फ़र्न होटल, रायपुर, कानपुर देहात में एक महत्वपूर्ण बैठक/गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी श्री जी.एस. प्रियदर्शी, आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा की गई।

बैठक में विशेष रूप से जिलाधिकारी कपिल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन., प्रयुद्धजन से.नि. आई.आर.एस. अमरेश चन्द्र शुक्ला, उपायुक्त उद्योग मो. सउद, अग्रणी जिला प्रबंधक, मण्डल अध्यक्ष लघु उद्योग भारती अनुराग मालवीय, पी.आई.ए. प्रवीण शर्मा, चेयरमैन सीमा हरदीप सिंह राखरा, अध्यक्ष सी.आई.ए. ऋषि कपूर, अध्यक्ष आई.आई.ए. पियूष जैन सहित अनेक उद्यमी व अधिकारी उपस्थित रहे।गोष्ठी के दौरान नोडल अधिकारी श्री प्रियदर्शी ने अभियान से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की और उद्यमियों से संवाद स्थापित किया।

इस अवसर पर प्रतिभागियों ने औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने संबंधी अपने विचार व सुझाव प्रस्तुत किए। उद्यमियों ने विजन 2047 के तहत कई महत्वपूर्ण बिंदु रखे, जिनमें औद्योगिक क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार, ड्रेनेज व्यवस्था, औद्योगिक प्राधिकरण का गठन, कानपुर देहात को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में विकसित करना, फैक्ट्री एक्ट व लेबर एक्ट में सुधार तथा सरकारी खरीद में एमएसएमई को प्राथमिकता जैसे सुझाव प्रमुख रहे।इससे पूर्व नोडल अधिकारी ने विकास खंड अमरौधा सभागार में प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, एएनएम, ग्राम सचिवों एवं आम नागरिकों से संवाद किया।

इस संवाद में ग्रामीणजनों ने भी विकसित भारत विजन 2047 हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव साझा किए। प्रमुख सुझावों में बैंक सखियों की आय ₹4000 से बढ़ाकर ₹10000-₹12000 प्रतिमाह करना, नियमित प्रशिक्षण, गांव की बंजर भूमि का उपयोग, पर्यटन क्षेत्र का विकास, सड़क नेटवर्क का विस्तार, नहरों से सिंचाई की व्यवस्था, मनरेगा में रोजगार की उपलब्धता, ग्राम समाज की भूमि का सदुपयोग, मलेरिया उन्मूलन, जलभराव से निजात और गड्ढामुक्त सड़कें शामिल थीं।बैठक के अंत में नोडल अधिकारी ने आमजन से अपील की कि वे उपलब्ध कराए गए बारकोड के माध्यम से अपने सुझाव साझा करें ताकि प्रदेश के विकास में सभी की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अमरौधा खंड विकास कार्यालय का निरीक्षण भी किया और कार्यालय को सुसज्जित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।ब

ैठक में जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, उपायुक्त एनआरएलएम, संबंधित खंड विकास अधिकारी, जनप्रतिनिधि, ग्राम प्रधान व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु अनुसूचित जाति छात्रावासों में प्रवेश रिक्तियां

*–समाज कल्याण विभाग : छात्रावास प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारम्भ*

*–25 सितम्बर तक करें छात्रावास प्रवेश हेतु आवेदन*

*– 25 सितम्बर तक करें छात्रावास प्रवेश हेतु आवेदन*

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर नगर,** जिला समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह ने बताया कि जनपद कानपुर नगर में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय अनुसूचित जाति बालक/बालिका छात्रावासों में शासन के निर्देशों के अनुसार शैक्षिक सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश के लिए रिक्तियां उपलब्ध हैं। उन्होंने छात्रावासों की क्षमता एवं रिक्तियों की जानकारी दी। राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास प्रथम, कल्याणपुर, कानपुर नगर की क्षमता 48 है, जिसमें 11 रिक्तियां हैं। राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास द्वितीय, कल्याणपुर, कानपुर नगर की क्षमता 48 है, जिसमें 07 रिक्तियां हैं। राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास द्वितीय, कल्याणपुर, कानपुर नगर की क्षमता 50 है, जिसमें 15 रिक्तियां हैं। राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, शिवराजपुर, कानपुर नगर की क्षमता 48 है, जिसमें 44 रिक्तियां हैं। राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, मेहरबान सिंह का पुरवा, कानपुर नगर की क्षमता 50 है, जिसमें 20 रिक्तियां हैं। इसी प्रकार राजकीय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास, कोरिया घाटमपुर, कानपुर नगर की क्षमता 48 है, जिसमें सभी 48 रिक्तियां उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि छात्रावास में रहने हेतु वही छात्र/छात्राएं पात्र होंगे, जो नियमित रूप से किसी कॉलेज या विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हों, शासन द्वारा प्रदान की जा रही छात्रवृत्ति योजना हेतु पात्र हों तथा किसी भी प्रकार की नौकरी या व्यवसाय में संलग्न न हों। ऐसे छात्र/छात्राएं, जो उपरोक्त अर्हता रखते हैं और छात्रावास में प्रवेश प्राप्त करना चाहते हैं,वे छात्रावास की वेबसाइट http://uphms.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय नवीनतम फोटो, आय एवं जाति प्रमाण पत्र, संस्थान/कॉलेज/विश्वविद्यालय की फीस रसीद, विद्यालय से स्थायी निवास की दूरी का प्रमाण पत्र, माता-पिता के हस्ताक्षर तथा हाईस्कूल की अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के बाद आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी दिनांक 25 सितम्बर, 2025 को सायं 05:00 बजे तक विकास भवन स्थित कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी, कक्ष संख्या-23 में जमा करनी होगी।

# जिलाधिकारी ने आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा की, असंतुष्ट फीडबैक पर जताई कड़ी नाराजगी

*–1 सितंबर से 8 सितंबर के मध्य नगर निगम के सर्वाधिक असंतुष्ट फीडबैक*

*–प्रत्येक प्रकरण में मौके पर जाए जांच अधिकारी, शिकायतकर्ता से जरूर करें बात*

*–जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई*

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर नगर,** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज सितंबर माह में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान असंतुष्ट फीडबैक की अधिक संख्या, बिना मौके पर गए रिपोर्ट लगाने और शिकायतकर्ताओं से संपर्क न करने जैसी लापरवाहियों पर उन्होंने गहरी नाराजगी जताई।

डीएम ने कहा कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कार्यालयाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक हो। प्रत्येक प्रकरण में भौतिक सत्यापन के बाद ही निर्धारित प्रारूप पर आख्या भेजी जाए। शिकायतकर्ता से वार्ता करना अनिवार्य है और निर्धारित समयसीमा का पालन हर हाल में हो। अन्यथा, शासन को कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कार्यालयाध्यक्ष स्वयं आईजीआरएस की आख्या देखें, इसे किसी निचले स्तर के कार्मिक पर न छोड़ा जाए। रिपोर्ट के साथ मौके की जीपीएस युक्त तस्वीर अवश्य संलग्न की जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं से फोन पर संपर्क कर वास्तविक प्रगति से अवगत कराना और उन्हें संतुष्ट करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

1 सितम्बर से 8 सितम्बर तक नगर आयुक्त कार्यालय, नगर निगम कानपुर के 1086 फीडबैक प्राप्त हुए, जिनमें से 563 असंतुष्ट पाए गए। 491 मामलों में शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कोई कार्मिक मौके पर नहीं गया, जबकि 360 मामलों में किसी ने फोन पर भी संपर्क नहीं किया।

इसी अवधि में अधिशासी अभियंता, विद्युत, कानपुर शहर से जुड़े 345 प्रकरणों पर 153 असंतुष्ट फीडबैक मिले। इनमें 115 शिकायतकर्ताओं से संपर्क नहीं किया गया और 174 में मौके का मुआयना नहीं हुआ। अधिशासी अभियंता जलकर के 343 प्रकरणों पर 122 असंतुष्ट फीडबैक प्राप्त हुए। अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) के 108 प्रकरणों में 64 असंतुष्ट पाए गए। सचिव, कानपुर शहर के 112 प्रकरणों में 92 असंतुष्ट रहे। उपाध्यक्ष केडीए के 71 प्रकरणों में 61 असंतुष्ट और तहसीलदार, राजस्व एवं आपदा विभाग बिल्हौर के 71 में से 48 फीडबैक असंतुष्ट रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई तय है।

# गंगा खतरे की घंटी बजाती खतरे का निशान पार कर तबाही मचाने को बेताब

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।



**शुक्लागंज उन्नाव।** गंगा में तेजी के साथ लगातार बढ़ रहे जल स्तर से बाढ़ ले सकती है भयानक रूप इस बात को लेकर बाढ़ पीड़ितों सता रहा भारी मात्रा में नुकसान होने का डर। लगभग दो माह से बाढ़ का प्रकोप झेल रहे बाढ़ पीड़ितों को नहीं मिल पा रही बाढ़ से राहत खेती-पाती सब पहले ही हो चुकी चौपट अभी हाल यह है कि लोगों के घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है रहना खाना आना जाना सोना जगन सब हुआ दुश्वार। बाढ़ पीड़ितों के सामने कई प्रमुख समस्याएं हैं भोजन कहां पकाए किस प्रकार से बाढ़ से घिरे होने पर अपना जीवन यापन करें कैसे स्वस्थ का ध्यान रखें व बच्चों की शिक्षा नौकरी मजदूरी के साथ चोरों से घर की सुरक्षा करना यह भी चिंता का विषय। लगभग दो माह से घर एवं उसके आसपास बाढ़ का पानी भरा रहने से पुराने जर्जर हो चुके व कच्चे मकान गिरने या घर को अन्य प्रकार से नुकसान पहुंचाने का का भी डर बाढ़ पीड़ितों को चैन से जीने नहीं दे रहा कहीं अचानक घर गिर गया तो क्या होगा उसके परिणाम से चिंतित बाढ़ पीड़ितों पर जान माल का बड़ा खतरा मंडरा रहा।

बातचीत के दौरान कुछ बाढ़ पीड़ितों ने बताया कि यदि प्रधानमंत्री आवास मिल जाता तो ऊपर दूसरी मंजिल का निर्माण करवा लेते जिससे बाढ़ के समय जब घर में बाढ़ का पानी भर जाता उस समय उपरी मंजिल पर अपने परिवार एवं कीमती सामान की सुरक्षा के साथ जीवन यापन करने में कठिनाइयों का सामना न करना पड़ता। बाढ़ पीड़ितों ने शासन प्रशासन गुहार लगाते हुए कहा कि हम लोगों को प्रधानमंत्री आवास आवंटन कर बाढ़ के समय जीने का अवसर प्रदान करें

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।



**कानपुर** नगर, माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद किशोर न्याय समिति द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में, माननीय जिला जज/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर श्री चवन प्रकाश के आदेशों के अनुपालन में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर नगर द्वारा बाल गृह (बालिका यूनिट-1), स्वरूप नगर में ₹सर्वाइकल कैंसर₹ विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला के उपरांत संस्था का भौतिक निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि संस्था के बाथरूम की मरम्मत आवश्यक है। इस पर प्रभारी अधीक्षिका को निर्देशित किया गया कि वह तत्काल आवश्यक कार्यवाही कर संस्था में न्यूनतम 02 कमोड की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त, प्रधान अधीक्षिका द्वारा अवगत कराया गया कि संस्था में नियुक्त बागवानी अध्यापक उपस्थिति नहीं दे रहे हैं। इस पर प्रभारी अधीक्षिका को निर्देश दिए गए कि वह इस विषय में जिला प्रोबेशन अधिकारी, कानपुर नगर से पत्राचार कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के समय यह भी पाया गया कि संस्था की पुस्तकालय में NIOS की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हैं। इस पर प्रधान अधीक्षिका एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी, कानपुर नगर को निर्देशित किया गया कि वे तत्काल आवश्यक व्यवस्था करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि संस्था में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनी रहे तथा चिकित्सक की विज़िट समय-समय पर कराई जाए। उक्त अवसर पर अपर जिला जज/ सचिव कमलेश कुमार मौर्य, संस्था का स्टाफ तथा पीएलवीगण उपस्थित रहे।

# भारतेंदु हरिश्चंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया





नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर,** आज भारतेंदु हरिश्चंद्र जिन्हें हिंदी साहित्य का जनक माना जाता है की जयंती साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था विकासिका के तत्वावधान में हर्षोल्लास के साथ कानपुर प्रेस क्लब नवीन मार्केट में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक/संयोजक डॉ. विनोद त्रिपाठी ने स्वागत उद्बोधन में भारतेंदु हरिश्चंद्र जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत उनके जीवन पर प्रकाश डाला और भारतेंदु जी के बताएं रास्ते पर हिंदी को और बल प्रदान करने का संकल्प लिया। विषय प्रवर्तन करते हुए विकास शुक्ला अक्षत ने बताया कि किस प्रकार भारतेंदु जी ने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए हिंदी साहित्य का सहारा लिया और पत्र पत्रिकाओं तथा लेखों के माध्यम से जन जागरण का कार्य किया जिससे समाज की उन्नति और स्वतंत्रता की भावना दोनों विकसित हो पाईं, आज भी भारतेंदु जी के विचार जीवित हैं और उनके विचार उपयोगी तथा जीवन में उतरने लायक हैं। मुख्य अतिथि डॉ. दया दीक्षित ने भारतेंदु जी के समग्र जीवन पर प्रकाश डाला और उनके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए उन्होंने स्त्रियों पर स्त्री विमर्श और समाज के निर्बल अन्य वर्गों पर किस प्रकार से भारतेंदु जी के विचारों की छाप पड़ी इसको बताया और कहा आज भी किसी प्रकार से भारतेंदु जी के विचार समाज के लिए प्रेरणादायी तत्व का काम करते हैं। कार्यक्रम की सफलता पर आशीर्वचन वयोवृद्ध शिक्षाविद् डॉ. कृष्ण कुमार शुक्ला ने सभी को प्रेषित किया एवं अपने संबोधन में बताया की भारतेंदु जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं वर्तमान समय में युवाओं/साहित्यकारों को उनसे प्रेरणा लेकर हिंदी साहित्य को और पुष्ट किया जाना चाहिए। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. गायत्री सिंह ने भारतेंदु जी को आधुनिक हिंदी भाषा का जनक बताते कहा समाज को उन्होंने सर्वस्व लुटा देने की भावना ने हिंदी को बचाए रखा संवर्धित किया और इस मुकाम पर पहुंचा दिया कि आज हम सब उसी पर चर्चा कर रहे हैं। तत्पश्चात एक काव्य संगमन सम्पन्न हुआ जिसमें महानगर के प्रतिष्ठित कवियों एवं कवित्रियों ने भारतेंदु जी के सम्मान में अपनी अपनी रचनाएँ पढ़ी। कार्यक्रम में प्रमुखरूप से पूर्व पार्षद विजय नारायन शुक्ला, सतीश गुप्ता, सुरेंद्र गुप्त सीकर, श्यामदेव सिंह, पूर्णिमा त्रिपाठी, गोपी कृष्ण बाजपेई, शशि शुक्ला, उमा विश्वकर्मा, उमेश शुक्ला, दुर्गा बाजपेई, सुनीता तिवारी, भारतेंदु पुरी, अतुल गुप्ता, सुषमा सेंगर, देवेंद्र सफल, सुरेश साहनी, गोविंद वर्मा जलज, प्रमोद पाण्डेय, उपेन्द्र शुक्ला जहानाबादी, अनिल त्रिपाठी, अनीता बाला त्रिपाठी, दीपांजलि दुबे, महेंद्र कुमार मधुकर, अब्दुल हमीद कानपुरी, अनिल मधुकर आदि उपस्थित रहे।

# कैंटीन कर्मी केशव पर लड़कियों को फंसाने-धमकाने और अश्लील वीडियो बनाने का लगाया आरोप

नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

एक दिन मैं रेड कलर की कुर्ती पहनकर सामान लेकर नीचे से आ रही थी, तो इसने (केशव उत्तम) देखते ही मुझे गाना गाया 'मंगवा दो मुझको लाल परी' मैंने उसे इग्नोर किया और मैं ऊपर चढ़कर चली गई। इसके बाद दूसरे दिन मैं ऊपर थी तो इसने मुझे बालकनी से इशारे किए, आंख मटकाई तो मेरे से धोखे से हंसी निकल पड़ी। इसके बाद फिर ये मेरे पीछे पड़ गया।

ये कहना है, नौबस्ता निवासी 14 साल की रेप पीड़िता का। कैंटीन में काम करने वाला आरोपी केशव उत्तम हर किसी लड़की को अपने जाल में फंसाता था, फिर ब्रेन वॉश करता था और उनकी अश्लील वीडियो बनाकर धमकाने काम शुरू कर देता था।

नौबस्ता निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मेरे मोहल्ले में एक मकान में किराए के मकान में प्राइवेट अस्पताल चलता है। हॉस्पिटल में फतेहपुर जहानाबाद निवासी केशव उत्तम कैंटीन चलाता है। मेरी 14 साल की बेटी कक्षा 8 में पढ़ती है। एक दिन आरोपी केशव ने उसे बहाने से अस्पताल बुला लिया।

यहां उसने बेटी को बंधक बना लिया। उसके साथ रेप किया। उसने इसका वीडियो बना लिया। इसके



बाद से वह लगातार मेरी बेटी को परेशान करने लगा। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसने कई बार बेटी के साथ रेप किया।

एक दिन बेटी घर में गुमसुम बैठी थी। मैंने उससे इसकी वजह पूछी। उसने बताया कि केशव मेरे साथ छेड़छाड़ करता है। इसके बाद मैंने केशव को चेतावनी दी। लेकिन वह नहीं सुधरा।

एक दिन वह मेरी बेटी को खींचकर अपने साथ ले जा रहा था। उसका वीडियो वायरल करने की धमकी देकर संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। जानकारी मिलते ही मैं परिवार के साथ पहुंच गया। बेटी को छुड़ाने के साथ ही केशव को पीटा। तभी उसका मोबाइल वहां गिर गया।

इस दौरान केशव भाग निकला। उसके फोन का पासवर्ड मेरी बेटी को पता था। उसने लॉक खोला। केशव के मोबाइल फोन की गैलरी में मेरी बेटी का न्यूड वीडियो था। इसके अलावा कई लड़कियों के भी न्यूड फोटो और वीडियो भी मोबाइल में थे।

पीड़िता ने बताया- एक दिन उसने मुझे खुद से नंबर दिया। इसके बाद फोन पर बातचीत शुरू हुई। फोन पर बात शुरू हुई तो उसने कहा कि हम तुम्हें कभी नहीं छोडेंगे। आज तक हमने कभी किसी लड़की को नहीं छोड़ा, लड़कियों ने ही हमें छोड़ा हैं।

पीड़िता ने कहा- आरोपी केशव उत्तम कहता था कि मम्मी-पापा को कुछ मत बताना। हमेशा वो फोन पर मम्मी-पापा के प्रति भड़काता था। कहता कि घर वालों को छोड़ो, मैं तुमको रानी बनाकर रखूंगा। वो कहता था कि तुम मुझे रक्षाबंधन में सबके सामने राखी बांध देना, तो फिर किसी को हम लोगों पर कोई शक नहीं होगा।इसका मैंने विरोध भी किया कि ये क्या बोल रहे हो तुम। मैं अगर प्यार करती हूं तो मैं ये सब नहीं करूंगी। तो बोलता था कि ये करने से मम्मी-पापा को कभी भनक नहीं लगेगी। एक बार राखी भी बंधवाई भी थी।

अगर तुम बालिग होती तो मैं शादी कर लेता

पीड़िता बोली कि वो हमेशा कहता था कि तुम अगर बालिग होती तो मैं तुमसे शादी कर लेता, अगर 20 साल की होती तो मैं ले चलता, पर तुम बालिग नहीं हो। तुम्हारे मम्मी-पापा एक्सेप्ट नहीं करेंगे, लेकिन मेरे मम्मी-पापा तुमको एक्सेप्ट कर लेंगे।

पीड़िता ने बताया- मुझे नहीं पता था कि केशव कैसा है, लेकिन जब मेरे पापा ने मुझे उसके मोबाइल की कुछ फोटो दिखाई तब मुझे उसके बारे में पता चला। फिर वो मुझे मारने की धमकी देने लगा। फोन करता था और बस धमकी देता था, लेकिन मैंने डर की वजह से घर वालों को ये बात नहीं बताई।पीड़िता ने ये भी बताया कि एक दिन ये छत पर आया और फोटो खींचने लगा।

इस पर मैंने इसका विरोध किया, जब-जब फोटो खींचने का विरोध किया तो बस ब्रेकअप करने, छोड़ने की धमकी देने लगता था, कि अगर फोटो नहीं क्लिक कराओगी तो मैं तुमको छोड़ दूंगा।

इस तरह से ये माइंड वॉश करता था, बहलता था, भरोसे में लेता था। बोलता था कि अगर तुमने मुझसे शादी कर ली तो हमारे घर में रानियों की तरह रहोगी, तुमको काम नहीं करना पड़ेगा। खूब अच्छे से रहोगी, खुशी-खुशी रहोगी।

डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया- छात्रा के पिता की तहरीर के आधार पर आरोपी केशव उत्तम के खिलाफ छेड़खानी, मारपीट, बंधक बनाने और पाक्सो एक्ट की धारा में रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही उसे अरेस्ट करके जेल भेजा जाएगा। उसकी तलाश में दो टीमें लगी हैं।

# बाल कल्याण समिति एवं बेटी बचाओ टास्कफोर्स की समीक्षा बैठक



नेशनल एक्सप्रेसए ब्यूरो।

**कानपुर देहात** जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देश के क्रम में व मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में आज दिनांक-09.09.2025 को ब्लॉक मैथा एवं ब्लॉक सन्दलपुर के सभागार में खण्ड विकास अधिकारी की अध्यक्षता में ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी द्वारा मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत ब्लाक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक के उद्देश्य की जानकारी दी गई ,सभागार मे उपस्थित समिति के अध्यक्ष/सदस्य/समस्त आंगनवाडी कार्यकत्रियो/समूह की महिलाओं को बताया गया कि जनपद में 0 से लेकर 18 वर्ष से कम आयु के शिशु/बालक/बालिका हेतु बाल संरक्षण के सशक्त संरक्षणात्मक परिवेश का निर्माण, उचित पालन-पोषण करने, परिवार की देखरेख पाने, प्रतिष्ठा के साथ रहने, बच्चों को हिंसा एवं दुर्व्यवहार से बचाने के उद्देश्य एवं मुख्य चार बिन्दुओं स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं सुरक्षा हेतु समस्त ग्राम/वार्ड/ब्लाक में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति का गठन किया गया है साथ ही केन्द्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण तथा पाक्सो यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण करने संबंधी अधिनियम 2012 के अंतर्गत बच्चों के प्रति यौन उत्पीड़न और यौन शोषण जैसे जघन्य अपराधों, गुड टच का मतलब ऐसा स्पर्श जो सुरक्षित, प्यार वाला और सहमति से हो।

यह स्पर्श बच्चे को अच्छा और सुरक्षित महसूस कराता है ,किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण अधिनियम) 2015 नियमावली 2016 के अन्तर्गत बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड द्वारा बच्चों को सुरक्षात्मक वातावरण के विषय में तथा ग्राम सभा स्तर पर गठित ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति के माध्यम से समस्त ग्राम सभाओं के परिवारों को जागरूक किये जाना व समितियों द्वारा बाल अपराध को रोकने, मानव तस्करी, प्रवर्तकता कार्यक्रम-जिसके अन्तर्गत ऐसे परिवारों का चयन किये जाने व बैठक में उपस्थित सभी को प्रवर्तकता कार्यक्रम व फॉस्टर केयर योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी।

''संकल्प'' हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन योजनान्तर्गत 12 दिवसीय कार्यक्रम की थीम '' विधिक जागरूकता '' हेतु प्रतिमा श्रीवास्तव जिला मिशन समन्वयक द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ हेतु शपथ दिलाई गई तथा महिलाओं के खिलाफ सभी प्रकार की हिंसा और भेदभाव के उन्मूलन के बारें में जागरूकता बढाने हेतु प्रेरित किया गया।

साथ ही बाल विवाह रोकथाम, नारी सुरक्षा सम्मान स्वावलंबन में कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मु0 कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गयी साथ ही टोल फ्री नं0 1098, 112, 181, 1090 के बारे में जागरूक किया गया तथा योजनाओं से सम्बन्धित पम्पलेट का वितरण भी किया गया, साथ ही भिक्षावृत्ति के रोकथाम एवं भिक्षावृत्ति में संल्पित बच्चों के पुनर्वास हेतु विशेष अभियान का आयोजन किया गया जिसके क्रम में भिक्षावृत्ति के लिये चिन्हित हॉट-स्पॉट पर विजिट कर भिक्षावृत्ति रोकथाम के लिये बताया गया कि भिक्षावृत्ति का अर्थ किसी 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे द्वारा भिक्षा माँगना या किसी बच्चे का भिक्षावृत्ति के लिए इस्तेमाल किया जाना है।

यह अपराध है और किशोर न्याय ;बालकों की देखरेख और संरक्षण अधिनियम 2015 के तहत दंडनीय है, बाल विकास परियोजना अधिकारी, हब फॉर इम्पॉवरमेंट योजना से जिला मिशन समन्वयक, सहायक लेखकार, सामाजिक कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, आंगनवाडी कार्यकत्री, समूह की महिलायें, आदि लोग उपस्थित रहे।

# मैट्रिमोनी एप के माध्यम से साइबर ठगी करने वाली महिला गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी



मुरादाबाद। महिला से मैट्रिमोनी ऐप के माध्यम से सम्पर्क में आये अभियुक्तगण द्वारा अमेरिका से पार्सल भेजने व फर्जी कस्टम अधिकारी बनकर पार्सल में कीमती सामान होना बताकर मनी लाडिंग के केस में फंसाने के नाम पर 94,78,000 रूपये की साइबर धोखाधडी करने की 01 अभियुक्ता को साइबर क्राइम थाना मुरादाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तार करते हुए कब्जे से 01 लैपटाप, 08 मोबाइल, 09 एटीएम कार्ड, 02 चैक बुक, 1 पासबुक, 06 सिमकार्ड, 20,570 रुपए बरामद किये गये।

वादिनी द्वारा थाना साइबर क्राइम पर तहरीर दी कि मैट्रिमोनी ऐप के माध्यम से संपर्क में आये अभियुक्त द्वारा अमेरिका से वादिनी को पार्सल भेजना बोलकर, पार्सल के नाम पर वादिनी को अलग-अलग मो०नं० से कॉल कर खुद को कस्टम अधिकारी बताकर पार्सल में गोल्ड आदि कीमती सामान होने की बात बताकर मनी लॉड्रिंग के मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर वादिनी से कुल 94,78,000 रूपये ट्रांसफर कराकर साइबर धोखाधडी करने के सम्बन्ध तहरीर दी, तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एव अपराधियों व साइबर अपराध से संबंधित घटनाओ के शीघ्र अनावरण व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अपराध के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध जनपद मुरादाबाद के नेतृत्व में साइबर क्राइम थाना मुरादाबाद द्वारा मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में तकनीकी संसाधनों का प्रयोग करते हुए साक्ष्य संकलन की कार्यवाही के क्रम में निरीक्षक विवेचक साइबर क्राइम थाना मुरादाबाद द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुकदमा उपरोक्त की विवेचना में अभियुक्ता कोनसम सुनीता पुत्री कोनसम जॉन निवासी मकान नंबर 316 गली नंबर 2 ओम विहार फेज-1 उत्तम नगर दिल्ली, स्थाई पता गांव चापिकारोंग पुलिस स्टेशन चंदेल जिला चंदेल मणिपुर को गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्ता के कब्जे से 01 लैपटाप, 08 मोबाइल, 09 एटीएम कार्ड, 02 चैक बुक, पासबुक, 06 सिमकार्ड, 20,570 रुपए बरामद किये गये। प्रकरण में अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## 3 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 11 व्यक्तियों पकड़ा

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 03 वारंटी तथा 11 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा गया। थाना मझोला कमल पुत्र बाबूराम सैनी निवासी नेता कालोनी जयन्तीपुर थाना मझोला जिला मुरादाबाद सम्बन्धित भादवि चालानी थाना कोतवाली मुरादाबाद थाना गलशहीद मौ0 वसीक उर्फ हाजी बाबू पुत्र अब्दुल मजीद नि0 प्रिंस रोड भूडे का चौराहा थाना गलशहीद मुरादाबाद सम्बन्धित अनवर उर्फ पंडित पुत्र अमीर अली नि0 नवाबपुरा गुडिया बाग थाना नागफनी मुरादाबाद सम्बन्धित न्यायालय वारण्ट सम्बन्धित मुकदमा शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरण थाना मझोला-02, थाना बिलारी-05, थाना कटघर-01, थाना सोनकपुर-02, थाना कांठ-01 आदि को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मासिक बैठक आयोजित

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




मुरादाबाद। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की मासिक बैठक पीतल बस्ती स्थित कार्यालय में बड़े उत्साह और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संगठन की उपलब्धियों के उल्लेख और भावी योजनाओं की रूपरेखा से हुई। वक्ताओं ने संगठन की जड़ों को और गहरा करने, समाज में एकता स्थापित करने तथा आगामी शोभायात्रा को भव्य रूप में निकालने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि संगठन तभी सशक्त होगा जब प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेगा।

बैठक के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व को संगठन की सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए सभी ने एकजुट होकर उनके मार्गदर्शन में कार्य करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल समाज का उत्थान नहीं, बल्कि समाज के युवाओं को नई दिशा देना और महिला शक्ति को भी बराबरी का स्थान प्रदान करना है। इस अवसर पर युवाओं से आह्वान किया गया कि वे संगठन के कार्यों से जुड़े और शोभायात्रा जैसी सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे राष्ट्रीय महासचिव संगठन बॉबी सक्सेना, जिला संयोजक अनूप भटनागर, जिला अध्यक्ष राजीव सक्सेना, जिला प्रभारी अखिलेश सक्सेना, संरक्षक विनोद सक्सेना एवं कमल सक्सेना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित सक्सेना, जिला महासचिव रवि सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सूरज सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी अमर सक्सेना, सह मीडिया प्रभारी अक्षय सक्सेना, सोशल मीडिया प्रभारी बबलू श्रीवास्तव, जिला सह महासचिव विशाल सक्सेना, महानगर अध्यक्ष ओमेंद्र सक्सेना, महानगर उपाध्यक्ष केशव सक्सेना, महानगर युवा उपाध्यक्ष सत्यम भटनागर एवं सुधीर भटनागर, सौरभ भटनागर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. मंजूलता सक्सेना, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिंदु सक्सेना, उपाध्यक्ष नमिता सक्सेना, सचिव मीना सक्सेना एवं वंदना सक्सेना सहित अन्य पदाधिकारी और सक्रिय सदस्य।

बैठक में सभी सदस्यों ने एकमत होकर तय किया कि आने वाले समय में समाज के हित में जनजागरूकता अभियान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और शैक्षिक पहल की जाएंगी ताकि संगठन की पहुँच हर वर्ग तक हो सके। अंत में संगठन की मजबूती और सामाजिक एकता को सर्वोपरि मानते हुए साथ मिलकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार में मुरादाबाद को मिली बड़ी उपलब्धि

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



मुरादाबाद। मुरादाबाद नगर निगम को नेशनल क्लीन एयर सिटी में रैंक 02 केटेगरी 2 प्राप्त होने पर 25 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई है। यह उपलब्धि केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा मुरादाबाद महापौर विनोद अग्रवाल को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित की गई।

यह सम्मान नगर निगम मुरादाबाद के अथक प्रयासों और नागरिकों के सहयोग का परिणाम है। अपने शहर को और स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लें। स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2025 में मुरादाबाद शहर को सम्मानित किया गया। भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा आयोजित इस वार्षिक प्रतियोगिता में 130 शहरों को शामिल किया गया था। इन शहरों को ₹सभी के लिए स्वच्छ वायु₹ के लक्ष्य की दिशा में किए गए प्रयासों के आधार पर आंका गया है।

पर्यावरण मंत्रालय की ओर से संयुक्त सचिव नीलाश कुमार साह ने नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल को पत्र भेजकर सूचित किया था कि मुरादाबाद को स्वच्छ वायु सर्वेक्षण पुरस्कार से नवाज़ा जाएगा।

यह सम्मान केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव द्वारा मंगलवार को दोपहर 1 बजे नई दिल्ली स्थित इंदिरा पर्यावरण भवन के गंगा सभागार में प्रदान किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल और महापौर विनोद अग्रवाल मुरादाबाद की ओर से यह सम्मान ग्रहण किया।

## जोधपुर में आयोजित होगा आईएफडब्ल्यूजे का 131वां अधिवेशन

कुन्दरकी। इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट की राष्ट्रीय परिषद का 131वां तीन दिवसीय अधिवेशन 11 सितम्बर से जोधपुर में शुरू होने जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के आईएफडब्ल्यूजे के राष्ट्रीय कर्विनर ने बताया कि 11 सितम्बर से 13 सितम्बर तक चलने वाले राष्ट्रीय परिषद का अधिवेशन राजस्थान की सूर्यनगरी जोधपुर में आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि आईएफडब्ल्यूजे भारत की सबसे पुरानी संस्था है। जिसका पंजीकरण ट्रेड यूनियन के अन्तर्गत अक्टूबर 1950 में हुआ था। जो पत्रकारों के हित में तभी से लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आईएफडब्ल्यूजे का एक 131वां अधिवेशन है। जिसमें भारत के तमाम राज्यों से राष्ट्रीय परिषद के रूप में नामित सदस्य राष्ट्रीय पार्षद भाग लेंगे।

# राम मंदिर ट्रस्ट ने निर्माण प्रगति, ट्रस्टी नियुक्ति और आगामी समारोहों पर चर्चा की

अयोध्या (उप्र), (भाषा) श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की मंगलवार को अयोध्या के मणिराम छावनी में ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। ट्रस्ट की ओर से यह जानकारी दी गई।

तीन घंटे से अधिक समय तक चली इस बैठक में राम मंदिर निर्माण और संबंधित परियोजनाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। मंदिर ट्रस्ट ने ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन के बाद रिक्त हुए पद को भरने के लिए भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी कृष्ण गोपाल को ट्रस्टी नियुक्त किया। उन्हें सर्वसम्मति से इस रिक्त पद के लिए चुना गया। हालांकि, ट्रस्ट के एक अन्य सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र के निधन के बाद रिक्त हुए पद को भरने पर अब तक सहमति नहीं बन पाई है।



बैठक मैं 25 नवंबर को होने वाले राम मंदिर ध्वजारोहण समारोह की तैयारियों पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। इससे पहले, राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और राम दरबार के दर्शन किए। नृपेंद्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि मंदिर से जुड़ी कोई भी नयी परियोजना शुरू नहीं की जाएगी। केवल पूर्व स्वीकृत योजनाओं और जारी निर्माण कार्यों को ही प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में 20 दीर्घाओं में रामायण की कथा प्रदर्शित की जाएगी, क्योंकि ट्रस्ट लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत से 20 दीर्घाओं वाला एक अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय बना रहा है। प्रत्येक दीर्घा में भगवान राम के जीवन के प्रसंगों को 10 मिनट के डिजिटल खंडों में दर्शाया जाएगा। हनुमानजी को समर्पित एक विशेष दीर्घा भी प्रस्तावित है, जहां उनकी कथाओं को 7डी तकनीक का उपयोग करके दिखाया जाएगा। इसके अलावा, यह दर्शाया जाएगा कि दुनिया भर के विभिन्न देशों में भगवान राम की पूजा कैसे की जाती है। बैठक में बताया गया कि मंदिर परिसर की चारदीवारी का काम शुरू हो गया है।

## गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग

शाहबाद। भारतीय किसान संघ ने गन्ना मूल्य 500 रुपये प्रति कुंतल करने की मांग की है। इसी के साथ बाढ़ से खराब हुई फसल के मुआवजे की भी मांग की है। मंगलवार को भारतीय किसान संघ ने जुड़े किसान मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को देने के मकसद से विकास खण्ड कार्यालय पहुंचे। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने जलजीवन मिशन के तहत तोड़ी गई सड़कों का मुद्दा उठाया। कहा कि जलजीवन मिशन के ठेकेदारों ने पाईपलाइन बिछाने के लिए सड़के खोदकर लाइन डाली। जगह-जगह सडकों को तोडा गया। लेकिन अभी तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। इतना ही नहीं खोदी सड़क अब भी खस्ता हाल में ही हैं। उनकी मरम्मत का भी कार्य नहीं किया गया है। इस मौके पर राजीव चौधरी, सतेन्द्र, अभय चौधरी, राम सिंह, अजय, हरिराज सिंह, श्रीराम, भोजराज मौर्य, मोकम सिंह, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# दहेज की अतिरिक्त मांग करने पर पति सहित 06 पर मुकदमा दर्ज

नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी

भोजपुर। थाना प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि मेरे पिता ने शादी मुस्लिम रीति-रिवाज से अपनी हैसियत से ज्यादा दान दहेज देकर पंद्रह माह पूर्व तौसिफ पुत्र जब्बार निवासी ग्राम बहादुर गंज थाना डिलारी जिला मुरादाबाद से की थी।

शादी के कुछ दिन बाद ही प्रार्थनी के ससुराल वाले पति तौसिफ, ससुर जब्बार पुत्र इतवारी, सास भूरी पत्नी जब्बार, ननद गुलिस्ता, देवर नूर मौ0, निवासीगण बहादुरगंज थाना डिलारी जिला मुरादाबाद प्रार्थनी से कम दहेज लाने के ताने मारते हुए मानसिक व शरीरिक रूप से उत्पीड़न करते थे।

गाली-गलौच कर मारते-पीटते हैं। और दहेज में दो लाख रू0 व बुलैट मोटर साइकिल लाने का प्रार्थनी पर दवाब बनाकर न लाने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। देवर ने मुझे कमरे में अकेला सोता देखकर कमरे में घुसकर प्रार्थनी के सीने पर हाथ मारता और उसके नाजुक अंगों के साथ छेड़खानी की तो प्रार्थनी के शोर मचाने पर वह गाली-गलौच कर किसी को बताने पर जानसे मारने की धमकी देकर कमरे से चला गया।

तथा प्रार्थनी का नन्दोई हवीबुर्रहमान पुत्र शमीम निवासी ग्राम महुआखेड़ा काशीपुर प्रार्थनी की ससुराल हर दूसरे तीसरे दिन आता रहता है। और प्रार्थनी के सीने पर हाथ चलाता है।

एक राय होकर प्रार्थनी के साथ गाली-गलौच कर मारा पीटा तथा पहने कपड़ों में घर से निकाल दिया और घर वापस आने पर उक्त सभी लोगो ने जानसे मारने की धमकी दी।

भोजपुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर आप उक्त सभी लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कानूनी जांच पड़ताल में जुट गई है।

# हिस्ट्रीशीटर कमल चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी सनी दिवाकर मुठभेड़ में गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में हिंदू समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। रविवार शाम हुई इस वारदात के बाद परिवार ने हत्या का आरोप भाजपा से जुड़े लोगों पर लगाया था। इस सनसनीखेज मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस मुठभेड़ के बाद मुख्य आरोपी सनी दिवाकर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

मुठभेड़ में सनी को पैरों में गोली लगी है और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।वारदात कटघर थाना इलाके के करूला स्थित दस सराय पुलिस चौकी के पीछे हुई थी। स्कूटी से घर लौट रहे कमल चौहान को बदमाशों ने गोली मार दी थी। घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार ने हत्या के लिए भाजपा से जुड़े लोगों को जिम्मेदार ठहराया और पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस जांच में सामने आया कि कमल चौहान आपराधिक इतिहास वाला था और वेस्ट यूपी के कई कुख्यात अपराधियों से उसके रिश्ते थे। उसका नाम ड्रग्स के धंधे में भी आया था और कई मामलों में वह जेल जा चुका था। हत्या का आरोप सनी उर्फ सोनू दिवाकर पर लगा, जिसका खुद का भी लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है। वारदात के बाद एसएसपी सतपाल अंतिल ने तीन टीमें गठित कर दी थीं। मंगलवार दोपहर मुंढापांडे और कटघर इलाके की सीमा पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने सनी दिवाकर को रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे गोली मारकर दबोच लिया। फिलहाल आरोपी का अस्पताल में इलाज चल रहा है और आगे की कार्रवाई की जा रही है



## सीनियर पुरुष कबड्डी का ट्रायल्स 12 सितंबर से

मुरादाबाद। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशो के क्रम में एवं क्षेत्रीय खेल कार्यालय सहारनपुर के क्रम में पं०दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर राज्य स्तरीय सीनियर पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त प्रतियोगिता में मुरादाबाद मण्डल की टीम प्रतिभाग किये जाने हेतु खिलाड़ियों का चयन, ट्रायल्स निम्नानुसार नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्पोर्ट् स्टेडियम मुरादाबाद में आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है। खेल का नाम जनपद स्तरीय ट्रायल्स की तिथि व समय सीनियर पुरुष कबड्डी 12 सितम्बर 2025 पूर्वान्ह 11-00 बजे से तथा मण्डल स्तरीय चयन ट्रायल्स 13 सितम्बर पूर्वान्ह 11-00 बजे से नेता जी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर मुरादाबाद में आयोजित होंगे। उक्त जानकारी सुनील कुमार सिंह क्रीड़ा अधिकारी मुरादाबाद मण्डल दुवारा दी गई।-

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को पम्पलैट बांटकर किया जागरूक



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज पांच में मंगलवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय, राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला, चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं, बालिकाओं को जागरुक किया गया।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक सम्पन्न

नेशनल एक्सप्रेस अरशद



मुरादाबाद। मण्डलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में मुरादाबाद स्मार्ट सिटी, एसपीवी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में एडिशनल सीईओ द्वारा निदेशक मण्डल के समक्ष एजेंडा प्रस्तुत किया गया, जिसके पश्चात निर्णय लिए गये।

बैठक में निदेशक मण्डल मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियन्ता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को निदेशक, अंशधारी नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

मण्डलायुक्त द्वारा मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड के निदेशक के रुप में परमेश कुमार सहयुक्त नियोजक टाउन एण्ड कन्ट्री प्लानिंग मुरादाबाद को निदेशक नियुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड परियोजना के अन्तर्गत निर्मित पीएनजी आधारित शवदाह गृह के संचालन हेतु नगर निगम मुरादाबाद को हस्तगत किए जाने का अनुमोदन भी प्रदान किया गया।

स्मार्ट सिटी परियोजना सोलर बेस्ड वाटर एटीएम के ऑपरेशन और मेंटनेंस अवधि की समाप्ति से पूर्व परियोजना संचालन तथा संचालन से प्राप्त आय की शेयरिंग किए जाने हेतु निविदा आदि की कार्यवाही करते हुए एजेंसी का चयन किए जाने के प्रस्ताव का मण्डलायुक्त द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। इसके साथ ही स्मार्ट सिटी लिमिटेड की समस्त पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं को सेल्फ सस्टेनेबल बनाये जाने एवं इन कार्यों से रेवन्यू प्राप्त किए जाने हेतु आवश्यक प्लानिंग शीघ्र बनाये जाने के मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष मुरादाबाद विकास प्राधिकरण श्री अनुभव सिंह, एडिशनल सीईओ मुरादाबाद स्मार्ट सिटी लिमिटेड श्री अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय, मुख्य अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्री अशोक कुमार चौरसिया सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।



# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री का वितरण जनपद के प्रभारी मंत्री द्वारा किया गया, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रहे मौजूद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो







## तहसील करनैलगंज ग्राम पसका तथा तहसील तरबगंज ग्राम ऐलीपरसौली व जैतपुर माझा में बाढ़ राहत सामग्री किट का किया गया वितरण

**गोण्डा**। जिले में आई बाढ़ की स्थिति से प्रभावित गांवों में राहत कार्यों की समीक्षा एवं प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पसका तथा तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम ऐलीपरसौली व जैतपुर माझा में बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जनपद प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल उपस्थित रहे।राहत सामग्री वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित परिवारों को दैनिक आवश्यक वस्तुओं से युक्त किट प्रदान की गई, जिसमें खाद्य सामग्री (चावल, आटा, दाल, नमक, तेल आदि), पीने का पानी, मोमबत्ती, माचिस, तिरपाल, आदि किट तथा आवश्यक दवाइयां शामिल थीं।माननीय प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने राहत वितरण के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रभावित परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा और सभी को समय से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि राहत वितरण में पारदर्शिता और त्वरितता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार और भी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं।प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं पशु चिकित्सा सेवाएं भी चलाई जा रही हैं।उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचित करें।जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार व प्रशासन पूरी तरह बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी, राजस्व विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राहत सामग्री प्राप्त कर शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी करनैलगंज जितेंद्र गौतम, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र तथा जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पितृ हंता पुत्र को हुआ आजीवन कारावास

**गोंडा**। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश राजेश कुमार तृतीय ने ग्राम दत्त नगर विशेन कोतवाली नगर निवासी सुकई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

साथ ही दोषित को 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिकता फौजदारी अमित पाठक ने बताया कि कोतवाली नगर के ग्राम दत्त नगर विशेन निवासी ईश्वरदीन रेलवे से सेवानिवृत हुए थे और अपने आवास पर रहते थे।

दोषित पुत्र की नशे की लत के कारण घर में आए दिन विवाद होता रहता था। दो/तीन फरवरी 2021 की मध्य रात्रि ईश्वरदीन का दोषित संग विवाद हो गया था। इसी दौरान दोषित ने अपने पिता पर हथौड़े से वार कर हत्या कर दी थी।

शोरगुल सुन दौड़ कर आए मृतक के भतीजे सुंदरलाल ने मुकदमा कराया था। न्यायालय ने सजा सुनाई है।

## सेना ने व्यक्त की कृतज्ञता भेजा उपहार और पत्र...



गोण्डा! गत माह रक्षाबंधन के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट दर्जीकुआ के प्रवक्ता अमित कुमार मिश्र के द्वारा संस्थान की प्रशिक्षुओ को प्रेरित करके गत माह अगस्त में संस्थान में राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में निर्मित रखियों एवं प्रशिक्षुओ के द्वारा सेना के जवानो के नाम लिखें गए बधाई पत्र को स्पीड पोस्ट द्वारा डायट प्राचार्य रामसागर पति त्रिपाठी के माध्यम से देश की सेवा करने वाले सेना के जवानो को प्रेषित किया गया फ्लस्वरूप मंगलवार को संस्थान के प्राचार्य के नाम आर्मी के मेजर जनरल इंचार्ज प्रशासन नवनीत नारायण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन पत्र एवं वायु कमान अधिकारी एयर कमांडर प्रशांत कुमार नरेंद्र द्वारा कृतज्ञता पत्र के साथ भेजा गया उपहार प्राप्त हुआ।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से महात्मा गांधी-शास्त्री की जयंती तक मनेगा 'सेवा पखवाड़ा'

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस से महात्मा गांधी-शास्त्री की जयंती तक 'सेवा पखवाड़ा' मनाया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से गांधी-शास्त्री की जयंती दो अक्टूबर तक प्रस्तावित 'सेवा पखवाड़ा' की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से प्रारंभ होने वाला यह सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रमों का आयोजन नहीं है, बल्कि प्रधानमंत्री जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी, महात्मा गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के व्यक्तित्व, कृतित्व और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज के गरीब, वंचित और शोषित वर्गों की सेवा का सुअवसर है। यह 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' की भावना का साकार स्वरूप होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा पखवाड़ा की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर होगी। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई जाएगी और इसका समापन दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर होगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि सेवा पखवाड़ा के दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, 'वोकल फॉर लोकल' के तहत मेले-प्रदर्शनियां, युवाओं के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं, चित्रकला प्रतियोगिताएं, मैराथन और प्रधानमंत्री जी के जीवन पर प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम सभी जिलों में आयोजित किए जाएं।

### अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी

## प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवाबख्तावर में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

गोण्डा। झंझरी ब्लाक स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे शिवाबख्तावर में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित 10 दिवसीय विशेष जागरूकता कार्यक्रम के तहत 7वें दिन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों एवं स्थानीय महिलाओं-बालिकाओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गयी। बाल सभा के माध्यम से बच्चों को उनकी सुरक्षा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा पाक्सो एक्ट की मुख्य बातें बतायी गयीं। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सहायता हेतु उपलब्ध टोल फ्री नंबर 1090, 181, 1098, 112, 102 और 108 की जानकारी साझा की गयी। बच्चों को समझाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में वे इन नंबरों का प्रयोग कर तत्काल सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट मिशन कोऑर्डिनेटर शिवेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक होना बेहद आवश्यक है।

वहीं, जेंडर स्पेशलिस्ट ज्योत्सना सिंह ने महिलाओं और बालिकाओं से सम्बंधित सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट राजकुमार आर्य ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए जागरूकता ही सबसे सशक्त हथियार है। सुधा तिवारी ने भी बच्चों को व्यवहारिक जीवन में सुरक्षा और आत्मविश्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रूबी खातून, सहायक अध्यापक रजनी शर्मा, हरेन्द्र सिंह, दीपाली वर्मा, शिक्षामित्र कुमुद शुक्ला, अरविन्द मिश्रा सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा कर कार्यक्रम को सार्थक बनाया।

## समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047" कार्यक्रम आयोजित

### जिला पंचायत परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जनपद की नोडल अधिकारी ने किया अवलोकन







गोण्डा।जिला पंचायत सभागार में ₹समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047₹ विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनपद की नोडल अधिकारी कंचन वर्मा (विशेष सचिव), जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, प्रबुद्धजन, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, उद्यमी, महिला समूह, किसान एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वर्ष- 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा।

संवाद के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में सहभागी प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

इसी क्रम में, जिला पंचायत परिसर में दीनदयाल शोध संस्थान, लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम द्वारा आयोजित ₹समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047₹ कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा लगाए गए विविध स्टालों का अवलोकन भी किया गया। इन स्टालों पर आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों, प्राकृतिक खेती, नवीन बीजों एवं उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

नोडल अधिकारी कंचन वर्मा एवं जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कृषकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। कृषकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए तकनीकी सहायता, बाजार से जोड़ने एवं प्रशिक्षण की निरंतर उपलब्धता की आवश्यकता जताई।

मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी को देखकर उनकी सराहना की और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने ₹विकसित उत्तर प्रदेश - 2047₹ के संकल्प को साकार करने हेतु अपने स्तर से सक्रिय योगदान देने का आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन एडीएसटी अरुण कुमार सिंह ने किया है।कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक अजय प्रताप सिंह, सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एक व्यक्ति के नाम पर छह जगह नौकरी, मुख्यमंत्री के मुद्दा उठाने के बाद लखनऊ में प्राथमिकी दर्ज

लखनऊ, (भाषा) उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में 2016 में एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर भर्ती हुए एक व्यक्ति द्वारा एक ही नाम से छह विभिन्न जिलों में नौकरी करने के मामले में लखनऊ में मुकदमा दर्ज किया गया है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में निदेशक (पराचिकित्सा) डॉ. रंजना खरे द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने कथित तौर पर जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर अर्पित सिंह नामक अभ्यर्थी बनकर नौकरी हासिल की। अर्पित सिंह का नाम उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 2016 में घोषित भर्ती सूची में क्रमांक 80 पर था।

वजीरगंज थाने में दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि कथित धोखाधड़ी के परिणामस्वरूप बलरामपुर, फर्रुखाबाद, रामपुर, बांदा, अमरोहा और शामली जिलों में नियुक्तियां हुईं, जिनमें व्यक्ति 2016 से वेतन प्राप्त कर रहे थे और राज्य के खजाने को वित्तीय नुकसान पहुंचा रहे थे। पुलिस सूत्रों ने बताया कि धोखाधड़ी और जालसाजी के इस मामले में मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। यह मुकदमा सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा कनिष्ठ सहायक और एक्स-रे टेक्नीशियनों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इस मामले को उजागर किये जाने के कुछ घंटों बाद दर्ज किया गया है। आदित्यनाथ ने कहा, ''किस तरह की भर्तियां होती थीं? हमें कई भर्तियां सीबीआई को सौंपनी पड़ीं। अब आप देख रहे हैं कि एक व्यक्ति आठ-आठ जगहों पर अपनी नियुक्ति करवाकर वेतन ले रहा था। जब जांच हुई तो यह मामला सामने आया।'' इस बीच, लखनऊ पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## मऊ के अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता बहाल, अधिसूचना जारी



लखनऊ, (भाषा) नफरत फैलाने वाला भाषण देने के मामले में दो साल की सजा पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रोक लगाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी की विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी गई है।

विधानसभा सचिवालय ने सोमवार को उनकी बहाली का आदेश जारी किया।

विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप कुमार दुबे ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। उन्होंने आदेश में कहा कि उच्च न्यायालय द्वारा अंसारी के दोष सिद्धि को रद्द किए जाने के बाद पूर्व में पारित आदेश निष्प्रभावी माने जायेंगे।

इससे पहले विधानसभा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया था कि अब्बास अंसारी की विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया था।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 2022 के भड़काऊ भाषण मामले में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की दोषसिद्धि को 20 अगस्त को रद्द कर दिया था।

न्यायमूर्ति समीर जैन ने विशेष सांसद/विधायक (एमपी/एमएलए) अदालत के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें उन्हें दो साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

मऊ की विशेष अदालत ने 31 मई को नफरती भाषण मामले में अब्बास को दोषी ठहराया और दो साल की कैद की सजा सुनाई थी।

मऊ सदर सीट से सुभासपा के विधायक और पूर्व बाहुबली मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण के मामले में दोषी करार देते हुए दो साल की सजा सुनायी थी।

अभियोजन पक्ष के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव मैदान में उतरे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी।

अंसारी की सदस्यता बहाल होने के बाद अब मऊ विधानसभा में उप चुनाव को लेकर शुरू हुई सियासी सरगर्मी पर भी विराम लग गया।

## ग्रेटर नोएडा में दो पक्षों की झड़प में एक व्यक्ति की मौत

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (भाषा) ग्रेटर नोएडा में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

प्रवक्ता ने बताया कि इस मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि घटना सोमवार देर रात सूरजपुर थाना क्षेत्र में बाराही मंदिर के पास की है। यहां किराए पर रहने वाले मूलरूप से बुलंदशहर निवासी राजकुमार, प्रेमपाल और गौरव का पड़ोस में रहने वाले कमल सिंह और नेता से झगड़ा हो गया।

प्रवक्ता ने बताया, ''मारपीट के दौरान नेता ने राजकुमार पर चाकू से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से किए गए हमले में नेता भी गंभीर रूप से घायल हो गया।'' उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने नेता को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# डीएम ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण, मदद का दिलाया भरोसा

## यमुना में बढ़ते जलस्तर के बीच मडुआ और रसूलाबाद गांव का दौरा, राहत शिविरों में व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।


बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया निरीक्षण करते जिलाधिकारी।


ग्रामीण सहकारी समिति टूंडली का निरीक्षण करते डीएम।

फिरोजाबाद। यमुना नदी के बढ़ते जलस्तर से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिलाधिकारी रमेश रंजन ने मंगलवार को जनपद के प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। सबसे पहले वे तहसील सदर के ग्राम मडुआ पहुंचे, जहां उन्होंने बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने टूंडला क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद का भ्रमण कर स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ अपर जिलाधिकारी विशु राजा, उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद और टूंडला, एक्सईएन विद्युत (फिरोजाबाद व टूंडला), मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने मौके पर ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने बताया कि प्रशासन द्वारा उन्हें आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जा रही है। इस पर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को राहत शिविरों में संपूर्ण व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने और नागरिकों को भोजन, पानी, कपड़ा एवं दवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने हिदायत दी कि कोई भी व्यक्ति बाढ़ के पानी में अनावश्यक रूप से न तैरे और न जाए। उन्होंने स्वास्थ्य टीमों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं के लिए भूसा और चारे की पर्याप्त व्यवस्था हो। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस मौसम में मुंहपका और खुरपका जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए पशुओं का टीकाकरण अनिवार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन किसानों की फसलें नष्ट हुई हैं, उन्हें मुआवजा प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामवासियों से अपील की कि नदी के लिए आरक्षित भूमि पर घर न बनाएं, ताकि भविष्य में किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन 24 घंटे आपके साथ है, किसी भी समस्या के समाधान के लिए तुरंत संपर्क करें।

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति टूंडली का भी निरीक्षण किया। वहां उन्होंने खाद के स्टॉक और वितरण रजिस्टर की जांच की तथा निर्देश दिया कि किसानों को खाद खतौनी के अनुसार ही वितरित की जाए।

# मंडलीय विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में फिरोजाबाद की बालिकाओं का जलवा, 5 गोल्ड और 8 सिल्वर जीते

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

फिरोजाबाद। मंगलवार को गणेशरा स्टेडियम, मथुरा में आयोजित मंडलीय विद्यालयी जूडो प्रतियोगिता में जनपद फिरोजाबाद की बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, टूंडला से प्रतिभाग करने वाली छात्राओं ने तीनों वर्गों में कुल 5 स्वर्ण (गोल्ड) और 8 रजत (सिल्वर) पदक हासिल किए। बालिका वर्ग में शीतल धनगर, समीक्षा, सपना और जैवा खानम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद फिरोजाबाद एवं अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेंद्र कुमार, फिरोजाबाद जनपद के प्रतिनिधि दिनेश चाहर एवं प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला मुदिता पांडे ने विजेता



बालिकाओं को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बालिकाओं ने यह सफलता शिक्षिका कुमकुम गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संरक्षण में अर्जित की।

# तीन छोटे बच्चों एवं पत्नी के साथ भूख हड़ताल पर बैठा सफाई कर्मचारी

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर।



जसराना। नगर पंचायत पर वेतन नहीं देने का आरोप लगा जुलाई माह में धरने पर बैठने वाला सफाई कर्मचारी मंगलवार को एक बार फिर भूख हडताल पर बैठ गया। अपने तीन छोटे बच्चों एवं पत्नी के साथ बैठे कर्मचारी ने 14 माह का वेतन नहीं देने का आरोप लगाया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा पिछले माह ही कर्मचारी के खाते में पैसा भेजा गया है।

नगर पंचायत में तैनात सफाई कर्मचारी मनोज कुमार मंगलवार को पत्नी एवं बच्चो के साथ मंगलवार को नगर पंचायत के प्रवेश द्वार पर भूख हडताल पर बैठ गया। पीडित कर्मचारी मनोज कुमार ने बताया नगर पंचायत द्वारा उसे पिछले चौदह माह का वेतन नहीं दिया गया है। जुलाई माह में भी कई दिन तक धरना दिया था। धरना के बाद एसडीएम एवं तहसीलदार ने वेतन दिलाने का वायदा किया था। दो माह बीतने के बाद भी वेतन नहीं दिए जाने का आरोप लगा भूख हडताल पर बैठ गया। बताया कि उसके सामने अब भुखमरी की नौबत आ गई है। मनोज कुमार का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा उसे अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है। न केवल चौदह महीने से उसका वेतन लंबित है, बल्कि पीएफ और बोनस का भी भुगतान नहीं किया गया। कहा कि भूख हडताल के दौरान अगर पत्नी, बच्चों एवं या फिर उसके साथ कोई अनहोनी होती है तो उसकी जिम्मेदारी ईओ एवं नगर पंचायत अध्यक्ष की होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा सभी कर्मचारियों को नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा है। मनोज को पिछले माह ही वेतन दिया गया है। उनके कार्यकाल के दौरान किसी भी कर्मचारी का कोई वेतन नहीं है। पुराना वेतन भी देने का प्रयास किया जा रहा है।

# जेएस यूनिवर्सिटी में डिग्री और मार्कशीट की शिकायत पर अधिकारियों ने किया निरीक्षण

- आज से कैंप लगाकर होगा छात्रछात्राओं की शिकायतों का निस्तारण : डीएम

नेशनल एक्सप्रेस/ ब्यूरो विपिन कुमार





फिरोजाबाद । जे0एस0 यूनिवर्सिटी में फजीर्वाड़े को लेकर लगातार अनियमितता की शिकायतें प्राप्त हो रही थी, यहां से विभिन्न विषयों में स्नातक की पढ़ाई किये छात्र अपनी डिग्री और मार्कशीट प्राप्त करने के लिए दर-दर भटक रहे हैं, लेकिन उनके साथ विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार दुर्व्यवहार कर रहा है, छात्रों ने अपनी शिकायत जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से की जिस पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन के साथ विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया और यहां बड़ी संख्या में मौजूद छात्रों का दुख-दर्द सुना जिसमें छात्रों द्वारा बताया गया कि उनको डिग्री प्राप्त करने के लिए पैसे की मांग की जा रही है, उनके अंक पत्र में तमाम तरह की गड़बड़ियां हैं, जिनको सुधारने हेतु भी उनसे पैसे मांगे जा रहे हैं, एक छात्र विकास के पिता संजीव कुमार ने बताया कि उसके बेटे के साथ मारपीट की गई, डिग्री मांगने पर रजिस्ट्रार ने तमाम भद्दी-भद्दी गालियां दी।

उन्होंने बताया कि उनके बेटे को डेढ़ साल से विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परेशान किया जा रहा है, छात्रों की पीड़ा को देखते हुए जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने यहां पर लगभग तीन से चार घंटे रुक कर छात्रों के दर्द को सुना और उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया।

छात्र-छात्राओं ने बताया कि उनके अंक पत्रों में त्रुटियां हैं जिनके संशोधन के नाम पर उनसे धनराशि मांगी जा रही है, उनके प्रमाण पत्रों में दिनांक इत्यादि का अंकन नहीं है, जिससे वह कोई प्रतियोगी फार्म नहीं भर पा रहे हैं, जिससे उनका करियर अधर में चला गया है।

### जेएस विश्वविद्यालय में प्रमाणपत्र संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु कैंप

फिरोजाबाद। जेएस विश्वविद्यालय परिसर में 10 सितंबर से एक सप्ताह तक कैंप लगाया जाएगा। इसमें छात्र–छात्राएं अंकपत्र, प्रमाणपत्र या अन्य शैक्षिक दस्तावेजों से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे। छात्रों ने आरोप लगाया है कि अंकपत्रों में त्रुटि सुधार के नाम पर धनराशि मांगी जा रही है और प्रमाणपत्रों पर दिनांक अंकित न होने से वे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस ने बाल अपचारी सहित तीन चोरों को किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद। अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिरसागंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रुपये चोरी कर भाग रहे बाल अपचारी सहित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान बाल अपचारी सहित सतेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र मचकन्द और आदित्य पुत्र रामपाल सिंह के रूप में हुई है। इनके पास से चोरी किए गए 6,000 रुपये बरामद किए गए हैं।इस मामले में थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 496/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।पुलिस का कहना है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### पुलिस ने अभियुक्ता सहित दो वांछित अभियुक्तों को पकड़ा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। सिरसागंज। वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने एक अभियुक्त सहित दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस के अनुसार, मु.अ.सं. 484/2025 धारा 137(2)/87/61 (2)/142 बीएनएस से संबंधित मामले में वांछित अभियुक्त मंजीत पुत्र बबलू और अभियुक्ता सीमा देवी (काल्पनिक नाम) को ग्राम बोझिया से शिकोहाबाद की ओर जाने वाली सड़क के पास से पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### 15 दिवसीय खाद्य संरक्षण कार्यशाला का उद्घाटन


नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर। सिरसागंज। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिरसागंज के गृह विज्ञान विभाग द्वारा छात्राओं के लिए 15 दिवसीय खाद्य संरक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का समन्वयन विभागाध्यक्ष डॉ. सोनल भार्गव द्वारा किया जा रहा है। कार्यशाला के उद्घाटन अवसर पर विशेष अतिथि एवं प्रशिक्षक शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने खाद्य संरक्षण की उपयोगिता और विविध तकनीकों जैसे सुखाने, अचार व मुरब्बा निर्माण, डिब्बाबंदी फ्रीजिंग तथा प्राकृतिक संरक्षक विधियों पर जानकारी साझा की। इस प्रकार की कार्यशालाएँ छात्राओं को न केवल व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करती हैं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरित करती हैं। खाद्य संरक्षण एक ऐसा कौशल है जो घर से लेकर उद्यमिता तक उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

### अनियंत्रित बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार छात्र घायल

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।फिरोजाबाद । मंगलवार की सुबह जनपद के थाना सिरसागंज क्षेत्र में कोचिंग से लौट रहे बाइक सवार एक छात्र को बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे छात्र की बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तथा छात्र घायल हो गया । बताया गया कि छात्र सूर्यांश यादव कौरारा रोड, सिरसागंज का रहने वाला हैं जो कि मंगलवार को कोचिंग से लौट रहा था तभी पीड़ित सूर्यांश ने बताया कि अरांव रोड की तरफ से आ रही बुलेरो ने लापरवाही से उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्र अपनी मोटरसाइकिल समेत सड़क पर गिरकर कुछ दूर तक घिसटता चला गया। बुलेरो चालक गाड़ी रोकने की बजाय हैबतपुर रोड की तरफ भाग निकला। घटना के बाद आसपास के लोग घायल सूर्यांश की मदद के लिए दौड़े। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सूर्यांश ने सिरसागंज थाने में बुलेरो चालक के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मामले को लेकर थाना प्रभारी वैभव कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।फिरोजाबाद । महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति ' संकल्प' हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के अंतर्गत महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन के निदेर्शानुसार जिलाधिकारी के आदेशानुसार महिला कल्याण विभाग जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशन में सितंबर माह में चलाए जा रहे 10 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम द्वारा ग्रामीण क्षेत्र खंड नारखी के कन्या प्राथमिक



विद्यालय, ग्राम जौंधरी, में उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम आयोजन किया गया । जिसमें छात्राओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र में चलाए जा रहे प्रशिक्षण के विषय में जानकारी दी एवं छात्राओं को वहां जाकर अपने नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही छात्राओं को विभागीय योजनाओं संबंधी पैंपलेट वितरण की गई। कार्यक्रम में हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन योजना के कर्मचारी असिस्टेंट अकाउंट मोहिनी शर्मा और अरुण कुमार द्वारा छात्र–छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बाल सेवा योजना, वृद्धा पेंशन , विकलांग पेंशन , विधवा पेंशन , मातृत्व वंदना योजना एवं सरकार की समस्त योजनाओं के बारे में और हेल्पलाइन नंबर के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम में मौजूद स्कूल के प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक, उपस्थित रहे।

# ताइक्वांडो प्रतियोगिता में टूंडला जीजीआईसी की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

- तैराकी में बेहतरीन प्रदर्शन पर कुमकुम गुप्ता को बेस्ट स्विमर अवार्ड

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।



ताइक्वांडो प्रतियोगिता में विजयी छात्रायें

फिरोजाबाद। मंडलीय विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें जनपद फिरोजाबाद से राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टूंडला की 06 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग में श्रुति नैना और डॉली खान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं अंडर-17 वर्ग में संगीता और समीक्षा ने द्वितीय स्थान हासिल किया। श्रुति नैना और डॉली खान का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस सफलता पर जिला विद्यालय निरीक्षक धीरेंद्र कुमार, जिला क्रीड़ा सचिव दिनेश कुमार चाहर और प्रधानाचार्या मुदिता पांडे ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिता का संचालन रूपेश तिवारी द्वारा किया गया। छात्राओं ने यह उपलब्धि व्यायाम शिक्षिका कुमकुम गुप्ता और व्यायाम शिक्षक धर्मवीर कुमार के संरक्षण में हासिल की। प्रधानाचार्या मुदिता पांडे ने कहा कि यह सफलता विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका कुमकुम गुप्ता की मेहनत, बालिकाओं के आत्मविश्वास और लगन का परिणाम है, जिससे उन्होंने जनपद फिरोजाबाद का नाम गौरवान्वित किया। तैराकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए आगरा जिला स्विमिंग एसोसिएशन की ओर से कुमकुम गुप्ता को बेस्ट स्विमर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कुमकुम की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जिले का नाम रोशन किया है। कुमकुम गुप्ता ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। सम्मान समारोह में मौजूद खेल प्रेमियों और अधिकारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# क्राइस्ट द किंग एलुमनी एसोसिएशन ने वृद्ध आश्रम में दवाइयां कीं वितरित

- बुजुर्गों के स्वास्थ्य और सेवा भाव को समर्पित पहल, पदाधिकारियों ने लिया माता-पिता की सेवा का संकल्प



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।

टूंडला। क्राइस्ट द किंग एलुमनी एसोसिएशन ने मानवता और सेवा की मिसाल पेश करते हुए आगरा स्थित रामलाल वृद्ध आश्रम में बीमार बुजुर्गों को दवाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बुजुर्गों का हालचाल लिया और उनके स्वास्थ्य के प्रति चिंता जताते हुए सभी सदस्यों को अपने माता-पिता की सेवा करने का संकल्प दिलाया।एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. संजीव जैन ने कहा कि वृद्ध आश्रम में दवाइयां वितरित करने की यह पहल न केवल बुजुर्गों के स्वास्थ्य के लिए सहायक है, बल्कि यह सेवा और मानवता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे अनुभव, संस्कार और ज्ञान के स्रोत हैं। उनके प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करना ही हमारी असली पहचान है। इस छोटे से प्रयास के माध्यम से हम सभी को यह संदेश देना चाहते हैं कि अपने बुजुर्ग माता-पिता का ख्याल रखें। कार्यक्रम में सचिव शुभम अग्रवाल, कोषाध्यक्ष मुनीश गुप्ता, संचार निदेशक अंकित जैन, राजेश सिंह, ऋषभ गुप्ता, कुनाल जैन, राजीव वार्ष्णेय, डॉ. अनुशील वार्ष्णेय, सुभत जैन, परितोष सिंह, अश्वनी पालीवाल, रितेश गुप्ता सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# सरकारी सुविधाओं से वंचित दिव्यांगजनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।

फिरोजाबाद। मंगलवार को नारायण दिव्यांगजन सेवा समिति के नेतृत्व में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एकत्र होकर हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे और अपनी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दिव्यांगजनों ने आरोप लगाया कि उन्हें पेंशन सहित कई सरकारी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। यहां तक कि दिव्यांग कल्याण विभाग भी उनकी कोई सुनवाई नहीं करता। दिव्यांगजनों ने अपनी प्रमुख मांगों में नियमित पेंशन, सभी को आयुष्मान कार्ड की सुविधा, बिजली बिल में छूट या माफी और आवास योजना के अंतर्गत घर उपलब्ध कराने की बात रखी।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।

# रक्तदान शिविर में पत्रकारों ने किया रक्तदान

नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर।



फिरोजाबाद। प्राइवेट ट्रॉमा सेंटर में 8 और 9 सितंबर को दो दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान करीब 30 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवीय सेवा का परिचय दिया। विशेष रूप से फिरोजाबाद प्रेस क्लब के पत्रकारों ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। शिविर में प्रशांत कुलश्रेष्ठ, सचिन शर्मा, श्रीकृष्णा चितौड़ी, उदयभान सिंह, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद सब्बीर, तारा सिंह, कृष्ण पोरवाल, मंजेश कुमार, तलहा और दुष्यंत कुमार समेत कई लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टरों की टीम का विशेष योगदान रहा। डॉ. विपिन गुप्ता, डॉ. पंकज सारस्वत, डॉ. श्वेता बघेल और डॉ. खुशी गुप्ता ने शिविर में सहयोग दिया। यह आयोजन पंजाब केसरी समूह के संस्थापक एवं स्वतंत्रता सेनानी लाला जगत नारायण जी की 9 सितंबर 1981 को हुई शहादत की स्मृति में किया गया। कार्यक्रम में सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक युवक को दबोचा

फिरोजाबाद। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शिकोहाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान एफएस कॉलेज के पास से जीते पुत्र पप्पन गिहार निवासी गिहार कॉलोनी, शिकोहाबाद को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ थाना शिकोहाबाद में मुकदमा संख्या 615/2025 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# 2047 का विकसित उत्तर प्रदेश को लेकर पैराडोर होटल में सेमिनार का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो विपिन कुमार



फिरोजाबाद । मंगलवार को प्रमुख सचिव राजनैतिक पेंशन, नागरिक सुरक्षा, प्राशनिक सुधार, लोक सेवा प्रबंधन अल्पसंख्यक कल्याण संयुक्ता समद्दार की उपस्थिति साथ ही शासन से चयनित प्रबुद्धजनों सेवानिवृत्त आई पी एस सतीश कुमार माथुर, सेवानिवृत्त आई एफ एस डा0 राजीव मिश्रा, सेवानिवृत्त पूर्व विभागाध्यक्ष रसायन विभाग आगरा डा0 एस सी अग्रवाल, सेवानिवृत्त प्रो0 कृषि वैज्ञानिक डा आशा यादव, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता यूपीपीसीएलए रवि प्रकाश दुबे के साथ-साथ जिलाधिकारी रमेश रंजन, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य समस्त जनपद के उद्योगपतियों के साथ पैराडोर हॉटल में एक सेमीनार 2047 का विकसित उ0प्र0 समग्र उ0प्र0 2047 का आयोजन हुआ । यह तीन टीम अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर आधारित है जिसे 12 सेक्टरों में विभाजित किया गया है, कृषि, पशुधन संरक्षण, औद्योगिक विकास, आईटी इमर्जिंग प्रौद्योगिकी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा एवं सुशासन । जिसमें मंगलवार को उद्योगपतियों ने इस महत्वपूर्ण उददेश्य में अपना योगदान के देने के लिए अपने अमूल्य विचारों को रखा साथ ही उद्यमियों ने जिलाधिकारी को खाद्य प्रसंस्करण को ह्यह्यएक जनपद एक उत्पादह्यह्य में शामिल करने की बधाई दी, साथ ही उन्होने जिलाधिकारी से अपील की की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को और बढाया जाए जिससे जिलें में कांच उद्योग के समान ही इस उद्योग को भी मजबूती मिल सके, अंत में आईपीएस सतीश कुमार ने कहा कि आप सब उद्यमियों का सुझाव हमारें लिए अमूल्य है, क्योंकि संवाद से नवीन विचार और नवीन विचार से प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है, उन्होने कहा कि उ0प्र0 को 6 ट्रिलियन इकोनोमी बनाने हेतु हमे अभी से प्रयास करना होगा । 2047 तक हमें अगर उ0प्र0 को विकसित करना है तो आज से ही इस पर गम्भीरता से हर सेक्टर में कार्य करना होगा, तभी हम उ0प्र0 को विकसित प्रदेश के रूप में देख सकेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए संयुक्ता समददार ने कहा कि आप सब जॉब क्रिएटर बने इसके लिए स्किल, इंटरप्रयोनेरशिप और इनोवेशन चाहिए तभी भारत गेम चेंजर की भूमिका में दिखाई देगा, हमें प्रयास करना चाहिए कि हम स्वंय रोजगारपरक बने ही साथ ही साथ 10 लोगों को और रोजगार देने की स्थिति में हो।

# सोशल मीडिया पर पाबंदी अभिव्यक्ति की आजादी पर अंकुश लगाने की वैश्विक प्रवृत्ति का हिस्सा




**काठमांडू, (एपी)** नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाना दुनिया भर में और यहां तक कि लोकतांत्रिक देशों में भी इसपर अंकुश लगाने के लिए किये जा रहे प्रयासों का हिस्सा है। नेपाल सरकार ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह 'फेसबुक', 'एक्स' और 'यूट्यूब' समेत कई सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगा रही है क्योंकि ये कंपनियां पंजीकरण कराने की अनिवार्यता का पालन करने में विफल रही हैं। हालांकि, जबर्दस्त विरोध प्रदर्शनों के एक दिन बाद मंगलवार को यह प्रतिबंध हटा लिया गया।

कॉर्नेल विश्वविद्यालय में सूचना विज्ञान के सहायक प्रोफेसर आदित्य वशिष्ठ ने कहा कि नेपाल में जो कुछ हो रहा है, वह ''विमर्श को नियंत्रित करने और जमीनी स्तर पर उभर रहे विचारों को नियंत्रित करने के इस व्यापक पैटर्न'' को दर्शाता है।उन्होंने कहा कि पड़ोसी देशों पाकिस्तान और बांग्लादेश में ऐसा कई बार हो चुका है। वशिष्ठ ने कहा, ''तो यह कोई नई बात नहीं है -- असल में, मैं कहना चाहूंगा कि यह सोशल मीडिया पर चल रहे विमर्श को नियंत्रित करने की एक बखूबी स्थापित रणनीति के तहत किया गया है।'' पड़ोसी देशों की तरह, नेपाल सरकार भी सोशल मीडिया कंपनियों से देश में एक मध्यस्थ अधिकारी नियुक्त करने के लिए कह रही है।

नेपाल में अधिकारी सोशल मीडिया पर निगरानी रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए कानून बनाने की मांग कर रहे हैं कि उपयोगकर्ता और संचालक, दोनों ही अपनी ओर से साझा की जाने वाली सामग्री के लिए जिम्मेदार और जवाबदेह हों। लेकिन इस कदम को सेंसरशिप और ऑनलाइन विरोध दर्ज कराने वाले विरोधियों को दंडित करने का हथकंडा बताते हुए इसकी आलोचना की जा रही।

वाशिंगटन स्थित गैर-लाभकारी संस्था 'फ्रीडम हाउस' में प्रौद्योगिकी और लोकतंत्र के सीनियर रिसर्च एनालिस्ट कियान वेस्टिंसन ने कहा, ''सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को विनियमित करने में सरकारों की रुचि जायज है। और अधिकारियों का यह कहना कि हम इसके लिए नियम बनाना चाहते हैं, बिल्कुल उचित है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन नेपाल में हम देख रहे हैं कि सोशल मीडिया कंपनियों पर नियम लागू करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाने से उन्हें बेतहाशा नुकसान हो रहा है।



## रूसी ग्लाइड बम से हमला, कम से कम 20 लोगों की मौत

**कीव, (एपी)** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मंगलवार को पेंशन वितरण के दौरान पूर्वी यूक्रेन के एक गांव में रूसी ग्लाइड बम से किए गए हमले में 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी।

जेलेंस्की ने 'टेलीग्राम' पर एक पोस्ट में कहा कि डोनेट्स्क क्षेत्र के यारोवा गांव में बम गिरा। कहा, "निःसंदेह यह क्रूरता है।" जेलेंस्की ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आग्रह किया कि वह रूस पर अतिरिक्त आर्थिक प्रतिबंध लगाकर उसे आक्रमण के लिए दंडित करें।

# थाईलैंड के पूर्व प्रधानमंत्री को एक साल की सजा

### कई लोगों ने उनके बीमार होने पर भी संदेह जताया था।



**बैंकॉक, (एपी)** थाईलैंड के उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा को भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के मामलों में पिछली दोषसिद्धि में एक साल की जेल की सज़ा काटनी होगी।

उच्चतम न्यायालय इस पर सुनवाई कर रहा था कि क्या अधिकारियों ने 2023 में थाकसिन की थाईलैंड वापसी कराने की व्यवस्था ठीक से नहीं की थी, ताकि मुकदमों में उनकी सजा शुरू होती।

एक न्यायाधीश ने कहा कि थाकसिन की सजा का क्रियान्वयन ठीक से नहीं किया गया था, और इसलिए पुलिस अस्पताल में उसकी हिरासत को जेल की सजा के रूप में नहीं गिना जाएगा। एक दशक से अधिक समय तक स्व-निर्वासन में रहने के बाद थाईलैंड लौटने पर थाकसिन को एक दिन से भी कम समय जेल में बिताने के बाद कथित तौर पर चिकित्सा कारणों से बैंकॉक के पुलिस जनरल अस्पताल के एक कमरे में भेज दिया गया।

भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग से जुड़े तीन मामलों में उनकी आठ साल की सजा को राजा महा वजीरालोंगकोर्न ने एक साल में बदल दिया था और छह महीने अस्पताल में रहने के बाद उन्हें पैरोल पर रिहा कर दिया गया था। इन घटनाक्रम ने सवाल उठाए कि क्या उनके साथ विशेष बर्ताव किया गया, वहीं कई लोगों ने उनके बीमार होने पर भी संदेह जताया था।

मंगलवार को अदालत के बयान में कहा गया कि साक्ष्यों से पता चलता है कि उस रात थाकसिन का जेल के अस्पताल में ही उपचार किया जा सकता था लेकिन जेल के चिकित्सकों द्वारा जांच किए बिना ही उन्हे सीधे पुलिस अस्पताल भेज दिया गया, जो प्रक्रियाओं का उल्लंघन था।

# भारत ने अपने नागरिकों के लिए आपातकालीन फोन नंबर जारी किये



**काठमांडू, (भाषा)** भारत ने मंगलवार को नेपाल में अपने नागरिकों के लिए आपातकालीन फोन नंबर जारी किये और किसी भी आपातस्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर उन फोन नंबर पर संपर्क करने को कहा। नेपाल में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अफरा-तफरी मच गई है।

नेपाल में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''नेपाल में सभी भारतीय नागरिकों से अनुरोध है कि वे किसी भी आपात स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर संपर्क के लिए काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के निम्नलिखित टेलीफोन नंबरों का इस्तेमाल करें +977 – 980 860 2881 और +977 – 981 032 6134।''

मौजूदा स्थिति को देखते हुए विदेश मंत्रालय ने एक बयान जारी कर भारतीय नागरिकों को नेपाल की यात्रा स्थगित करने की सलाह दी है।

बयान में कहा गया है, ''नेपाल में मौजूद भारतीय नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अपने वर्तमान निवास स्थानों पर ही रहें, सड़कों पर निकलने से बचें और पूरी सावधानी बरतें।'' इसमें भारतीय नागरिकों से नेपाल के अधिकारियों और काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास द्वारा जारी सुरक्षा सलाह का पालन करने को भी कहा गया है।

## इजराइली सेना ने गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली करने का अनुरोध किया

**तेल अवीव, (एपी)** इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में अपने नियोजित विस्तारित सैन्य अभियान से पहले मंगलवार की सुबह गाजा सिटी को पूरी तरह से खाली करने का आग्रह किया। गाजा में चल रही लड़ाई में शहर को पूरी तरह से खाली करने की यह पहली चेतावनी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल कात्ज ने भी मंगलवार को कहा कि गाजा में 30 ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन इमारतों का इस्तेमाल हमास सैन्य बुनियादी ढांचे के रूप में कर रहा था।

प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सोमवार को कहा था कि इजराइल कम से कम 50 ''आतंक के टावरों'' को नष्ट करने की योजना बना रहा है, जिनका इस्तेमाल हमास द्वारा किया जाता है। पिछले कुछ दिनों में इजराइल ने गाजा शहर में कई ऊंची इमारतों को ध्वस्त कर दिया है और दावा किया है कि हमास ने उनमें निगरानी ढांचा स्थापित कर लिया है।

यह विध्वंस हमास के बचे हुए आखिरी गढ़ पर नियंत्रण पाने के लिए इजराइल के बढ़ते आक्रमण का हिस्सा है।

### आशंका जताई जा रही है कि बोटुलिनम विषाणु हो सकता है।

# संरक्षित सब्जियां क्यों बन सकती हैं जानलेवा, कैसे रहें सुरक्षित

**लंदन, (द कन्वरसेशन)** दक्षिणी इटली के एक फूड ट्रक से जुड़ी खाद्य जनित बीमारी हाल ही में दो लोगों की मौत और दर्जनों को अस्पताल पहुंचाने का कारण बनी। इसका कारण संरक्षित सब्जियों में मौजूद क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम नामक बैक्टीरिया था, जो बोटुलिज़्म नामक एक घातक बीमारी के लिए जिम्मेदार है। ब्रोकली के एक विशेष खेप को लेकर ब्रिटेन की फूड स्टैंडर्ड्स एजेंसी ने भी हाल ही में चेतावनी जारी की है। आशंका जताई जा रही है कि उसमें भी बोटुलिनम विषाणु हो सकता है।

कैनिंग प्रक्रिया के दौरान भोजन से हवा निकाल दी जाती है और उसे कसकर बंद कर दिया जाता है, जिससे एक ऑक्सीजन-रहित (एनेरोबिक) वातावरण बन जाता है। आमतौर पर यह प्रक्रिया भोजन को लंबे समय तक सुरक्षित रखती है, लेकिन यह वातावरण क्लॉस्ट्रिडियम बोटुलिनम के लिए आदर्श स्थितियां भी पैदा कर सकता है। इस बैक्टीरिया के बीजाणु यानी



स्पोर आम तौर पर मिट्टी में पाए जाते हैं और यह उच्च तापमान पर पकाने के बावजूद जीवित रह सकते हैं।

खासकर ब्रोकली, हरी फलियां, मक्का, चुकंदर और मटर जैसे कम अम्लीय खाद्य पदार्थों में, यदि कैनिंग प्रक्रिया पर्याप्त गर्म या लंबी नहीं हुई हो, तो ये बीजाणु सक्रिय होकर ज़हर पैदा कर सकते हैं।यह ज़हर न दिखता है, न बदबू पैदा करता है, न ही स्वाद में फर्क करता है, जिससे ज़हरीला भोजन सामान्य दिखाई देता है, लेकिन घातक साबित हो सकता है। बोटुलिज़्म एक न्यूरोटॉक्सिन के कारण होता है, जो तंत्रिकाओं पर हमला करता है और मांसपेशियों की कमजोरी, सांस लेने में दिक्कत, लकवा और गंभीर मामलों में मृत्यु का कारण बन सकता है।

इसके लक्षण आमतौर पर 18 से 36 घंटे के भीतर दिखाई देते हैं, लेकिन छह घंटे से दस दिन तक का समय भी लग सकता है। शुरुआती लक्षणों में निगलने या बोलने में कठिनाई, पलकें झुकना, धुंधली या दोहरी दृष्टि, उल्टी और मांसपेशियों का धीरे-धीरे लकवाग्रस्त होना शामिल हैं। यह बीमारी अन्य बीमारियों जैसे स्ट्रोक, गिलेन-बैरे सिंड्रोम, और मायस्थेनिया ग्रेविस से मिलती-जुलती हो सकती है, जिससे इसकी पहचान करना मुश्किल हो जाता है।

इलाज में दो मुख्य उपाय होते हैं। (1) सहायक देखभाल जैसे कि वेंटिलेटर की मदद या संक्रमण प्रबंधन और (2) एंटीटॉक्सिन जो विष को बेअसर कर सकता है। हालांकि ये पहले से हुई क्षति को नहीं पलट सकता ।जीवित बचे लोगों को अक्सर लंबी रिकवरी और थकावट, सांस की दिक्कत जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

इस जहर से बचाव के लिए कुछ सावधानियां जरूरी हैं। कभी भी फूले हुए, टपकते, बदरंग या क्षतिग्रस्त कैन या जार में रखी सामग्री का सेवन न करें। घर में कम-अम्लीय खाद्य पदार्थ बनाते समय उन्हें 10 मिनट तक उबालें। हमेशा सही प्रेशर कैनर और विश्वसनीय कैनिंग निर्देश अपनाएं। खाद्य सामग्री को लेकर कोई संदेह हो तो भोजन को फेंक दें।"

एक ज़हर, जिसके दो पहलू हैं।

बोटुलिनम टॉक्सिन एक खतरनाक ज़हर है, लेकिन यह चिकित्सा के क्षेत्र में वरदान भी है।

वर्ष 1989 में अमेरिका के एफडीए ने इसे चिकित्सकीय उपयोग के लिए मंजूरी दी थी। यह माइग्रेन, मांसपेशियों की ऐंठन, आंखों की समस्याओं और गर्दन के विकारों के इलाज में इस्तेमाल होता है। कॉस्मेटिक उपयोग में भी यह अत्यधिक लोकप्रिय है। झुर्रियों को हटाने के लिए बोटॉक्स के रूप में इसका उपयोग किया जाता है। लेकिन यही ज़हर खराब तरीके से उपयोग किए जाने पर घातक हो सकता है। अगस्त 2025 में ब्रिटेन में बोटुलिनम टॉक्सिन से जुड़ा एक जानलेवा मामला सामने आया जिसने इस ज़हर के गलत इस्तेमाल को लेकर फिर से चिंता बढ़ा दी।

कुल मिला कर कहा जा सकता है कि बोटुलिज़्म एक दुर्लभ लेकिन अत्यंत जानलेवा बीमारी है। इससे बचाव के तरीके हैं जिनमें सुरक्षित खाद्य प्रसंस्करण, सावधानीपूर्वक कैनिंग और संभावित रूप से संदिग्ध डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों से बचाव शामिल है।

## खेल एक्सप्रेस

### संक्षिप्त खबरें




## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है: हेजलवुड

**सिडनी, (भाषा)** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। एसईएन रेडियो ने हेजलवुड के हवाले से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं।'' उन्होंने कहा, ''अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।''

## बैजबॉल को लेकर गलतफहमी खिलाड़ियों का अनादर: मैकुलम

**लंदन, (भाषा)** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि क्रिकेट का बैजबॉल ब्रांड कोई कड़ी खेल शैली नहीं है बल्कि यह खिलाड़ियों को स्वच्छंद होकर खेलने की छूट देने से जुड़ा है तथा इसको लेकर गलत धारणाएं खिलाड़ियों के लिए अपमानजनक है। मैकुलम ने 2022 में इंग्लैंड की टेस्ट टीम की कमान संभाली और आक्रामक अंदाज में क्रिकेट खेलने को प्राथमिकता दी। क्रिकेट जगत ने इस शैली को बैजबॉल नाम दिया लेकिन मैकुलम को यह शब्द पसंद नहीं है। 'बीबीसी स्पोर्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, मैकुलम ने 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट में कहा, ''हमारे अंदर कभी भी अपने बारे में ऐसी मानसिकता नहीं रही है। चीजों को लेकर हमारा रवैया सख्त नहीं है।''उन्होंने कहा, ''हम जिस तरह की क्रिकेट खेलते हैं उसको लेकर कुछ गलत धारणा है। मुझे लगता है कि यह सभी खिलाड़ियों और टीम के अन्य सदस्यों के लिए अपमानजनक है। हम कड़ी मेहनत करते हैं और सफल होना चाहते हैं लेकिन हमें इस तरह से वर्गीकृत करना सही नहीं है।'' न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ने कहा कि उनका जोर हमेशा खिलाड़ियों की मानसिकता पर रहा है, न कि किसी विशेष तरीके से खेलने पर। मैकुलम ने कहा, ''हमारे लिए यह एक ऐसा माहौल तैयार करने से जुड़ा है जिसमें हम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के दबाव को झेलने और अपनी भूमिका को अच्छी तरह से समझने पर जोर देते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी अपने कौशल का खुलकर प्रदर्शन करें। इसलिए एक निश्चित शैली या खेलने के तरीके पर विश्वास रखने से हमारी सफलता की संभावना बढ़ जाती है।''

### राशिद खान ने एशिया कप की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी

# दुबई में रहना और सभी मैच अबुधाबी में खेलना आदर्श नहीं: राशिद खान

**दुबई, (भाषा)** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने मंगलवार को एशिया कप के कार्यक्रम और व्यवस्था की आलोचना करने में कोई कसर नहीं छोड़ी क्योंकि उनकी टीम दुबई में रहेगी और मैच के दिन अबुधाबी की करीब दो घंटे की यात्रा करेगी। इससे भी बड़ी विडंबना यह थी कि राशिद उसी दिन सुबह यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में शामिल हुए जिस दिन उनकी टीम को शाम को अबुधाबी में हांगकांग से भिड़ना है।

राशिद ने एशिया कप में हिस्सा ले रही टीमों के कप्तानों की अनिवार्य प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा, ''मुझे नहीं लगता कि यह आदर्श है - इसी बात पर हम पहले भी (दूसरे कप्तानों के साथ) चर्चा कर रहे थे।'' इस दौरान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और एशियाई क्रिकेट परिषद के प्रमुख मोहसिन नकवी भी मौजूद थे।

टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाले इस गेंदबाज ने कहा, ''अबुधाबी में खेलना और तीनों मैचों के लिए दुबई में रहना... यह अलग बात है। लेकिन पेशेवर क्रिकेटर होने के नाते हमें इन चीजों को स्वीकार करना होगा।'' अफगानिस्तान के ग्रुप बी के अन्य दो मैच क्रमशः 16 और 18 सितंबर को बांग्लादेश और श्रीलंका के खिलाफ होंगे। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 170 विकेट लेने वाले राशिद ने यह भी कहा कि पेशेवर होने के नाते उन्हें कार्यक्रम को भूलकर खेल पर ध्यान केंद्रित करना होगा। राशिद ने कहा, ''एक बार जब आप मैदान में उतरते हैं तो आप बाकी सब कुछ भूल जाते हैं। दूसरे देशों में हम अक्सर दो-तीन घंटे की उड़ान भरकर सीधे मैच खेलने पहुंच जाते हैं। मुझे याद है कि एक बार मैं बांग्लादेश से अमेरिका गया था और सीधे मैच खेला था।''




श्रीलंकाई कप्तान चरित असलंका ने भी कार्यक्रम के बारे में बात की जिससे जिम्बाब्वे के खिलाफ कड़ी श्रृंखला के बाद उनकी टीम को आराम करने और उबरने का बहुत कम समय मिला है। असलंका से जब काफी कम समय में इतने सारे मैच खेलने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, ''अभी मुझे बहुत नींद आ रही है।

मुझे लगता है कि मुझे कल इसका जवाब देना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''नहीं, मेरा मतलब है कि छह और सात सितंबर को जिम्बाब्वे में लगातार दो मैच और फिर सीधे यहां (दुबई) आना काफी मुश्किल है। मुझे लगता है कि हमें कुछ दिन की छुट्टी की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि कोच हमें छुट्टी देंगे।''

असलंका ने कहा, ''अपनी फिटनेस का ध्यान रखना जरूरी है और हम सभी जानते हैं कि यहां बहुत गर्मी है। मेरे लिए पहले मैच में तरोताजा रहना और अपना शत प्रतिशत देना बेहद जरूरी है।'' श्रीलंका अपने अभियान की शुरुआत 13 सितंबर को बांग्लादेश के खिलाफ करेगा।



## चुनौतियों का सामना करना पसंद है कोच लालचंद राजपूत को

**दुबई, (भाषा)** लालचंद राजपूत ऐसे कोच हैं जिन्हें कमजोर मानी जाने वाली टीमों की कोचिंग करने की चुनौती हमेशा से पसंद आती रही है। खुद को 'खड़ूस' मुंबईकर बताने वाले राजपूत कुछ साल पहले जिम्बाब्वे के कोच रहे और अब एशिया कप में यूएई के कोच हैं जिसे पहले मैच में बुधवार को भारत से खेलना है। राजपूत ने मंगलवार को यूएई के अभ्यास सत्र से इतर पीटीआई वीडियो से कहा, '' मैं मुंबई से आया हूं और वह खड़ूस रवैया तो रहेगा ही। यह कभी भी मेरे भीतर से जायेगा नहीं।''उन्होंने कहा, '' मैं खिलाड़ियों में यह भरना चाहता हूं और सबसे बड़ी बात खुद पर यह विश्वास होना जरूरी है कि आप कर सकते हैं। यही सबसे अहम है क्योंकि टी20 क्रिकेट में आप किसी भी टीम को हरा सकते हैं।''राजपूत ने कहा, '' इसलिये सकारात्मक रवैया होना जरूरी है कि आखिरी गेंद तक, आखिरी रन तक और आखिरी विकेट लेने तक जुझारूपन नहीं छोड़ना है।'टी20 विश्व कप 2007 विजेता भारतीय टीम के मैनेजर रहे 63 वर्ष के राजपूत को बीसीसीआई द्वारा किसी राष्ट्रीय टीम में कोई भूमिका नहीं दिये जाने का मलाल नहीं है। वह भारत ए के कोच भी रहे हैं।उन्होंने कहा, '' मुझे चुनौतियां पसंद है। इन छोटी टीमों के साथ काम करके और उनके विकास में मदद करके मुझे अच्छा लगता है। किसी को पता नहीं था कि अफगानिस्तान कैसी टीम है और जब मैं वहां था तब उसे टेस्ट दर्जा मिला।' राजपूत ने कहा, '' इसके बाद मैं जिम्बाब्वे गया जिसने 2022 विश्व कप के लिये क्वालीफाई किया।

## आईएसएसएफ विश्व कप भारतीय निशानेबाजों का निराशाजनक प्रदर्शन

**निंगबो (चीन), (भाषा)** भारत का आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी प्रतियोगिता में पहले दिन निराशाजनक प्रदर्शन रहा क्योंकि उसकी 10 मीटर एयर पिस्टल और राइफल मिश्रित टीमें मंगलवार को यहां फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहीं। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमशः 11वें और 13वें स्थान, जबकि 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में 14वें और 34वें स्थान पर रही। सुरभि राव और युवा अमित शर्मा की जोड़ी 10 मीटर एयर पिस्टल में 594 के कुल क्वालीफिकेशन राउंड स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रही। सुरभि ने 284 जबकि शर्मा ने 290 का स्कोर किया। चीन ने 585 अंकों के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष स्थान प्राप्त किया।

### भारत ने शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा

# भारत सुपर कोरिया के खिलाफ जीत की लय को बरकरार रखना चाहेगा

**हांगझोउ (चीन) (भाषा)** पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर अविजित रही भारतीय महिला हॉकी टीम एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में बुधवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ अपनी प्रभावशाली लय को जारी रखने की कोशिश करेगी।

भारत ने इस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार तरीके से करते हुए थाईलैंड को 11-0 से रौंदा, इसके बाद जापान के खिलाफ 2-2 ड्रॉ खेला। भारत ने अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 12-0 से हराकर पूल बी में गोल अंतर के आधार पर जापान से आगे रहते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया।

भारत इस लय को बनाए रखते हुए खिताब जीतने और अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश करेगा।




विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारत सुपर चार चरण में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान की टीम कोरिया के खिलाफ जीत के दावेदार के तौर पर मैदान में उतरेगा। कोरिया के बाद भारत बृहस्पतिवार को खिताब के दावेदार चीन के खिलाफ खेलेगा, उसके बाद शनिवार को जापान से भिड़ेगा। अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर और मुमताज खान पूल स्टेज में पांच-पांच गोल कर शानदार लय में हैं। उनसे उम्मीद होगी कि वे अपनी लय बरकरार रखते हुए टीम को फाइनल में पहुंचाने में अपना योगदान दे। नवनीत, मुमताज और ललरेमसियामी को सिंगापुर के खिलाफ कोई चुनौती नहीं मिली और उन्होंने मौके का पूरा फायदा उठाया। नवनीत और मुमताज ने सिंगापुर के खिलाफ 12-0 की जीत में हैट्रिक जमाई। मिडफील्ड में नेहा, उदिति, शर्मिला और रुतुजा पिसाल ने भी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

सुपर चार चरण में भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया एक-दूसरे के खिलाफ एक-एक मैच खेलेंगे। तालिका में शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीम फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जबकि बाकी दो टीमें तीसरे और चौथे स्थान के लिए भिड़ेंगी।भारत ने पूल चरण में शानदार प्रदर्शन कर सुपर चार में जगह बनाई है जबकि कोरिया ने पूल ए में दो जीत और एक हार के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए सुपर चार के लिए क्वालीफाई किया।

दोनों टीमों के बीच पिछले पांच मुकाबलों में भारत ने तीन बार जीत हासिल की है, जबकि कोरिया ने एक बार विजयी रहा है। एक मैच ड्रॉ रहा। भारत के पास ऐसे में मनोवैज्ञानिक बढ़त होगी। भारत के कोच हरेंद्र सिंह पूल स्टेज में अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश हैं।

नई दिल्ली, बुधवार 10 सितंबर 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



जो भारतीय है, वही सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि विदेशियों ने जो कुछ भी अर्जित किया है, वह भारत और विश्व को लूटकर ही किया है। भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना। ऐसा नहीं था कि भारत समृद्ध देश नहीं था।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने देश के विभिन्न राज्यों में हो रही बारिश की वजह से गंगा के जलस्तर में बाढ़ की सम्भावनाओं के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर आज अपने प्रभारी जनपद मिर्जापुर के सदर तहसील के गोसाईपुरवा गांव का स्थलीय निरीक्षण किया।




## भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना है: आदित्यनाथ



बस्ती, (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि ''भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना है'', जबकि विदेशी देश भारत और दुनिया को लूटकर धन-संपत्ति बटोरते रहे।

आदित्यनाथ ने कहा, ''(पहले) एक प्रवृत्ति पनपी थी और गुलामी की मानसिकता ने देश को इस तरह जकड़ लिया था कि हर भारतीय को लगने लगा था कि एक भारतीय को नीची नजर से देखा जाना चाहिए, जबकि एक विदेशी को संपन्नता की नजर से देखा जाना चाहिए। आपने देखा होगा कि पिछले 11 वर्षों में इस बुरी प्रवृत्ति पर अंकुश लगा है।''

आदित्यनाथ ने बस्ती जिले में मंगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसहवा का भूमि पूजन, शिलान्यास, पौधरोपण व पुस्तक का विमोचन भी किया। एक बयान के मुताबिक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्कालीन प्रचारक नाना जी देशमुख के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर की पहली शाखा गोरखपुर में स्थापित की गई थी।

आदित्यनाथ सरस्वती शिशु मंदिर की आधारशिला रखने और उसका भूमिपूजन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

आदित्यनाथ ने कहा, ''जो भारतीय है, वही सर्वश्रेष्ठ है, क्योंकि विदेशियों ने जो कुछ भी अर्जित किया है, वह भारत और विश्व को लूटकर ही किया है। भारत अपनी मेहनत के बल पर समृद्ध बना। ऐसा नहीं था कि भारत समृद्ध देश नहीं था। चार सौ साल पहले, भारत दुनिया की नंबर एक अर्थव्यवस्था हुआ करता था।

उन्होंने कहा कि विश्व अर्थव्यवस्था में भारत का योगदान 25 प्रतिशत था, लेकिन दुर्भाग्य से, जब यह देश 1947 में आजाद हुआ, तो भारत का योगदान केवल दो प्रतिशत रह गया। उन्होंने कहा, ''भारत को लूटा गया, भारत को नोचा गया, भारत की विरासत के प्रतीकों को तोड़ा गया, अपमानित किया गया। भारत और भारतीयों के मन में यह भावना पैदा कर दी गई कि जो भी भारतीय है, वह अच्छा नहीं होगा। परिणामस्वरूप, हमने हिंदी और संस्कृत के बजाय अंग्रेजी को भारतीयता का प्रतीक बनाना शुरू कर दिया। भारत के महापुरुषों के बजाय, हमने भारत में दुनिया के उन लोगों को आदर्श मानना शुरू कर दिया, जो अपने देश में तो नायक हो सकते हैं, लेकिन भारत के नायक नहीं हो सकते।''

उन्होंने कहा कि भारत में अपनी परंपराओं और अपने प्रतीकों से दूर होने का दुष्परिणाम यह हुआ कि धीरे-धीरे भारत के नागरिकों को लगने लगा कि देश अब कभी आजाद नहीं होगा। उन्होंने कहा कि परिणाम यह हुआ कि जिस भारत के सामने दुनिया की कोई ताकत टिक नहीं सकती थी, वह भारत गुलाम हो गया। उन्होंने कहा कि भारत

**आदित्यनाथ ने बस्ती जिले में सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बसहवा का भूमि पूजन, शिलान्यास, पौधरोपण व पुस्तक का विमोचन भी किया।**

में किसी चीज की कमी नहीं थी, न तो ताकत की, न धन की, न ही बुद्धि की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के समर्थ, आत्मनिर्भर व शक्तिशाली होने की शुरुआत शिक्षा से होती है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में समृद्धि की चर्चा होती है तो पहला पैरामीटर शिक्षा, फिर स्वास्थ्य, उसके बाद कृषि-जल संसाधन, तब कौशल विकास व रोजगार होता है। उन्होंने कहा कि फिर पर्यावरण को ध्यान में रखकर विकास की बात होती है।

उन्होंने कहा कि आज का कार्यक्रम सुयोग्य नागरिकों को गढ़ने, तलाशने और तराशने का महत्वपूर्ण मंच शुरू करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से भारत के सुयोग्य नागरिक विकसित करने का मंच विकसित हो रहा है।

आदित्यनाथ ने कहा कि आज का समय प्रौद्योगिकी का है, इसे हम अपने अनुरूप ढाल सकें, समाज व देश के अनुरूप बना सकें। उन्होंने कहा कि जब दुनिया कोविड काल में पस्त थी, तब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत कोरोना प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत कर रहा था। उन्होंने कहा कि उसी समय भारत ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर व सुदूर दक्षिण में जाने पर विद्या भारती द्वारा संचालित कोई न कोई सरस्वती शिशु मंदिर व विद्या मंदिर मिलता है। उन्होंने कहा कि वहां के अध्ययनरत छात्र राष्ट्रीयता के भाव से ओतप्रोत होते हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जो कार्य सरकारों को करना चाहिए, उस दायित्व को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वीकारा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत सभी के जीवन का ध्येय होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित बस्ती, हर गांव-कस्बे को विकसित बनने की दिशा में प्रयास प्रारंभ करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो प्रदेश बीमारू व विकास की बाधा कहा जाता था, वही राज्य आठ वर्ष में भारत के विकास का 'ग्रोथ इंजन' बन गया है।

## हिमाचल प्रदेश: कुल्लू में भूस्खलन से एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत, तीन लोग घायल



**शिमला**, (भाषा) हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के निरमंड इलाके में भूस्खलन से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिले में 23 जगहों पर भूस्खलनों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 20 हो गई।

ग्राम पंचायत प्रधान भोगा राम ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात करीब डेढ़ बजे घाटू पंचायत के शरमानी गांव में बादल फटने से हुई बारिश के बाद भूस्खलन में दो घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

एक ही परिवार के पांच सदस्य शिव राम की पत्नी ब्रस्ती देवी (50), बेटा चुन्नी लाल (32), बहू अंजू (25) और पोती जागृति (आठ) व पोता भूपेश (पांच) मलबे में दब गए जबकि शिव राम, धर्म दास व उनकी पत्नी कला देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि ब्रस्ती देवी का शव सुबह जल्दी बरामद कर लिया गया जबकि अन्य के शव दिन के समय बरामद किए गए। प्रधान ने बताया कि घायलों को निरमंड अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि प्रशासन को इस घटना की सूचना दे दी गई और ग्रामीण सोमवार रात से ही खोज एवं बचाव कार्य में लगे हुए हैं।

उप-विभागीय मजिस्ट्रेट मनमोहन सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' से बातचीत में घटना में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त किया।

सुक्खू ने एक बयान में कहा कि सरकार प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता से खड़ी है। उन्होंने हर संभव सहायता प्रदान करने का वादा किया। सुक्खू ने बताया कि राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस साल 20 जून को मानसून की शुरुआत के बाद से हिमाचल प्रदेश में बारिश से जुड़ी घटनाओं और सड़क दुर्घटनाओं में कुल 378 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य को अब तक 4,156 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, इन 370 मौतों में से 205 वर्षाजनित घटनाओं के कारण हुईं, जिनमें 43 मौतें भूस्खलन से, 17 बादल फटने से और नौ अचानक आई बाढ़ से हुईं। कुल्लू में सोमवार तक भूस्खलन की 22 घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें सबसे अधिक 15 लोगों की जान गई है।

## राज्य सूचना आयुक्त ने किया सौर ऊर्जा संस्थान का उद्घाटन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



लखनऊ। राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने कहा कि समाज और देश के विकास में ग्रीन एनर्जी का व्यापक योगदान है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और ''मुक्त बिजली योजना'' का यही उद्देश्य है। इसका लाभ जन जन तक पहुँचना चाहिए। राज्य सूचना आयुक्त डॉ. दिलीप अग्निहोत्री और एडिशनल कमिश्नर जीएसटी यू डी द्विवेदी ने उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कॉरपोरेट ऑफिस का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सीईओ प्रदीप कुमार ने कंपनी की कार्य योजना से अवगत कराया। उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड का यह प्रयास सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और लोगों को स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह कंपनी सौर ऊर्जा से जुड़ी सभी आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

कंपनी ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह योजना न केवल ऊर्जा की स्वायत्तता को बढ़ावा देती है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है।

उद्घाटन समारोह में गन्ना निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी आनंद दुबे, डॉ.राघवेंद्र कंपनी के सह फाउंडर बृजनंदन चौबे, एडमिन रजत सहित कंपनी के कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

## उप राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा आंकड़ों में जीती, लेकिन उसकी नैतिक और राजनीतिक हार हुई: जयराम रमेश

नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि उप राष्ट्रपति चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही आंकड़ों के लिहाज से जीत गई है, लेकिन वास्तव में उसकी नैतिक और राजनीतिक दोनों हार हुई है।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने उप राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे घोषित होने के बाद यह भी कहा कि विपक्ष एकजुट रहा और उसका प्रदर्शन सम्मानजनक था।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष एकजुट रहा। इसका प्रदर्शन निस्संदेह अत्यंत सम्मानजनक रहा है। इसके संयुक्त उम्मीदवार न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) बी. सुदर्शन रेड्डी को 40 प्रतिशत वोट मिले। 2022 के उपराष्ट्रपति चुनाव में विपक्ष को 26 प्रतिशत वोट मिले थे।''



## राज्यपाल से मिले राज्य सूचना आयुक्त

लखनऊ। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल से आज राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने राज्यपाल को अपनी पुस्तक जनसूचना से जनसेवा राज्यपाल की संवैधानिक सक्रियता और आलेख संग्रह भेंट किया।

## नेपाल के घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा भारत: विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली, (भाषा) नेपाल में सरकार विरोधी जबर्दस्त प्रदर्शनों के बाद देश में राजनीतिक संकट गहराने के बीच भारत ने मंगलवार को कहा कि वह नेपाल के घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है और उम्मीद जताई कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों का समाधान हो जाएगा। नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने देश भर में बढ़ते सरकार विरोधी प्रदर्शनों के मद्देनजर इस्तीफा दे दिया। प्रदर्शनकारियों ने कई शीर्ष नेताओं के घरों, राजनीतिक दलों के मुख्यालयों पर हमला किया और यहां तक कि संसद भवन में भी तोड़फोड़ की गई।छात्रों के नेतृत्व वाले विरोध प्रदर्शन में, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध और कथित भ्रष्टाचार के प्रति अकर्मण्यता सहित कई मुद्दों को लेकर ओली सरकार के खिलाफ आम लोगों का बढ़ता आक्रोश झलक रहा है।

## अनिरुद्धाचार्य के पुतले पर महिलाओं ने बरसाईं चप्पलें




**वाराणसी**। वाराणसी में महिलाओं ने कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के पुतले पर चप्पल बरसाईं। एक किमी लंबा जुलूस निकाला।

'लड़कियां मुंह मारती हैं' वाले बयान पर कथावाचक अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ महिलाओं का गुस्सा थम नहीं रहा है।

वाराणसी में मंगलवार को महिलाओं ने अनिरुद्धाचार्य के खिलाफ जुलूस निकाला। उनके पुतले पर चप्पलें मारीं। फिर जमीन पर पटककर लातों से कुचला।

- वाराणसी में बोलीं– कथावाचक को अरेस्ट करें, पुलिस ने हाथ जोड़े

## जम्मू कश्मीर के पुंछ में जमीन धंसने से करीब 50 इमारतें क्षतिग्रस्त



मेंढर/जम्मू, नौ सितंबर (भाषा) जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में पहाड़ी की ढलान पर स्थित एक गांव में भूमि धंसाव से 50 आवासीय ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए जिनमें अधिकांश रिहायशी मकान थे। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

जम्मू कश्मीर के मंत्री जावेद अहमद राणा ने अपने मेंढर निर्वाचन क्षेत्र के प्रभावित कलाबन गांव का दौरा किया तथा प्रभावित लोगों को पर्याप्त राहत और पुनर्वास का आश्वासन दिया।अधिकारियों ने बताया कि भूमि धंसने से तीन स्कूल भवन, एक मस्जिद, एक कब्रिस्तान और गांव को जाने वाली सड़क भी क्षतिग्रस्त हो गई। यहां अब भी भूमि धंस रही है, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई है।

जल शक्ति, वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण तथा जनजातीय मामलों का प्रभार संभाल रहे राणा ने गांव में दौरा करते समय संवाददाताओं से कहा, ''यह मेरा पैतृक गांव है जो पिछले कुछ दिनों से भूमि धंसने की समस्या का सामना कर रहा है...हाल ही में पुंछ, राजौरी और कश्मीर के विभिन्न हिस्सों से भूमि धंसने की खबरें आई थीं, जो जाहिर तौर पर भारी बारिश के कारण हुई।''

उन्होंने कहा कि 25 से अधिक आवासीय मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 20 अन्य मकानों में दरारें आ गई हैं, जिससे वे असुरक्षित हो गए हैं।

मंत्री ने कहा, ''गांव की आधी आबादी, यानी करीब 700 लोग भूमि धंसने से प्रभावित हैं। मैंने सरकार की ओर से स्थानीय प्रशासन को प्रभावित आबादी के अस्थायी पुनर्वास और नियमों के अनुसार तत्काल राहत प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। उनके स्थायी पुनर्वास के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।''

मंत्री ने प्रभावित लोगों को उनके नुकसान के लिए पर्याप्त मुआवजा देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर जल निकासी की कमी ऐसी स्थिति का मुख्य कारण है तथा उन्होंने सड़क सहित किसी भी विकासात्मक परियोजना के कार्यान्वयन के दौरान सरकार की किसी भी कमी की पहचान करने में नागरिक समाज से सहयोग मांगा। राणा ने कहा, ''इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए जल निकासी आवश्यक है।''

पीड़ितों में से एक राशिद चौहान ने सरकारी मदद की भावुक अपील करते हुए कहा कि भूमि धंसने से वे बेघर हो गए हैं। उन्होंने कहा, ''हमने कंक्रीट के मकान बनाए थे जिनकी कीमत करोड़ों रुपये है लेकिन वे बर्बाद हो गए।'' उन्होंने राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों की प्रशंसा की, जिन्हें क्षतिग्रस्त मकानों से लोगों को निकालने में मदद के लिए गांव में तैनात किया गया था।

इससे पहले मेंढर के उप-मंडल मजिस्ट्रेट इमरान राशिद कटारिया ने बताया था कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए है और विस्थापित परिवारों को वैकल्पिक आवास उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नेपाल में जारी हिंसा के मद्देनजर उप्र के सात जिलों से सटी सीमाओं पर कड़ी चौकसी

लखनऊ (उप्र), (भाषा) पड़ोसी देश नेपाल की सरकार द्वारा विभिन्न सोशल मीडिया मंच पर प्रतिबंध लगाए जाने के खिलाफ वहां जारी हिंसक प्रदर्शनों के मद्देनजर सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के सात जिलों में चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के साथ उच्च स्तरीय सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गये हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार नेपाल की राजधानी काठमांडू सहित विभिन्न इलाकों में दूसरे दिन जारी हिंसक प्रदर्शनों को देखते हुए भारत-नेपाल के सीमावर्ती महराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी और पीलीभीत जिलों के सीमाओं की भी सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गयी है।

नेपाल सीमा से लगने वाले उप्र के इन सातों जिलों में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और स्थानीय पुलिस के अलावा खुफिया एजेंसियों को भी सतर्क कर दिया गया है।

## उपराज्यपाल, उमर ने कुलगाम मुठभेड़ में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी



श्रीनगर, नौ सितंबर (भाषा) जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कुलगाम जिले में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए दो जवानों को मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु सोमवार को आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर कहा, ''मुख्यमंत्री ने कुलगाम में शहीद हुए दो बहादुर सैनिकों को आज श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके अनुकरणीय साहस, अनुपम शौर्य और सर्वोच्च बलिदान को सदैव सम्मान और कृतज्ञता के साथ याद किया जाएगा।''

वहीं उपराज्यपाल सिन्हा ने कहा कि दोनों सैनिकों की वीरता और अदम्य साहस को हमेशा याद रखा जाएगा। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा, '' उपराज्यपाल ने कुलगाम में आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियानों में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर सैन्य कर्मियों सूबेदार प्रभात गौड़ और लेफ्टिनेंट कर्नल नरेंद्र सिंधु को श्रद्धांजलि अर्पित की।''

उपराज्यपाल ने एक बयान में कहा, ''मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। इस कठिन घड़ी में राष्ट्र उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।''

दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले में सोमवार को एक भीषण मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए, जिनमें से एक पाकिस्तानी नागरिक माना जा रहा है।

सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया जानकारी के आधार पर कुलगाम के गुडार वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया जो मुठभेड़ में तब्दील हो गया।

इस अभियान के दौरान दो सैनिक शहीद हो गए, जबकि सेना का एक मेजर घायल हो गया।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।